राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 पूर्व क्रिकेटर भज्जी क पत्नी गीता बसरा संग नया शो



पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की नजरबंदी शुरू 12


वर्ष : 13 | अंक : 70 | पटना, शुक्रवार, 20 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# पीएम मोदी आज सीवान में जनसभा को करेंगे संबोधित, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रातः किरण

पटना। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी तेज कर दी है। कई पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व का बिहार दौरा हो रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यानी शुक्रवार को सीवान जिले के पचरुखी प्रखंड के जसौली में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। सीवान प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक तैयारियों को लेकर बताया जा रहा है कि आमजनों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभा स्थल पर विशेष प्रवेश द्वार बनेगा। इन प्रवेश द्वारों पर आधुनिक मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे, जिससे होकर गुजरने के बाद ही लोग पंडाल में प्रवेश कर सकेंगे। इतना ही नहीं, हर गेट पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहेगी और लोगों की सघन तलाशी ली जाएगी। जिसके बाद ही एंट्री की अनुमति मिलेगी। किसी भी तरह की आपत्तिजनक वस्तु के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके साथ ही अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की गई है। तैयारियों को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित बिहार के संकल्प को उजागर करेंगे और भाई-भतीजावाद से मुक्ति का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि विकास के नायक हैं देश के प्रधानमंत्री।

**बिहार वासियों को वंदे भारत की सौगात**

रेलवे ने चंपारण और मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार को बड़ी सौगात दी है।अब गोरखपुर से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन



दौड़ेगी।जिसकी शुरूआत 20 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिवान में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से करेगे। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के साथ मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले के लोगो को कम समय में पटना पहुंचने में सहुलियत होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उद्घाटन स्पेशल बंदे भारत ट्रेन पाटलिपुत्र से रवाना होकर दोपहर दो बजे के करीब बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पहुंचेगी। जहां सांसद सह पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अगले स्टेशन के लिए रवाना करेंगे। बंदे भारत ट्रेन की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। वही इस ट्रेन को लेकर रेलवे बोर्ड ने समय सारणी जारी किया है। जिसके अनुसार, गाड़ी संख्या 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र बंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से सुबह 05:40 बजे खुलकर, 06:24 बजे कप्तानगंज, 07:05 बजे पनियहवा, 07:30 बजे बगहा, 08:05 बजे नरकटियागंज, 08:35 बजे बेतिया, 08:50 बजे सुगौली,, 9:08 बजे बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, 10:50 11:40 बजे हाजीपुर होते हुए दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर बंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 02:25 बजे पाटलिपुत्र से खुलकर 03:00 बजे हाजीपुर, 03:55 बजे मुजफ्फरपुर, शाम 05:38 बजे बापूधाम मोतिहारी, 06:05 बजे बेतिया, 06:33 बजे नरकटियागंज, 07:02 बजे बगहा, 07:50 बजे पनियहवा, 08:24 बजे कप्तानगंज होते हुए रात्रि 09:35 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। शनिवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 55 के हुए राहुल गांधी, मोदी, खडगे सहित अन्य नेताओं ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके 55वें जन्मदिन पर शुभकामानएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्ললोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। ईश्वर उन्हें दीघार्यु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। संविधान के मूल्यों के प्रति आपकी अप्रतिम निष्ठा और उन लाखों लोगों के लिए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के प्रति आपकी गहरी संवेदना, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है, आपको सबसे अलग बनाती है। आपके कार्य निरंतर कांग्रेस पार्टी की विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा की विचारधारा को दशार्ते हैं। मैं आपके लंबे, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें। वहीं, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

### प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी करने के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स से मुलाकात की। दोनों देशों ने ऊर्जा, आईटी और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और साइप्रस के बीच दोहरे कराधान से बचाव समेत तीन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की और आपसी व्यापार, शिक्षा एवं सुरक्षा के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने टोरंटो में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम है। कनाडा के साथ अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े समझौतों को भी अंतिम रूप दिया गया। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री क्रोएशिया पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच और प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेंकोविच से बातचीत की। इस दौरान योग, आयुर्वेद और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत विश्व मंच पर अपनी मजबूत स्थिति स्थापित कर रहा है।

सीएम ने पुलिस के उपयोग हेतु 520 चार पहिया एवं 98 दो पहिया वाहनों का किया लोकार्पण

# राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता व दक्षता और बढ़ेगी : नीतीश

## बोलें–विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पुलिस के उपयोग हेतु 520 चार पहिया एवं 98 दो पहिया वाहनों का लोकार्पण किया और इस दौरान उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता तथा दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

**गाड़ियों में आधुनिक सुविधाएं**



ये सभी गाड़ियां बिहार पुलिस को दी जाएंगी और सभी गाड़ियों में कई अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी जिसमें हाईस्पीड पर चालान काटने की सुविधा भी शामिल है। इसके अलावा सभी गाड़ियां नए तरीके से डिजाइन है। ये गाड़ियां पटना पुलिस और पूरे बिहार के अन्य ज़िलों के पुलिस को दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, अपर पुलिस महानिदेशक, स्पेशल ब्रांच सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय कुंदन कृष्णन, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रोविजनिंग अजिताभकुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पुलिस महानिदेशक, पटना रेंज गरिमा मलिक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

नीट पेपर लीक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई

# नीट पेपर लीक केस : पटना व रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी

प्रातः किरण/एजेंसी



रांची/पटना। साल 2024 के नीट पेपर लीक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार सुबह रांची के बरियातू, बिहार के पटना, और नालंदा में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार, पेपर लीक के मास्टरमाइंड बिहार निवासी संजीव मुखिया, उसके कई रिश्तेदार और करीबी इस मामले में ईडी की जांच के दायरे में हैं। पेपर लीक के मामले में चल रही सीबीआई जांच में बड़े पैमाने पर रकम के लेनदेन का मामला उजागर होने के बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। संजीव के घर छापेमारी की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर पहुंच गए और वहां मौजूद ईडी के एक अधिकारी का फोन भी छीन लिया गया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने लोगों को समझा कर वहां से हटाया और अधिकारी का मोबाइल वापस दिलवाया। संजीव मुखिया पेपर लीक मामले में ही अभी जेल में बंद है। ईडी ने रांची के बरियातू इलाके में मुखिया के करीबी सिकंदर प्रसाद यादवेंद्र से जुड़े घरों और कार्यालयों की तलाशी ली और पटना में यादवेंद्र के बेटे डॉ शिव के घरों और कार्यालयों की तलाशी ली। नालंदा में भी समानांतर छापेमारी की गई है। मई 2024 में मेडिकल के यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के बाद पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद इस मामले की जांच सबसे पहले पटना की आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। जांच में इस मामले के मास्टरमाइंड के रूप में संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, जिसे 24-25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। जानकारी के अनुसार, ईडी ने गुरुवार को रांची में संजीव मुखिया के करीबी सिकंदर प्रसाद यादवेंद्र और पटना में उसके बेटे डॉ. शिव के ठिकानों पर दबिश दी है। इस पेपर लीक में सीबीआई ने पिछले साल झारखंड के हजारीबाग से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल मो. इम्तियाज, एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन और एक गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की जांच में इसके पुख्ता साक्ष्य सामने आए हैं कि नीट-यूजी के पेपर हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल स्थित सेंटर से लीक किए गए थे। यहीं से पेपर पटना भेजा गया था, जहां एक हॉस्टल में कई छात्रों से मोटी रकम लेकर न सिर्फ पेपर उपलब्ध कराए गए थे, बल्कि उनके उत्तर भी रटवाए गए थे।

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद सरकार सख्त, डीजीसीए ने जारी की नई गाइड लाइन

प्रातः किरण/एजेंसी

अहमदाबाद। अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अहम फैसले लिए हैं। जिसके तहत केंद्र सरकार ने एयरपोर्ट्स के आसपास ऊंची इमारतों या किसी भी अन्य स्ट्रक्चर्स के कारण होने वाली दुर्घटना को रोकने के मकसद से नई गाइड लाइन जारी की है। एयर इंडिया बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की भीषण दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नए मसौदा नियम जारी किए हैं। जिनका उद्देश्य विमान सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करने वाली भौतिक संरचनाओं पर नियंत्रण कड़ा करना है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय विमान (भवनों और वृक्षों आदि के कारण उत्पन्न अवरोधों का विध्वंस) नियम, 2025 जारी किया है जो आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगा। ये नियम अधिकारियों को नामित हवाई क्षेत्रों में स्वीकृत ऊंचाई सीमा से अधिक ऊंची इमारतों, पेड़ों और अन्य संरचनाओं के खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई के लिए सशक्त बनाने के लिए बनाए गए हैं।

इस पहल को विमान सुरक्षा बढ़ाने तथा विमान उड़ान पथ में अवरोधों के कारण भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सक्रिय कदम के रूप में देखा जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के तहत अधिसूचित हवाई अड्डों के आसपास स्वीकृत ऊंचाई से अधिक संरचना को प्रभारी अधिकारी द्वारा नोटिस दिया जाएगा।

# पटना के पॉश इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष प्रतिदिन सरकार को घेरने में जुटा है। इस बीच, अपराधी भी प्रतिदिन कोई न कोई घटना के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। गुरुवार को अपराधियों ने प्रदेश की राजधानी पटना के पॉश इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग कर पुलिस को चुनौती दी है। बताया जा रहा है कि पटना के पॉश इलाके पोलो रोड में फायरिंग की घटना हुई। इस रोड में विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव सहित कई मंत्रियों के घर हैं। बताया जाता है कि अपराधी हत्या की नीयत से आए थे, जब उनका निशाना चूक गया तो वे फरार हो गए। कुछ लोगों का कहना है कि अपराधी छिनतई की घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। जब राहगीर ने इसका विरोध किया तो गोली चला दी। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस का कहना है कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, जिससे हमलावरों की पहचान करने में मदद मिल सके। बताया गया कि दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधी गिरफ्तार हो जाएंगे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए इलाके में सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि और जानकारी मिल सके। घटनास्थल पर मौजूद राहुल के बड़े भाई दिलीप कुमार ने बताया कि पास के ही कौशलनगर में उनका आवास



है और प्रतिदिन इसी रास्ते से उनका का आना-जाना होता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही घटना हुई, हमने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल पहुंच गई और जांच में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि राहुल प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। जब पोलो रोड पहुंचे, तब दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने अपना मोबाइल और वॉलेट दे दिया। लेकिन, अपराधियों ने गोली चला दी। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

### तेजस्वी का आरोप – मेरे आवास के बाहर गोली चली या चलवाई गई

पटना। बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके पोलो रोड में फायरिंग की घटना को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस घटना को लेकर राज्य की नीतीश कुमार सरकार को घेरा और कई गंभीर आरोप लगाए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज मेरे आवास के बाहर गोली चली या चलवाई गई है। एनडीए के राज में सत्ता संरक्षित अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि अपराधी हाई सिक्योरिटी जोन में खुलेआम फायरिंग करते घूम रहे हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज मेरे आवास के बाहर गोली चलाई/चलवाई गई है। एनडीए के राक्षस राज में सत्ता संरक्षित अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि अपराधी हाई सिक्योरिटी जोन में कुछ ही दूरी पर जहां राज्यपाल आवास राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, नेता प्रतिपक्ष आवास, न्यायाधीश आवास और एयरपोर्ट है, वहां खूंखार अपराधी खुलेआम फायरिंग करते घूम रहे हैं। खबरदार! कोई इसे जंगलराज कहेगा तो? वैसे भी कल प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं इसलिए गोदी मीडिया को सकारात्मक छवि बनाए रखनी है।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिकों का किया स्वागत

# ऑपरेशन सिंधु: ईरान में फंसे 110 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच गुरुवार को ईरान से 110 भारतीय नागरिकों को निकाला गया, जिनमें जम्मू-कश्मीर के 90 छात्र शामिल हैं। अपने देश सुरक्षित लौटने के बाद इन सभी ने भारत सरकार, ईरान और आर्मेनिया में भारतीय दूतावासों को धन्यवाद दिया। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से सफलतापूर्वक निकाले गए 110 भारतीय नागरिकों को लेकर पहली उड़ान नई दिल्ली पहुंची है। सभी भारतीय नागरिकों को इंडिगो की उड़ान 6ई 9487 से दिल्ली लाया गया। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर निकाले



गए भारतीय नागरिकों का स्वागत किया। ईरान के उर्मिया मेडिकल विश्वविद्यालय से 110 भारतीय छात्रों को लेकर उड़ान नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर उतरी। नई दिल्ली पहुंचे भारतीयों का स्वागत करने के बाद, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, ह्लहमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। आज एक और विमान जाएगा और हमारे मिशन ने निकासी के किसी भी अनुरोध के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन खोली है। जैसे-जैसे स्थिति विकसित होगी, हम ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और अधिक विमान और अधिक चार्टर्ड उड़ानें भेजेंगे। ईरान-इजरायल में बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच ईरान से नई दिल्ली पहुंचने के बाद अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए, एक छात्र ने बताया, ह्लस्थिति बेहद खतरनाक थी। हम डरे हुए थे। हमने ड्रोन देखे, घायल लोग देखे। इंटरनेट बंद था, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, लेकिन भारत सरकार हमें सुरक्षित घर ले आई। उन्हें सलाम है, उन्होंने एक अविश्वसनीय कदम उठाया है। हमें वास्तव में गर्व है। हम भारतीय हैं, और भारत ने हमें सुरक्षित बाहर निकाला।भारत ने ईरान-इजरायल में बढ़ते तनाव के बीच ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। जम्मू और कश्मीर के 90 छात्रों सहित 110 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था गुरुवार की सुबह नई दिल्ली पहुंचा है। छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते निकाला गया, जिसमें ईरान और आर्मेनिया में लोगों को भारतीय मिशन की देखरेख में सड़क मार्ग से अर्मेनियाई राजधानी येरेवन तक पहुंचाया गया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार शाम को पुष्टि की है कि भारतीय दूतावास के समन्वय से तेहरान में रहने वाले भारतीय छात्रों को शहर से सुरक्षित निकाल लिया गया है। विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संपर्क में रहें।

# भारतीय संविधान की 75 वर्षों की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी: गवई

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने भारतीय संविधान के पिछले 75 वर्षों की यात्रा को महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी करार देते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में इस अवधि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने इटली के प्रमुख शहर मिलान में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा, भूमि और कृषि सुधारों ने सामंती संरचनाओं को खत्म करने, जड़ जमाए पदानुक्रमों की जकड़न को तोड़ने और भूमि और आजीविका तक पहुंच को फिर से वितरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनगिनत भूमिहीन और हाशिए पर पड़े व्यक्तियों, विशेष रूप से उत्पीड़ित जातियों और समुदायों के लिए ये सुधार आर्थिक स्वतंत्रता और सम्मान हासिल करने का पहला वास्तविक अवसर था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं को संबोधित किए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, सामाजिक-आर्थिक न्याय दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए एक व्यावहारिक आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने स्वतंत्रता के बाद से किए गए न्यायिक और विधायी उपायों की सूची पर प्रकाश डाला।

# मां गंगा की प्रतिमा खंडित होने पर आक्रोशितों ने विरोध में निकाला मार्च, आयोजकों का पुतला जलाया गया

## पुलिस प्रशासन से आयोजकों पर कार्रवाई करने व आगे किसी भी आयोजन करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। सनातनी गंगा फाउंडेशन, आईडीपीटीएस एवं गंगा सेवादल समन्वय समिति द्वारा विगत पांच से 16 जून तक स्थानीय कंगन घाट में आयोजित बिहार सांस्कृतिक गौरव गंग कला आरती का आयोजन किया गया। इसके समापन के बाद बुधवार को अपराह्न में करीब 41 फीट के मां गंगा की प्रतिमा को विसर्जन नहीं कर प्रतिमा को जेसीबी की मदद से उठाया गया, जिससे प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने इसका फोटो और वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से वायरल कर दिया इसके बाद लोगों की खास मिश्रित प्रतिक्रियाएं आयोजकों के खिलाफ आई है। इसके खिलाफ लोगों ने आक्रोश मार्च निकालकर आयोजकों का पुतला सहित भगत सिंह चौक पर जलने का काम किया। कंगन घाट, झाऊगंज घाट एवं हीरानंद साह घाट



पर सर्वत्र कचरा बिखरा है। इससे घाट पर जा रहे श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है इतना ही नहीं, आयोजकों द्वारा कचरा को भी धृष्टतापूर्वक गंगा में प्रवाहित किया जा रहा है। दुखद एवं अफसोसजनक है कि स्थल पर बनाई गई मां गंगा की 36 से 41 फीट ऊंची प्रतिमा को आयोजन के बाद उपेक्षित छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों के दबाव में मूर्ति विसर्जन का कार्य भी जैसे-तैसे संपन्न हुआ। विसर्जन की शास्त्रसम्मत परंपरा है, पर सनातनी गंगा फाउंडेशन, आईडीपीटीएस एवं गंगा सेवादल समन्वय समिति, कंगन घाट के पदाधिकारियों ने पहले मां गंगा की प्रतिमा को जेसीबी से खंडित किया और उसके बाद गंगा में प्रवाहित कर दिया। उक्त घटना का वीडियो वायरल होने के बाद आहत एवं आक्रोशित श्रद्धालु नर-नारी घटना के विरोध में हाथों में दर्जनों सन्देशयुक्त तख्तियां लिए आक्रोश मार्च में शामिल हुए। यह मार्च स्थानीय कंगन घाट से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक पर जाकर समाप्त हुआ। इसमें दोषियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा घटना का संज्ञान लेने और समुचित कार्रवाई करने को दोषियों का पुतला दहन किया गया। उन सबों के खिलाफ नारे भी लगाए गए। मार्च में शामिल पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता ने कहा कि न केवल विसर्जन दोषपूर्ण रहा, बल्कि मूर्ति की स्थापना के बाद न प्राण-प्रतिष्ठा की गई और न ही नियमित रूप से पूजन हुआ। कंगन घाट के स्थानीय समाजसेवी वकील राय ने आयोजकों पर दोष मढ़ते हुए आरोप लगाया है कि पूरा आयोजन सात्विकता से रहित मेले-ठेले में तब्दील कर दिया गया और धार्मिक आयोजन को रुपया कमाने का माध्यम बना दिया गया।

इसमें पार्किंग, झूले वाले, यहां तक की छोटे दुकानदारों एवं ठेले-खुमचेवाले से भी रुपए वसूले गए। समाजसेवी शशांत कुमार ने आरोप लगाया कि न नकारे आयोजकों ने सहयोगी व सहभागी रहे बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पर्यटन विभाग तथा पटना नगर निगम की प्रतिष्ठा पर भी बट्टा लगाया है। आक्रोशित श्रद्धालुओं ने समवेत प्रशासन से दोषी एवं लांछित आयोजकों को भविष्य में कंगन घाट पर किसी तरह के धार्मिक आयोजन करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आक्रोश मार्च एवं पुतला दहन में नरेश गुप्ता, प्रफुल्ल पांडेय, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, विजय कुमार गुप्ता, पूर्व पार्षद विनोद गुप्ता, विनय कुमार बिट्टू, कुणाल राणा, अजीत कुमार, संजय मालाकार, वकील राय, अरविंद सिंह, श्लोक राय, नागदेव पहलवान, मंजू देवी, ललिता देवी, शकुंतला देवी, प्रेमलता, विजय सिंह यादव, लालबाबू राय, धर्मेंद्र राय, नगीना राय, रामप्रवेश राय, राजीव राय, संजय यादव, मोनित राज, शम्मी कपूर, पिंकू शुक्ला, दिव्य सुंदर मिश्र आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# गोली मारने पहुंचे दो लोगों को पकड़ कर की गई पिटाई, भागने में सफल, मामला दर्ज

## एक देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, 8 गोली व मोटरसाइकिल जब्त

प्रातः किरण संवाददाता



थाना पर आपबीती बताते दो भाई

पटना सिटी। आलमगंज थाना क्षेत्र के माखनपुर ईदगाह के पास घर के बाहर दरवाजे पर बैठे व्यक्ति पर बाइक सवार दो अपराधियों ने पिस्टल ताना, मगर गोली नहीं चल पाई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर डाली। हालांकि किसी तरीके से दोनों भागने में सफल रहे। भागते अपराधियों का हथियार, गोली और मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छूट गया। स्थानीय लोगों ने की सूचना पर पहुंची आलमगंज थाना की पुलिस ने सभी सामान को जब्त किया। इस संबंध में आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि माखनपुर ईदगाह के रहने वाले सुधीर कुमार के द्वारा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम दरवाजे पर वह, उनकी मां और एक अन्य महिला बैठी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उधर से गुजरा और उस पर पिस्तौल तान कर ट्रिगर दबाने लगा। संयोग से गोली नहीं चली। इसके द्वारा शोर किए जाने पर स्थानीय लोग जुट गए और खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों की पिटाई की गई। मगर पिटाई के दौरान ही दोनों किसी तरह से भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान एक देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, आठ गोली और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन, इंजन और चेचिस नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता किया गया है। घटनास्थल के आसपास रहे सीसीटीवी को खंगाला गया है। इसमें दो लोगों का चेहरा दिख रहा है। हालांकि वह पड़ोस के ही थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उक्त थाना की पुलिस से भी मदद ली गई है। दोनों के गिरफ्तार होने के बाद ही घटना का कारण पता चल सकेगा। हालांकि इस संबंध में संजीव कुमार एवं सुधीर कुमार ने बताया कि वह तीन भाई हैं और पड़ोस के ही अरविंद प्रसाद से पिछले पांच साल से जमीन से संबंधित विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में भी फैसले के लिए लंबित है। पुलिस का कहना है कि जिस पड़ोसी के संबंध में मामला दर्ज करने वाले के द्वारा बताया जा रहा है, उससे भी पूछताछ की गई है। दरअसल दोनों के गिरफ्तार होने के साथ ही घटना पर से पर्दा हट सकेगा।

# पटना-गया रेलखंड पर चलने वाली 03 पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव के समय में संशोधन

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर : तत्काल प्रभाव से पटना-गया रेलखंड पर चलने वाली निम्नलिखित 03 पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव समय में संशोधन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है ।1.गाड़ी सं. 63251 पटना-गया मेमू पैसेंजर अब पटना से 13.45 बजे के बजाए 14.30 बजे ही खुलेगी तथा संशोधित समयानुसार 14.53 बजे पुनपुन, 15.20 बजे तारेगना, 15.52 बजे जहानाबाद, 16.17 बजे टेहटा, 16.35 बजे बेला सहित विभिन्न



स्टेशनों पर रूकते हुए 16.55 बजे के बजाए 17.30 बजे गया पहुंचेगी । 2.गाड़ी सं. 03667 पटना-गया स्पेशल अब पटना से 10.30 बजे के बजाए 09.30 बजे ही खुलेगी तथा संशोधित समयानुसार 09.56 बजे पुनपुन, 10.26 बजे तारेगना, 11.03 बजे जहानाबाद, 11.27 बजे टेहटा, 11.55 बजे बेला सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 13.40 बजे के बजाए 13.15 बजे ही गया पहुंचेगी । 3.गाड़ी सं. 03656 गया-पटना स्पेशल अब गया से 07.10 बजे के बजाए 05.20 बजे ही खुलेगी तथा संशोधित समयानुसार 05.43 बजे बेला, 06.02 बजे टेहटा, 06.14 बजे जहानाबाद, 06.43 बजे तारेगना, 07.18 बजे पुनपुन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 09.20 बजे के बजाए 08.15 बजे ही पटना जं. पहुंचेगी । उपरोक्त ट्रेनों के ठहराव, समय-सारणी की विस्तृत जानकारी 139 या ठळएर से प्राप्त की जा सकती है।

# बसियौरा में अष्टमी पर मां शीतला की पूजा को उमड़ी भीड़

## अगमकुंआ में लोगों को वाहन पार्किंग में मुश्किल, अतिक्रमण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में गुरुवार को शीतला अष्टमी पर माता शीतला की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी जयप्रकाश, अमरनाथ बबलू, मनोज, श्रीमाली उर्फ छोटू पुजारी, प्रबंधक पंकज पुजारी व सुनील पुजारी ने बताया कि मंदिर में बसियौरा मेला में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी थी। अष्टमी पूजन की विशेष महत्ता है। शुक्रवार को नवमी पूजन के साथ तीन दिनों के शीतला माता का विशेष



पूजन का समापन होगा। इस दौरान शहर व गांव से आए लोगों की भीड़ जुटी थी। भक्तों की भीड़ से वहां उत्सव का माहौल बना था। दरअसल बसियारा के तीन दिनों में पटना के मूल वास शिंदे चाहे वह शहर में रहे या गांव में वह सब रात में रात जगा कर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाते हैं सुबह शीतला माता मंदिर जाकर इस बासी भोजन का भगवती शीतल को भोग लगाने के बाद स्वयं को प्रसाद रूप में ग्रहण करते हैं इसके बाद घर जाकर परिजनों पड़ोसियों वरिष्ठ मित्रों के साथ भी प्रसाद प्रदान करते हैं। मान्यता है कि बरसात के दौरान आषाढ़, सावन व भादो मास में विभिन्न बीमारियों का प्रकोप होता है। इन घातक बीमारियों के प्रकोप से बचने के लिए ही लोग शीतला माता की पूजा और आराधना करते हैं। हालांकि मंदिर के बाहर पूजा सामग्री बेचने वाले ठेला, विभिन्न ऑटो व ई रिक्शा के अवैध पार्किंग के कारण श्रद्धालुओं का निजी वाहन लगाना मुश्किल होता है। यहां तक कि मंदिर में प्रवेश करने और बाहर निकलने में भी जद्दोजहद करना पड़ता है।

# केनरा बैंक ने तख्तश्री पटना साहिब को बोलेरो वाहन किया प्रदान

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के प्रयास से समय-समय पर विभिन्न बैंकों के द्वारा सीएसआर फंड के तहत बस और वाहन दी जा चुकी है या दी जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को केनरा बैंक के द्वारा संगत की सुविधा को एक बोलेरो वाहन तख्तश्री पटना साहिब में भेंट की गई। इस दौरान केनरा बैंक के एक्जीकयूटिव डायरेक्टर हरदीप सिंह अहलुवालिया ने विषेष तौर पर पहुंचकर गाड़ी की चाबी तख्त साहिब के प्रबंधकों के सौंपने का काम किया। इस दौरान तख्तश्री पटना साहिब के एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दलीप सिंह के द्वारा अरदास की गई। ज्ञानी दिलीप सिंह के द्वारा सरदार हरदीप सिंह अहलुवालिया को सिरोपा प्रदान किया गया। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, सचिव हरबंश सिंह, धर्म प्रचार कमेटी के




चेयरमैन महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लन, प्रवक्ता हरपाल सिंह जौहल, सतनाम सिंह बग्गा के द्वारा केनरा बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानिन्त किया गया। मौके पर अधीक्षक दलजीत सिंह, लेखापाल देवेंद्र सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही सहित उनकी टीम के द्वारा केनरा बैंक का आभार प्रकट किया गया, जिनके द्वारा सीएसआर फंड के तहत बोलेरो वाहन प्रदान की गई। इसे संगत की सुविधा में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी अनेक बैंकों के द्वारा इसी प्रकार तख्त साहिब की कमेटी को बस और वाहन आदि भेंट की गई हैं और उम्मीद की जाती है कि भविष्य में भी गाड़ियां आदि सीएसआर फंड के तहत ली जाएंगी।

# पटना घाटव पटना साहिब स्टेशन अगले साल मार्च तक तैयार : नंदकिशोर

■ 56 करोड़ की लागत से बन रहा जेपी गंगा पथ को एनएच 30 से जोड़ेगा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने गुरुवार को 56 करोड़ की लागत से पटना घाट से पटना साहिब रेलवे स्टेशन के बीच बन रहे सड़क का निरीक्षण किया। जेपी गंगा पथ का एनएच-30 के बीच संपर्कता वाली इस सड़क का निर्माण अगले वर्ष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान श्री यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पटना घाट से पटना साहिब स्टेशन के बीच रेल पटरी को हटा कर पथ का निर्माण किया जा रहा है। डेढ़ किलोमीटर लंबी यह सड़क उत्तर में यह गंगा नदी के किनारे जेपी गंगा पथ से जुड़ेगी, तो दक्षिण में इसकी संपर्कता पटना साहिब स्टेशन होते हुए नेशनल हाइवे 30 से होगी। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार एवं रेल मंत्रालय के बीच हार्डिंग पार्क स्थित राज्य सरकार की



4.8009 एकड़ जमीन के बदले रेलवे की पटना घाट से पटना साहिब स्टेशन के बीच की 18.5913 एकड़ जमीन का परस्पर आदान-प्रदान कर निर्माण कराया जा रहा है। इस पथ के बन जाने से पश्चिम में दीघा से वाहन बगैर शहर में प्रवेश किए एनएच-30 पर आ जायेंगे। इससे पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधा तो होगी ही, मारूफगंज एवं मंसूरगंज मंडी में गुड्स के आने-जाने में भी काफी सहूलियत होगी। आसपास के इलाके की संपर्कता भी इस पथ से हो जाएगी। इस पथ के निर्माण से स्थानीय लोगों में खासा खुशी है।

इस अवसर पर निगम पार्षद विनोद कुमार, अंजली राय, भाजपा नेता विनय केशरी, सुरेश सिंह पटेल, राजेश साह, संजय सिंह, अनिता पांडेय, मनोज यादव, मनोज साह, जितेंद्र मेहता, महेश पासवान, संजीव यादव, किशोरी जी, मनोज केशरी, नरेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

## दानापुर स्टेशन से अपहृता नाबालिग बच्ची को बरामद कर लिया गया

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के पंचशील नगर में अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने छानबीन करते हुए सीसीटीवी के आधार पर दानापुर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। पुलिस ने नाबालिंग के साथ मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया। जिसे पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में 16 जून को मामला दर्ज कराया था। बताया जाता है कि 16 जून को पंचशीलनगर से एक नाबालिग बच्ची के अगवा किये जाने का शिकायत दर्ज कराया गया था। छानबीन में सीसीटीवी फूटेज में कुछ लड़कों के द्वारा लड़की को कार में बैठाया जाने की बात सामने आयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर बैज्ञानिक अनुसंधान व सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन एवं तकनीकि साक्ष्य के आधार पर अपहृता नाबालिंग बच्ची एवं मुख्य आरोपी को दानापुर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। गिरफ्तार युवक श्याम कुमार मुलरूप से नौबतपुर के अजवां का रहने वाला है। जो दानापुर के पंचशीलनगर गांधी लेन नंबर 4 में किराया पर रहता है। पुलिस बच्ची के बयान कराने की कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतित होता है।

## चेकिंग के दौरान स्कूटी की डिक्की से एक कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने आरओबी के निकट वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी के डिक्की से एक कट्टा बरामद किया। पुलिस ने स्कूटी सवार शबरीनगर निवासी आकाश को गिरफ्तार किया। पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीते रात रूपसपुर पुलिस अपराध नियंत्रण को लेकर रूपसपुर आरओबी के निकट वाहन चेकिंग के दौरान दीघा की ओर से तेज गति से आ रही स्कूटी को पुलिस ने रोका। पुलिस को देख वो निकलने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने स्कूटी की जांच करते हुए डिक्की खुलवाया तो उसमें एक कट्टा बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने स्कूटी सवार को धड़ दबोचा। पकड़ाये गये स्कूटी सवार की पहचान थाना क्षेत्र के शबरीनगर निवासी आकाश कुमार के रूप में किया गया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से भी एक कट्टा बरामद किया। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान रूपसपुर आरओबी के निकट एक स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया गया। स्कूटी के डिक्की एवं गिरफ्तार आकाश के घर से दो कट्टा बरामद किया गया। दोनों कट्टा और स्कूटी जब्त करते हुए गिरफ्तार आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# पटना में एक और विश्वस्तरीय इंडोर स्टेडियम का होगा निर्माण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। गोपाल विद्यार्थी पटना में शीघ्र ही एक और विश्वस्तरीय बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण होने वाला है। उक्त बाबत जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा पाटलिपुत्र खेल परिसर के भीतर एक और अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है ।2,877.98 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र में फैले इस स्टेडियम में 41 फीट की ऊँचाई वाला एक बहुउद्देशीय हॉल होगा, जिसे वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और अन्य इनडोर खेलों के लिए डिजाइन किया गया है। एक समर्पित उपयोगिता भवन में शौचालय, चेंजिंग रूम, वार्म-अप जोन, प्रशासनिक कार्यालय, स्वागत क्षेत्र और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। श्री शंकरण ने आगे बताया कि स्टेडियम का निर्माण प्रीफैब्रिकेटेड स्टील संरचनाओं का उपयोग करके किया जाएगा, जिसमें उन्नत छत और दीवार पैनल होंगे, जो ऊर्जा संरक्षण के साथ स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। इस स्टेडियम के डिजाइन में वर्षा जल संचयन, एलईडी लाइटिंग और टिकाऊ सिस्टम सहित हरित भवन सिद्धांतों को शामिल किया गया है। स्टेडियम में 25,000 वर्ग फीट लकड़ी के फर्श वाले हॉल को अत्याधुनिक साउंड और ऑडियो वीडियो प्रणाली युक्त प्रसारण के लिए तैयार समुचित और स्तरीय प्रकाश व्यवस्था के साथ बनाया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार फर्नीचर और खेल उपकरण लगाए जाएंगे। विद्युत सबस्टेशन, यूपीएस बैकअप और सीसीटीवी निगरानी के अलावा ऊर्जा संरक्षण के लिए स्मार्ट लाइटिंग और ऑटोमेशन सिस्टम की भी व्यवस्था रहेगी। इस परियोजना को ईपीसी अनुबंध के तहत क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें मिट्टी परीक्षण और संरचनात्मक डिजाइन से लेकर निर्माण और कमीशनिंग तक सब कुछ शामिल होगा। सभी वैधानिक अनुमोदन और संरचनात्मक जांच ठेकेदार द्वारा की जाएगी, जिसकी देखरेख आईआईटी व एनआईटी विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। स्टेडियम परियोजना का कुल बजट 21.2 करोड़ अनुमानित है जिससे पटना इनडोर खेलों की उत्कृष्टता का केंद्र बन जाएगा। बिहार में राजगीर खेल अकादमी और स्टेडियम के अलावा पटना में भी विश्व स्तरीय इंडोर स्टेडियम की व्यवस्था हो जाने से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को बिहार में और बेहतर ढंग से आयोजित करने में काफी सहूलियत हो जाएगी।

# एससीईआरटी में दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद , बिहार के सभागार में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला की शुरूआत हुई, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी ) एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और क्रियाशील शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव अजय कुमार यादव, सचिव दिनेश कुमार, और निदेशक, प्राथमिक शिक्षा सहिला सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि, एससीईआरटी की भूमिका शिक्षा सुधार में लगातार प्रभावशाली होती जा रही है। ज़िलों में शिक्षा के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण और गुणवत्ता पर विशेष बल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बजट में वृद्धि के साथ राज्य सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है – अब जरूरत है कि विद्यालय स्तर तक बदलाव दिखे। उन्होंने उ्ए्ड२ को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और शिक्षा को समाज की आकांक्षाओं से जोड़ें।अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने अपने संबोधन में कहा कि, बीते एक वर्ष में राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन हमें और आगे बढ़ना है। समर वेकेशन के बाद जब विद्यालय दोबारा खुलें, तब विद्यालय तैयार हों – यह हम सबकी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए – हमें यानी व्यवहारिक ज्ञान, को समृद्ध करना होगा।

डॉ. सिद्धार्थ ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे बच्चों के सीखने के स्तर को समझें, डेटा का सक्रिय उपयोग करें, और योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करें।कार्यशाला में नई शिक्षा नीति 2020, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान, समग्र शिक्षा, ढट श्री स्कूल, वोकेशनल एजुकेशन, अटल टिंकरिंग लैब, उ्इळ एवं टउ्ट की कार्यान्वयन रणनीति जैसे विषयों पर चर्चा की गई ।

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा द्वारा कार्यशाला के अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

यह कार्यशाला शिक्षा व्यवस्था को एकीकृत दृष्टिकोण से देखने और नीतियों को जिलों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रयास है, जिससे हर विद्यार्थी तक गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# एससीईआरटी में दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

## शिक्षा सुधार में एससीईआरटी की भूमिका लगातार प्रभावशाली होती जा रही : शिक्षा मंत्री

पटना : गोपाल विद्यार्थी राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में गुरुवार से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला की शुरूआत हुई, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सम्मिलित हुए। राज्य में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और क्रियाशील शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित उक्त कार्यशाला में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव अजय कुमार यादव, सचिव दिनेश कुमार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक सहिला सहित कई वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे ।कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा सुधार में एससीईआरटी की भूमिका लगातार प्रभावशाली होती जा रही है । ज़िलों में शिक्षा के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण और गुणवत्ता पर विशेष बल आवश्यक है । उन्होंने कहा कि शिक्षा बजट में वृद्धि के साथ राज्य सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है अब जरूरत है कि विद्यालय स्तर तक बदलाव दिखे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और शिक्षा को समाज की आकांक्षाओं से जोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया है । वहीं अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा कि बीते एक वर्ष में राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन हमें और आगे बढ़ना है।

# जीवंत मां गंगा की हुई पूछ, मगर प्रतिमा की समापन पर हुई उपेक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। कंगन घाट पर सनातनी गंगा फाउंडेशन एवं आईडीपीटीएस के द्वारा 11 दिनों का गंगोत्सव मनाया गया। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, उप महापौर, वार्ड पार्षद से लेकर अनेक शख्सियत मंच की शोभा बढ़ाने का काम किए। अव्वल सिने कलाकार मुकेश खन्ना भी अंतिम दिन पहुंचे थे। यहां तक कि कलाकारों ने भी विभिन्न कला के माध्यम से मां गंगा की आरती नृत्य व संगीत के माध्यम से उतारने का काम किया। इस दौरान कंगन घाट पर ही 41 फीट की मां गंगे की प्रतिमा बनाई गई थी। मगर दुर्भाग्य यह रहा कि मां गंगे की उस प्रतिमा पर कंगन घाट पर गंगोत्सव में महाआरती में भाग लेने आए वीवीआईपी लोगों के द्वारा और न ही आयोजकों के द्वारा मां गंगा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कराई गई और न ही उन पर फूल माला ही अर्पित किया गया। उनके समक्ष एक दीया तक नहीं जलाया गया। मां गंगा में दीपदान जरूर किया गया। गंगोत्सव के समापन के दूसरे दिन ही शाम में क्रेन की मदद से मां गंगे की प्रतिमा का विसर्जन का प्रयास किया गया। इससे मां गंगा के प्रति आस्था रखने वाले लोगों की भावनाएं खासा आहत हुई हैं। कारण कि प्रतिमा भरभरा कर गिर पड़ी। आयोजन के बाद आयोजकों ने मां गंगा की प्रतिमा की सुध लेने का भी काम नहीं किया, ताकि उनकी प्रतिमा को सम्मानजनक ढंग से विसर्जित किया जा सके। मां गंगा की प्रतिमा को एक क्रेन के द्वारा हटाने से लोगों की भावना आहत हुई है। क्रेन की मदद से जब प्रतिमा को हटाया जा रहा था, तब वह क्षतिग्रस्त भी हो रहा था। यह दृश्य देख वहां मौजूद लोगों का मन भारी था कि यह क्या हो रहा है। कम से कम आयोजक और प्रशासन को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। कंगन घाट पर मां गंगा की काफी बड़ी प्रतिमा स्थापित कर भव्य मेला आयोजित कर हजारों की भीड़ लगाकर निर्मल गंगा को प्रदूषित किया गया।

आयोजकों ने जनता की आस्था के साथ के साथ खिलवाड़ करते हुए मां गंगा को भी मैला करवा दिया। पटना जिला सुधार समिति के महासचिव राकेश कपूर ने जिलाधिकारी व राष्ट्रीय हरित विकास अधिकरण से कार्यक्रम के आयोजकों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए अविलंब दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# पीएम मोदी आज सीवान में 9518 करोड़ की योजनाओं का देंगे सौगात : मंगल

## कई जिलों की गरीब आबादी को मिलेगी शुद्ध पेयजल की सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बिहार के सीवान दौरे का स्वागत किया है और उसे ऐतिहासिक बताया है। 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीवान के जसौली गांव में आ रहे हैं। जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जी की होने वाली जनसभा के लिए सीवान में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के लिए पांच शेड लगाए गए हैं, जिनमें से हर एक में लगभग 60 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। सीवान जिले में पीएम मोदी के आगमन को लेकर हर वर्ग में उत्साह चरम पर है। सारण प्रमंडल के कार्यकताओं व आम जन में गजब का उत्साह है। ये उनकी समावेशी विकास के प्रति लोगों की सच्ची निष्ठा, प्रेम व सम्मान है।

श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी जी का बार - बार बिहार आना इस राज्य के प्रति उनके विशेष लगाव और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जब भी प्रधानमंत्री बिहार आते हैं, प्रदेश को बड़ी सौगात देकर जाते हैं। इस बार भी बिहार को करीब 9518 करोड़ रुपये की योजनाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरे में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सौगात देंगे, जिससे कई जिलों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी। यह योजना राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्र में एनडीए पार्ट 3 के गठल के बाद पिछले नौ महीनों में यह प्रधानमंत्री जी का छठा बिहार दौरा है। इससे पहले वे दरभंगा, जमुई, भागलपुर, झंझारपुर और विक्रमगंज का दौरा कर चुके हैं। अब सीवान में प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए सारण, सीवान और गोपालगंज के लोग उत्साहित हैं। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम के आगमन को लेकर हर प्रकार की सुविधाओं को मुकम्मल करने पर जोर दिया गया है।

कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार की कमी न हो उस ओर प्रशासन ने पूरा ध्यान दिया है। 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान आगमन को लेकर प्रदेश भर के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह है। ऐसे में बीजेपी की जिला और राज्य स्तरीय टीम सक्रिय है। जसौली ग्राउंड में दिन रात काम चल रहा है। जहां देर रात तक जिला प्रशासन और पार्टी के पदाधिकारी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के छोटे से लेकर बड़े नेताओं ने उठाई है।

# राजद के बहकावे में नहीं आने वाला अतिपिछड़ा समाजः उमेश

## कहा- राजद की कथित हमदर्दी केवल चुनावी अवसरवाद का हिस्सा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए राजद को राजनीतिक दल के बजाय एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी करार दिया, जिसका संपूर्ण स्वामित्व लालू परिवार के पास है और जिसका एकमात्र उद्देश्य केवल निजी हितों की पूर्ति है, जबकि अन्य नेता महज राजनीतिक मोहरे बनकर रह गए हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि दलित, पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के प्रति राजद की कथित हमदर्दी केवल चुनावी अवसरवाद का हिस्सा है, जो हर चुनावी मौसम में दिखावे के रूप में उभरती है। जबकि सच्चाई यह है कि लालू-राबड़ी शासन के पंद्रह वर्षों में इन वर्गों की उपेक्षा और अनदेखी ही हुई है। उन्होंने दो टूक कहा कि अब बिहार की जनता, विशेषकर अतिपिछड़ा समाज, राजद की परिवारवादी राजनीति के बहकावे में नहीं आने वाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार में अतिपिछड़ा समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। बीते दो दशकों में उन्होंने शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से अतिपिछड़ों को वास्तविक भागीदारी दिलाई है, जिससे उनके जीवन स्तर में ऐतिहासिक सुधार हुआ है।

श्री कुशवाहा ने बताया कि सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नीतीश कुमार ने वर्ष 2006 में राज्य अतिपिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया। उसी वर्ष पंचायती राज संस्थाओं में, और 2007 में नगर निकायों में आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई, जो सामाजिक न्याय के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई। इसके अतिरिक्त, नीतीश सरकार द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना, जननायक कपूर्री ठाकुर कल्याण छात्रावास योजना और मुख्यमंत्री पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

वर्ष 2008-09 में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण हेतु मात्र 42.17 करोड़ का बजट था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 18 अरब से अधिक हो गया है। यह परिवर्तन इस बात का ठोस प्रमाण है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक न्याय सिर्फ नारा नहीं, बल्कि धरातल पर साकार होने वाली सच्चाई है।

## नीतीश कुमार ने बिहार को शिक्षा का हब बनाया : निहोरा

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को शिक्षा का हब बनाने का काम किया है। राज्य में प्राथमिक शिक्षा हो या फिर उच्चतर शिक्षा इसमें मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार में व्यापक सुधार हुआ है।

आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को ये जानकारी होनी चाहिए कि साल 2005 में जहां बिहार में महज दो इंजीनियरिंग कॉलेज हुआ करते थे वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में उसकी तादाद बढ़कर 38 हो गई है।

पॉलिटेक्निक कॉलेजों की तादाद 13 से बढ़कर 46, आईटीआई संस्थानों की संख्या 23 से बढ़कर 152 हो गई। पटना में चाणक्य विधि विश्वविद्यालय, फैशन डिजाइनिंग संस्थान, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की स्थापना सहित कई विषयों की पढ़ाई के लिए नए संस्थानों की स्थापना की गई है।उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया गयाजी दौरे के दौरान बिहार में सरकारी स्कूलों में किताबों एवं पढ़ाई की हालत को लेकर दिए एक दलित महिला के जवाब को एक बार जरुर सुनना चाहिए।

### कांग्रेस ने मनाया देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन

# शोषितों और पिछड़े तबके के सशक्त आवाज हैं राहुल गांधी : कृष्णा



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा सादगी से मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों और जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि राहुल गांधी वंचितों, शोषितों और पिछड़े तबके के सशक्त आवाज हैं। देश में उनकी पहचान स्पष्टवादी और जननेता के रूप में है। कमजोर वर्ग के लिए उनके संघर्ष प्रेरणादायी होते हैं। राहुल गांधी के जन्मदिन पर हम संकल्प लेते हैं कि उनके सपनों के भारत के निर्माण को लेकर हम कांग्रेसजन लगातार प्रयास करते रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इस कार्यक्रम में शिरकत कर कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी संग्रह के प्रतीक हैं। राहुल गांधी कोदेश का भविष्य बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जिस ऊर्जा और जीवटता के साथ समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए हमारे नेता संघर्ष करते हैं उन्हें और शक्ति हमसब प्रदान करने का संकल्प दोहराते हैं। उनके जन्मदिन पर हम उनके युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, वंचितों और शोषितों के लिए लगातार प्रयास की सराहना करते हुए उनको अपना पूर्ण समर्थन देते हैं। देश के जननेता राहुल गांधी हैं और उनके नेतृत्व में ही देश का उज्ज्वल भविष्य बन सकता है। जन्मदिन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव पूनम पासवान, विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह, प्रेमचंद मिश्र, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, नरेंद्र कुमार , मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन,अजय चौधरी, राजेश कुमार सिन्हा अनिल कुमार, नागेन्द्र कुमार विकल, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, शिशिर कौंडिल्य, सौरभ सिंहा, ज्ञान रंजन, शशि रंजनएसहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

### राजद राज्य परिषद की बैठक में नेता प्रतिपक्ष ने भरी हुंकार, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# मंगनी लाल मंडल के नेतृत्व में जीतेंगे चुनाव : तेजस्वी बोलें- बेहतर परफॉर्मेंस वाले को मिलेगा टिकट

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल की राज्य परिषद की बैठक गुरूवार को पटना के ज्ञान भवन हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल,अब्दुलबारी सिद्दिकी, रामचंद्र पूर्वे, सुनील सिंह, कांति सिंह ,अनीता देवी सहित राजद के कई नेता शामिल हुए। इस अवसर पर करतल ध्वनि के बीच मंगनीलाल मंडल को प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की गई साथ हीं उन्हें इसका प्रमाणपत्र सौंपा गया। राज्य परिषद की बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद ने 28 साल पूरा किया है। आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में हम प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को लेकर तेजस्वी ने लालू यादव से यह अपील किया कि मुझे उम्मीद है कि जगदानंद सिंह को राजद का राष्ट्रीय स्तर पर कोई जिम्मेदारी सौंपी जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार का बच्चा बच्चा कह रहा है..2005 से 2025 बहुत हुआ। तेजस्वी ने कहा कि जब से हमलोग सरकार से हटें तबसे एक काम बता दें जो इस सरकार ने किया है। भाजपा पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी को काम से मतलब नहीं है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी के बीच अलग कंपीटिशन चल रहा है। दिलीप जायसवाल दोनों को फेल कर चुके है। ये लोग कभी बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी के बारे में कुछ भी नहीं बोलेंगे। तेजस्वी ने कहा कि वीवीआईपी इलाके में सरेआम फायरिंग की जा रही है। बताइए क्या स्थिति बिहार का हो गया है। 2005 से पहले ऐसे होता था जी? तेजस्वी ने कार्यकताओं से कहा कि हमने घोषणा की है कि जब हमारी सरकार बिहार में बनेगी तब माई बहिन योजना के तहत हर महिलाओं को झारखंड की तर्ज पर 2500 रुपया महीना उनके खाते में देंगे। तेजस्वी ने कार्यकताओं को कहा कि आप लोग फिल्ड में जाईए और इस योजना के बारे में लोगों को बताइए। हमारी हर योजनाओं का चुनाव प्रचार कीजिए।

## तेजस्वी को बनाइए बिहार का सीएम : लालू

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राजद कार्यकताओं से कहा कि सब लोग खुब मेहनत कीजिए और किसी भी हाल में तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाये। आरएसएस और नीतीश कुमार को हटाना है और अपनी सरकार बनाना है। लालू ने कहा कि हमारी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का 28 साल पूरा हो गया है। अब आगामी चुनाव मंगनी लाल मंडल के नेतृत्व में हम जीतेंगे। लालू ने नये प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगनी लाल मंडल को बधाई और शुभकामनाएं दी। राजद कार्यकताओं से लालू ने कहा कि आप लोगों को बहुत बहुत धन्यवाद आप फील्ड में जाकर मजबूती के साथ काम कीजिए। एक दूसरे का आदर कीजिए और महिलाओं की शक्ति को जगाइए। कार्यकताओं को मंच से संबोधित करते हुए लालू ने आगे कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने है। चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है।

## बरौनी-कानपुर पाइपलाइन रिलायंस को देने की तैयारी कर रही है, केंद्र सरकार: भाकपा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने बरौनी-कानपुर पाइपलाइन को बंद कर रिलायंस कंपनी को सौंपने की तैयारी कर ली है। यह पाइपलाइन सार्वजनिक क्षेत्र का उद्योग है। इसके संसाधनों का उपयोग अब रिलायंस को करने दिया जाएगा। इससे हल्दिया, पारादीप और बरौनी रिफाइनरी का उत्पादन बाजार तक नहीं पहुंच पाएगा। इससे तीनों सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों को घाटा होगा। केंद्र सरकार इन्हें बंद करने की साजिश कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है रेऔर केंद्र सरकार के इस जन विरोधी फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा है कि नियामक बोर्ड ने बरौनी-कानपुर पाइपलाइन को कॉमन कैरियर घोषित कर दिया है। अब इसे निजी और सरकारी कंपनियां मिलकर ठेके पर चलाएंगी। इससे बरौनी रिफाइनरी का शेयर बाजार में मूल्य घटेगा। उत्पादन घटेगा। मुनाफा कम होगा। बाजार में इसकी विश्वसनीयता भी घटेगी। इससे पदाधिकारियों और कर्मचारियों की छंटनी होगी। हजारों स्थानीय मजदूर बेरोजगार हो जायेगें। विकास रुक जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के इतने बड़े नेटवर्क को रिलायंस को सौंपने की साजिश हो रही है। बिहार की जनता इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। यह हमारी औद्योगिक विरासत है।

इसकी रक्षा के लिए हर लड़ाई सीपीआई लड़ेगी। ाज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय ने केन्द्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर केन्द्र सरकार यह जनविरोधी फैसला वापस नहीं किया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस फैसले के विरोध में आन्दोलन करेगी।

## बिहार कौशल विकास मिशन : 8 प्रशिक्षण प्रदाताओं का अनुबंध रद्द

### श्रम संसाधन विभाग के सचिव ने दिए सख्त निर्देश

➤ कहा- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन ने डोमेन स्किलिंग कार्यक्रम में गंभीर अनियमितताओं को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत मिशन के तत्वावधान में संचालित 8 प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के इकरारनामे को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। यह कदम पाए गये विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के आलोक में उठाया गया है। संस्थानों पर आरोप है कि उन्होंने नामांकन से लेकर प्रशिक्षण संचालन तक गलत और भ्रामक जानकारी दी। इन संस्थानों द्वारा डोमेन स्किलिंग कार्यक्रम के अंतर्गत जमुई, मुजफ्फरपुर, औरंगाबाद, गया, मधुबनी, लखीसराय, गोपालगंज और सारण जिलों में प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे थे। श्रम संसाधन विभाग के सचिव सह मिशन के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मिशन द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई भी प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। बिहार के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक कौशल प्रशिक्षण देना मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह सख्त निर्णय लिया गया है।

## राज्य के 21 कृषि बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण कार्य की समीक्षा

### कृषि बाजार प्रांगणो को निर्धारित समयसीमा में करें पूरा : सचिव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में आज कृषि भवन, पटना में राज्य के 21 कृषि उत्पादन बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास से संबंधित स्वीकृत कार्य योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की गहन समीक्षा की गई। यह कार्य योजनाएं राज्य के विभिन्न जिलों के प्रमुख कृषि बाजारों में कार्यान्वित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य किसानों को सुरक्षित, सुसज्जित एवं आधुनिक बाजार उपलब्ध कराना है। वर्तमान में गुलाबबाग (पूर्णिया), मुसहल्लपुर (पटना), आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मोतिहारी, गया, बेतिया, दाउदनगर, मोहनियाँ, सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा और बिहटा में बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण का कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के माध्यम से कराया जा रहा है। इन प्रांगणों में वेडिंग प्लेटफॉर्म, दुकानें, वे-ब्रिज, जल निकासी प्रणाली, प्रशासनिक भवन, श्रमिक विश्राम गृह, मछली बाजार, केला मंडी, आंतरिक सड़कों का निर्माण, सोलर पैनल, कर्मचारी कैंटीन तथा अपशिष्ट निपटान संयंत्र (कम्पोस्टिंग प्लांट) जैसी आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कार्यान्वयन एजेंसी के अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। इस पर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के अध्यक्ष श्री श्रीशत कपिल अशोक ने बताया कि हाजीपुर एवं दाउदनगर के बाजार प्रांगण जुलाई 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।

## मोदी युग में आरएसएस की चल रही है सुपर सरकार : दीपंकर

➤ आरएसएस कोटे की खुली स्वीकारोक्ति से राज्य सरकार बेनकाब

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भाकपा माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि मोदी युग में संविधान के खिलाफ जाकर आरएसएस की आज सुपर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि जेडीयू के मंत्री अशोक चौधरी द्वारा यह स्वीकार करना कि उनके दामाद को बिहार धार्मिक न्यास परिषद् बोर्ड में आरएसएस कोट के तहत सदस्य बनाया गया है - यह केवल एक व्यक्ति विशेष की नियुक्ति का मामला नहीं, बल्कि बिहार की सरकार और संघ परिवार के बीच गहरे साठगांठ का प्रमाण है। यह एक खतरनाक मिसाल है, जो हमारे संविधान, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ढांचे के खिलाफ है। बिहार सरकार में आरएसएस जैसे सांप्रदायिक संगठन की सिफारिश पर नियुक्तियाँ हो रही हैं - क्या यही जनता के लिए शासन है? उन्होंने कहा कि सीएम स्पष्ट करें - क्या बिहार में विभागीय नियुक्तियाँ अब संघ कोटे से होंगी? क्या बिहार धार्मिक न्यास परिषद जैसे सरकारी निकाय अब संघ की शाखा बन चुके हैं? क्या यह स्वीकारोक्ति इस बात का संकेत है कि संविधानिक संस्थाओं पर संघ का सीधा कब्जा कराया जा रहा है? सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि वे बिहार की प्रशासनिक मशीनरी को संविधान के तहत चलाएंगे या नागपुर से चलने वाली विचारधारा के निर्देश पर?

## संचरण संरचनाओं का समयबद्ध अनुरक्षण सुनिश्चित करें : बीएसपीटीसीएल एमडी

पटना।बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने गुरूवार को ऑपरेशन एवं मेंटनेंस टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संचरण संरचनाओं के समयबद्ध अनुरक्षण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व सभी स्थानों पर प्रिवेंटिव मेंटनेंस का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।श्री कुमार ने यह भी निर्देश दिया कि सभी संबंधित कार्यालय आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों का स्टॉक पहले से सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की आपदा या तकनीकी बाधा का त्वरित समाधान किया जा सके। निदेशार्नुसार राज्य भर में ग्रिड स्टेशनों का निरीक्षण कार्य चल रहा है। इसी क्रम में श्री राहुल कुमार ने आज बोर्ड कॉलोनी स्थित ग्रिड सब-स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा मानकों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ।

### उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री ने सूखा निवारण परियोजना की समीक्षा की

# जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और संरचना विकास पर विशेष बल : विजय

## पलायन में कमी और आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बिहार में सूखा प्रबंधन के लिए सूखा निवारण परियोजना की तैयारियों को लेकर आज कृषि भवन, पटना में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने बिहार के कृषि क्षेत्र को आपदाओं के प्रति अधिक सशक्त एवं संवेदनशील बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए सूखा प्रभावित क्षेत्रों में जल संरक्षण, फसल विविधीकरण एवं किसानों की आजीविका सुरक्षा के लिए तैयार की गई रणनीतियों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना के तहत त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि एनडीएमएफ के अंतर्गत बिहार में सूखा-प्रवण जिलों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य सूखे की स्थिति में कृषि प्रणाली की सहनशीलता और किसानों की आजीविका को सुरक्षित बनाना है। मार्च से मई के बीच औसतन 0.68 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि तथा मिट्टी के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना समय की मांग है। योजना के प्रमुख उद्देश्य जल संरक्षण एवं प्रबंधन को बढ़ावा देना, सूखा सहनशील फसल प्रणालियों का विस्तार, समुदाय आधारित बीज उत्पादन प्रणाली का विकास, फसल विविधीकरण, एवं सिंचाई और भंडारण जैसी बुनियादी संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं। परियोजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में 75,000 किसानों और 1,200 विस्तार कार्यकताओं को बेहतर सूखा प्रबंधन पद्धतियों पर प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, चावल-गेहूं फसल प्रणाली वाले 50% से अधिक क्षेत्र को दलहन, बाजरा और तेलहन जैसी फसलों से विविधीकृत किया जाएगा। प्रभावी कार्यान्वयन से सूखे के समय कृषि एवं घरेलू जरूरतों के लिए जल की बेहतर उपलब्धता, फसलों की उत्पादकता में 20-30 प्रतिशत तक की वृद्धि और सूखा प्रबंधन हेतु 8-10 व्यावसायिक मॉडलों का विकास होगा, जिन्हें भविष्य में राज्य स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल सूखे की मार को कम करेगी, बल्कि ग्रामीण आजीविका को मजबूती प्रदान करते हुए पलायन की दर में भी कमी लाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना को समयबद्ध, पारदर्शी और सहभागी दृष्टिकोण से लागू किया जाए ताकि राज्य के किसान सूखा जैसी आपदाओं से सुरक्षित रह सकें।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

ई-निविदा सं. : 02R-GSU-DHN-2025-26, क्र. सं.: 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई) (सीपीएम/जीएसयू), धनबाद की परियोजनाओं के लिए सामान्य सलाहकार (जीसी) की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), 24 (चौबीस महीने), कार्य की अनुमानित लागत (रू. में) : ₹ 2,34,46,636.48, बयाने की राशि (रू. में): http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय: ई-निविदा बंद होने की तारीख 08.07.2025 को 11:00 बजे तक, ई-निविदा खुलने की तारीख 08.07.2025 को 15:00 बजे से, वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

नोट : (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0428/डीएचएनजीएस/जीएस/टी/25-26/40

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

(1) कार्य का नाम एवं स्थानः सोनपुर डिवीजन में गैर-पावर ब्लॉक गतिविधियों की आउटसोसिंग 02 वर्षों के लिए (730 दिन) (2) कार्य का अनुमानित मूल्य (रु): रू 3,33, 58,929.1/-, (3) जमानत राशि (रु): रू 3,16,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु): रू 0/- (4) ई-निविदा प्रपत्र जमा करने एव खुलने की तिथिः ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समयः दिनांक 10.07 2025 को 12.00 बजे तक ई-निविदा प्रपत्र खुलने का निर्धारित समयः दिनांक 10.07.2025 को 12.00 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर में खोले जायेंगें (5) बेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड का लोकेशन जहाँ से ई-निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है (रु): वेवसाइटः http://www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड मंडल रेल प्रबंधक / सोनपुर के कैम्पस भवन, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

वरिय मंडल विद्युत इंजीनियर/(क.वि)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/0438/एसईई/टीआरडी/टी/25-26/28

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 20 जून, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# मुसहरी और कांटी के सीओ और उनकी टीम पर 2 लाख का जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने दाखिल खारिज के तहत अंचलवार प्राप्त आवेदन , निष्पादित आवेदन, लंबित आवेदन, रिजेक्टेड आवेदन की गहन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कांटी और मुसहरी में पर्याप्त आवेदन लंबित हैं। यद्यपि जिलाधिकारी द्वारा लगातार समीक्षा कर जनता के म्यूटेशन के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन मोड में निष्पादित करने का निर्देश पूर्व में ही कई बार दिया है। किंतु अपेक्षित सुधार के अभाव में मुसहरी के अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध एक लाख दो हजार तथा कांटी के अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध 95300 रू की जुमार्ना राशि अधिरोपित किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को जून माह में जुमार्ने की राशि जमा करने के बाद ही इस माह के वेतन की निकासी की जायेगी। जमा नहीं करने वाले अधिकारी एवं कर्मी को निलंबित किया जाएगा। पिछले एक माह में मुसहरी और कांटी का अभियान बसेरा में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। जिलाधिकारी ने मुसहरी एवं कांटी के साथ ही खराब प्रदर्शन करने वाले मुरौल, सरैया ,बंदरा के अंचलाधिकारी से भी स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। परिमार्जन की समीक्षा में भी पाया गया कि मुसहरी एवं कांटी अंचल द्वारा परिमार्जन के आवेदन को रिवर्ट ज्यादा किया गया है तथा निष्पादन नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने दोनों अंचलाधिकारी से इस मामले में भी स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध प्रपत्र ह्यकह्ल गठित कर विभाग में भेज दी जाए। जिलाधिकारी द्वारा लगातार निर्देश दिया जाता रहा है कि अनावश्यक एवं अकारण आवेदन को रिजेक्ट एवं रिवर्ट नहीं करें। लेफ्ट आउट जमाबंदी में सभी अंचल अधिकारी को 10% बढ़ोतरी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सरकारी भूमि के दाखिल खारिज, भूमि मापी,लगान वसूली, अभियान बसेरा की भी समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश गया ।जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्राधीन मतदान केंद्रों के भवनों का विजिट कर एएमएफ के तहत पानी, बिजली, शौचालय ,रैंप ,फर्नीचर आदि की उपलब्धता की जांच करने तथा रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। बैठक में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विभागवार प्राप्त आवेदन, निष्पादित आवेदन की समीक्षा की गई। उन्होंने समाज के सबसे निचले तबके एवं छूटे हुए वंचित परिवार के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने तथा पूरी जवाबदेही से शिविर में एनटाइटिलमेंट देने तथा प्राप्त आवेदन का शत प्रतिशत निष्पादन कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को वैसे टोलों का खुद विजिट करने तथा छूटे हुए शत प्रतिशत परिवार को सरकारी लाभ से आच्छादित करने को कहा। इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में 2216 कैंप का आयोजन कर एक लाख 1,91,857 परिवारों को आच्छादित किया गया। जबकि आज 67 कैंप का आयोजन कर 4645 परिवारों को आच्छादित किया गया। जिलाधिकारी ने गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के दैनिक जीवन के लिए उपयोगी कार्यों को पूरी गंभीरता से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त विक्रम विरकर ,उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम ,अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेयाश्री सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड अंचल के अधिकारीगण संबद्ध थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मार पीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के सिंघिया गांव के राजगीर राय ने थाने में आवेदन देते हुए शिकायत जताया है कि मेरे निजी जमीन खेत में विद्युत ट्रांसफार्मर लगते गांव के ही विमलेश राय व विपिन राय 8लोगों के साथ आए जब मेरी पुत्रवधू संगीता कुमारी मना करने गई तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मैं जब पूछने गया तो मुझे भी गाली गलौज देते हुए मारपीट की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में छानबीन की जा रही है।

### विवाद में विभिन्न गांव के दो जख्मी ,ईलाज जारी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जमीनी विवाद व आपसी विवाद की घटना में आधा दर्जन महिला पुरुष जख्मी। परिजनों के सहयोग से जख्मी को सीएचसी भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने जख्मी की पहचान रामापुर गांव के महेश्वर राम की पत्नी सुनैना देवी, कमोद राम की पत्नी सुनैना देवी व फुलहारा गांव के राजेश पासवान की पत्नी मनती देवी, दिलीप पासवान की पत्नी शीतवा देवी के रूप में की वहीं दूसरी ओर आपसी विवाद मारपीट की घटना मैं जख्मी की पहचान सलहा गांव के संजीव सहनी की पत्नी मनीषा कुमारी व उपेंद्र सहनी के पुत्र संजीव सहनी के रूप में की गई है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दी।

### 22 को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को किया जायेगा भव्य अभिनंदन

दरभंगा।आतंकवाद के विरुद्ध संसदीय दल के प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्वकर्ता सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा देश हित में वैश्विक मंच पर जापान,दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और मलेशिया में अपनी बुलंद आवाज से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी बातों को रख सकुशल लौटे सांसद श्री झा का दरभंगा जनता दल यू परिवार की ओर से 22 जून 2 को प्रस्तावित अभिनंदन कार्यक्रम स्थल ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के नरगौना पैलेस स्थित जुबली हॉल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला अध्यक्ष ईश्वर मंडल साथ में पार्टी के साथी उपस्थित थे।जिलाध्यक्ष श्री मंडल ने कहा आज भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध 7 प्रतिनिधि मंडल का गठन कर विश्व में आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिनिधि मंडल के द्वारा अपनी बातों को मजबूती से रखना अन्य देशों को जागरूक करना ताकि दुनिया में अमन चैन कायम रह सके। यह कदम प्रधानमंत्री का प्रशंसनीय है और उसी एक प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्वकर्ता हम लोगों के पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का होना पार्टी ही नहीं मिथिलांचल और बिहार के लिए गौरव की बात है । इसलिए पार्टी कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह मनाने जा रहा है।

### नेपाल से भारत में शराब तस्करी की कोशिश नाकाम, सशस्त्र सीमा बल ने 41 लीटर से अधिक अवैध शराब की जब्त

मधुबनी जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के अंतर्गत सीमा चौकी गंगौर के गश्ती दल ने आज दिनांक 19 जून 2025 को अपराह्न लगभग 3 बजकर 17 मिनट पर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 291/04 से लगभग 300 मीटर भारत की ओर नियमित गश्ती के दौरान नेपाल से भारत में की जा रही अवैध शराब की तस्करी की कोशिश को विफल करते हुए बड़ी मात्रा में शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की। गश्ती दल को एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बोरी लादे हुए भारत की ओर आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, परंतु सशस्त्र सीमा बल को देखकर वह व्यक्ति मोटरसाइकिल और बोरी वहीं छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकला। गश्ती दल द्वारा की गई तलाशी में बोरी से कुल 41.895 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद की गई, जिसमें दिलवाले सूफी ब्रांड की 300 मिलीलीटर वाली 120 शीशिया (कुल 36 लीटर), मैकडॉवेल नंबर एक ब्रांड की 375 मिलीलीटर वाली 9 शीशियाँ (कुल 3.375 लीटर) और एसी ब्लैक ब्रांड की 180 मिलीलीटर वाली 14 शीशियाँ (कुल 2.52 लीटर) शामिल थीं। इसके साथ ही एक हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल, जिसका पंजीयन संख्या बीआर06क्यू7391 है, को भी जब्त किया गया। जब्त की गई शराब एवं मोटरसाइकिल को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु सहरघाट थाना को सुपुर्द किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर लगातार सतर्कता एवं गश्ती की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की तस्करी, अवैध व्यापार या आपराधिक गतिविधियों को रोकने हेतु बल पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# शिलापट्ट को क्षतिग्रस्त करने को लेकर थाना में दिया आवेदन



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के पतैलिया वार्ड 03 रामदेव महतो के घर से चन्द्र भूषण दास के घर तक एवं वार्ड 07 में लक्ष्मी महतो के घर से पुस्तकालय जाने वाली सड़क के शिलान्यास के लिए बना शिलापट्ट को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मामले को लेकर कनीय अभियंता चंदन भगत ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि इन दोनों सड़कों के शिलान्यास के लिए शिलापट्ट का निर्माण मेरे सामने करवाया गया था।18 जून की संध्या स्थानीय विधायक अजय कुमार के द्वारा दोनों सड़कों का शिलान्यास भी किया गया।19 जून को जब कार्य देखने गए तो शिलापट्ट टूटा हुआ था। असामाजिक तत्वों के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं कार्य नहीं होने देने के उद्देश्य से शिलापट्ट को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

# पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा में सफल हुए आर्यन कुमार राय, प्राप्त किया 99.8 प्रतिशत अंक

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी । मधुबनी जिला अंतर्गत ग्राम परसा, डाकघर बैरा, थाना जयनगर निवासी आर्यन कुमार राय, पिता नवीन कुमार राय, ने वर्ष 2025 की राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में अद्वितीय सफलता प्राप्त की है। आर्यन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सर्वभारत स्तर पर 2588वीं स्थान तथा सामान्य वर्ग में 1402वीं स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कुल 99.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह उपलब्धि प्राप्त की।आर्यन के पिता, नवीन कुमार राय, वर्तमान में मुंबई स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वे वर्ष 2012 से 2014 तक जयनगर शाखा में सेवा दे चुके हैं। आर्यन की प्रारंभिक शिक्षा डॉन वास्को विद्यालय, जयनगर से हुई, तत्पश्चात उच्च अध्ययन देवघर एवं मुंबई में सम्पन्न हुआ।वर्ष 2025 में आर्यन ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बारहवीं कक्षा में 92.58 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि उन्होंने प्रथम प्रयास में नीट जैसी कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) में भी 97.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।आर्यन की इस अद्वितीय सफलता में उनकी माता कविता राय का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अध्ययन के प्रत्येक चरण में उन्हें मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की। यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, माता-पिता के सहयोग एवं उत्कृष्ट अध्ययनशीलता का प्रतिफल है।

# महाविद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था सुव्यवस्थित की जाएगी : विनय चौधरी

● शिक्षा के साथ ही क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक को साधुवाद दिया

प्रात : किरण संवाददाता




बहेड़ी(दरभंगा)। सरकार द्वारा बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेरी विलट महथा आदर्श महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में एक दर्जन से अधिक शिक्षकों का नये पद श्रृजन के बाद अब विज्ञान संकाय का बीस करोड़ रुपए की लागत से चार मंजिला नये भवन का निर्माण के साथ फर्नीचर एवं आंतरिक सड़क निर्माण की स्वीकृति से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं स्थानीय विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी को साधुवाद दिया है। ज्ञात हो कि बेनीपुर के शिक्षाविद विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने बेनीपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व प्रारंभ करते हुए अपने को क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित बताया था। इस दौरान उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सिंचाई जैसे मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में विकास का अपना प्राथमिकता के साथ पहल की। फलस्वरूप अनुमंडल अवस्थित डीग्री महाविद्यालय घोघेया, लक्ष्मणपुर जो वर्षों से तैयार होकर पढ़ाई शुरू होने के इंतजार में था का शुभारंभ करते हुए विधिवत अध्ययन अध्यापन कार्य प्रारंभ करवाया साथ ही ए एन एम,जी एन एम एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी छात्रों का नामांकन एवं शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ की गई। इस संबंध में विधायक श्री चौधरी ने बताया कि उक्त राशि से महाविद्यालय का चार मंजिला भवन के साथ-साथ फर्नीचर एवं परिसर के बीच सड़क निर्माण में व्यय किए जाएंगे और महाविद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था सुव्यवस्थित की जाएगी ।महाविद्यालय के भवन एवं अन्य निर्माण की स्वीकृति से प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। साधुवाद देने वालों में युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष विपिन कुमार,गजेंद्र प्रसाद सिंह,प्रदीप गुप्ता,राधारमण मंडल,राम शंकर मंडर,राम विलाश सिंह,संतोष साह,मनीष कुमार, कमलेश मंडल, नवीन सिंह,भोला सहनी,विजय महतो,फूलकुमारी देवी,सरिता देवी,आशा कुमारी,शर्मा पासवान,मनोज सिंह,डॉ प्रमोद महतो,राम उदगार यादव, कैलाश कुमार,राम चतुर यादव,बैजनाथ प्रसाद बैजू, सुनील कुमार सिंह, समतोला देवी,कृष्ण कुमार भगत सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

# ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन कार्यों के संबंध में सभी पंचायत सचिव एवं सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी का अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई ।पंचायत में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के दिशा निर्देश एवं उसके अनुरूप कार्य करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया ।पंचायत में घर-घर कचरा का उठाव एवं उपभोक्ता शुल्क संग्रह कार्य के लिए निर्देशित किया गया। सोरमार पंचायत में अभी तक कर्मियों का चयन नहीं किया गया है। एवं क्रय किए गए सामग्री खुले स्थान पर रहने के कारण काफी खराब स्थिति में हो गया है। जिस पर संबंधित पंचायत सचिव एवं माननीय मुखिया जी को इस पर जवाब देने को कहा गया है। अब हम इस योजना में जो बाधा उत्पन्न हो रही है उसको अभिलंब प्रारंभ करने निर्देशित किया गया। नामापुर चकमेहसी ध्रुव गामा में कुछ वार्डों के साथ सभी वार्डों में कार्य करने का निर्देशित किया गया। जिन पंचायत में शुल्कजारी है उन पंचायत में माह जनवरी-फरवरी मार्च अप्रैल का स्वच्छता कर्मी का मानदेय भुगतान का आवंटन किया गया है ।उसको अभिलंब भुगतान करके उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके परः प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के साथ स्वच्छता समन्वयक मोहम्मद कादरी पंचायत सचिव राकेश तनवीर अभिषेक जयप्रकाश एवं सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक संभल उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है : पप्पू सिंह




अलीनगर(दरभंगा)। भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत अलिनगर पश्चिमी मंडल के गरौल पंचायत के विसहारा स्थान परिसर में संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव ने की,मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में दरभंगा भाजपा पूर्वी के महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ,जिला संयोजक पिंटू झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और जनता को जागरूक किया गया ।मौके पर महामंत्री श्री सिंह ने कहा पीएम मोदी के कार्यकाल को अमृतकाल कहा जाता है ।यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जो बड़े काम हुए हैं उसको करने के बारे में कांग्रेस के किसी प्रधानमंत्री ने कल्पना तक नहीं की थी। श्री सिंह ने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश दुश्मनों को घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है, जिसकी दुनिया भर में सराहना हो रही है ।ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के शौर्य को दुनिया नमन कर रही है। पिंटू झा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम मोदी की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। मौके पर सुजीत चौधरी,आनंद चौधरी,संजय झा,महेश शाहू,सरोज साहू,रामबिलास शाहू,विजय पासवान,राजेंद्र मुखिया,लड्डू साहू,शशि नाथ झा,राजकुमार झा,विनोद राम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नेपाल से लाई जा रही नेपाली शराब जब्त, सशस्त्र सीमा बल की विशेष कार्रवाई में एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर सशस्त्र सीमा बल की 48वीं वाहिनी, सीमा चौकी खौना (डी कंपनी, हरने) द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर चलाए गए विशेष गश्ती अभियान के तहत नेपाल से भारत लाई जा रही नेपाली शराब की बड़ी खेप जब्त की गई है। यह कार्रवाई दिनांक 18 जून 2025 को अपराह्न लगभग 4 बजकर 45 मिनट पर सीमा स्तंभ संख्या 278 से लगभग 800 मीटर भारत की ओर की गई। गश्ती दल ने नेपाल की ओर से आ रही तस्करी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गौरव सोफी ब्रांड की कुल 1800 बोतल नेपाली शराब (लगभग 540 लीटर) जब्त की। इसके अतिरिक्त पांच मोटर साइकिलें (पैशन प्रो, होंडा शाइन, ग्लैमर दो नग, और हीरो एचएफ डीलक्स) तथा एक कीपैड मोबाइल दूरभाष यंत्र (संचार सेवा युक्त) बरामद किया गया। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान बालमुकुंद शर्मा, पिता गौरी शंकर शर्मा, निवासी ग्राम पचरटन, थाना एवं डाकघर बासोपट्टी, जिला मधुबनी, उम्र लगभग 21 वर्ष के रूप में हुई है। जब्त सामग्री तथा गिरफ्तार युवक को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु बासोपट्टी थाना को सौंप दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर 48वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की तस्करी को कड़ाई से रोका जाएगा और इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सशस्त्र सीमा बल अवैध कारोबार और गतिविधियों पर कठोरता से अंकुश लगाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस सफल कार्रवाई से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि सीमा पर सक्रिय सुरक्षा बल सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

# होमगार्ड की शारीरिक दक्षता परीक्षा 3 जुलाई को

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। होमगार्ड के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन एलएस कॉलेज मुजफ्फरपुर में जारी है। किंतु 18 जून की रात्रि में वारिस के कारण ट्रैक पर फिसलन हो गया है। इसके कारण 19 जून की शारीरिक दक्षता परीक्षा को रद्द कर दिया गया है तथा अब यह परीक्षा 3 जुलाई को यथासमय संपन्न होगा। इस आशय की जानकारी वरीय जिला समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, मुजफ्फरपुर श्री त्रिलोकनाथ झा ने दी है।

# जिला स्तरीय सहकारिता कार्यशाला आज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत 20 जून को मुजफ्फरपुर जिले के सकरी चंद्रहट्टी स्थित आइकॉन रिजॉर्ट में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 11 बजे पूर्वाह्न में किया जायेगा जिसमें सहकारी समितियों के प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य समितियों एवं पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय, जागरूकता तथा क्षमता का विकास किया जाना है। इस आशय की जानकारी मुजफ्फरपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक श्रुति चंद्र बोस ने दी।

# घर पर जबरन कब्जा करने व घर में चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर वार्ड 05 निवासी श्याम किशोर चौधरी उर्फ अमीर चौधरी की पत्नी दीनु देवी ने घर पर अवैध कब्जा करने व घर में चोरी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि मैं पूरा परिवार के साथ बाहर रहता हूं ।मेरा फरीक 13 जून को फोन कर धमकी दिया कि घर का ताला तोड़ दूंगा। तथा ताला तोड़कर घर में रखा बक्सा से सोना का कान का टॉप, चैन व चांदी का पायल चोरी कर लिया ।मैं दिल्ली से घर पहुंचा तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है एवं सामान गायब है। उक्त मेरा फरीक जबरन मेरे घर पर कब्जा करने के लिए अड्डा जमाए रहता है। चोरी के संबंध में पूछे जाने व घर से बाहर निकलने को कहने पर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज करता है। एवं फंसाने का षड्यंत्र रचता है। कभी भी मेरे साथ अप्रिय घटना घट सकती है।

# सांप काटने से किशोरी की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पश्चिमी पंचायत स्थित मोरवारा गांव के राम पुनीत राम की 4 वर्षीय पुत्री गांव के एक बगीचे में आम चुनने गई थी, इसी क्रम में एक सांप उसे पैर में डस लिया। परिजनों को सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए नजदीकी हायाघाट सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत्य घोषित कर दिया।

# मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महथी निवासी चंद्रभूषण सिंह के पुत्र कृष्णेश कुमार ने मारपीट की घटना को लेकर स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि 17 जून की रात्रि पूरे परिवार खाना खाकर सो गया। तभी गांव के ही कतिपय लोगों ने हरवे हथियार एवं लाठी डंडा से लैस होकर आया और मेरे घर की किवाड़ की छिटकी तोड़कर घर में प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने मेरी पत्नी आए तो उसके साथ भी मारपीट किया एवं मेरे पत्नी की गले से सोना का चैन, मंगलसूत्र, तकिए के नीचे रखा बाली,टीका नथुनी तथा मेरे गर्दन से सोना का चैन एवं बैग में रखा पच्चीस हजार रुपया ले लिया। पुनः मुझे बाहर खींचकर मारपीट करने लगा। बचाव करने पत्नी आई तो उसे भी मारपीट कर बेनग्न कर दिया। शोर होने पर बगल के लोग जुटकर डकैत का हल्ला किया तो सभी भाग गया। जख्मी अवस्था में ग्रामीणों द्वारा मुझे और मेरी पत्नी को विभूतिपुर सीएससी इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने घटना का कारण बताया है कि 1 महीने पहले मेरी शादी हुई है उक्त आरोपित की बहन मेरे घर बराबर आती थी। मेरे सवाल के बारे में सब कुछ जानती थी। उसी के कहने पर घटना का अंजाम दिया गया है।

# प्रभार नहीं सौंपने पर पूर्व प्राचार्य पर कार्रवाई का प्रस्ताव



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा कॉलेज बहेड़ा में शासी निकाय की बैठक अध्यक्ष रामनारायण ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कालेज कर्मियों के मासिक पेंशन में 10 प्रतिशत की वृद्धि। पूर्व प्राचार्य डॉ.शशिकांत पाठक के प्रभार नहीं सौंपने पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। खर्च की गई राशि का समीक्षा कर अनुमोदन किया गया। इसके अलावा समाजशास्त्र, संगीत, अर्थशास्त्र, जंतुविज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति करवाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 10 प्रस्ताव पारित किया गया। सचिव प्रो.सुरेश प्रसाद सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो.ऐजाज अहमद, प्रभारी प्राचार्य डॉ उमेश चंद्र झा एवं शिक्षक प्रतिनिधि प्रो.मोहम्मद जाकिर हुसैन खां (फुलबाबू) शामिल थे।

# खुटौना थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक,लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन सहित शराबबंदी पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा आज खुटौना थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की तथा अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट एवं कुर्की आदेशों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गंभीर आपराधिक मामलों में त्वरित गिरफ्तारी की आवश्यकता पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने पूर्ण शराबबंदी कानून के अनुपालन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी देते हुए अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने को कहा। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन व उसके परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। उन्होंने थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं आम नागरिकों को त्वरित न्यायसंगत सेवा उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सहित सभी कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनहित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों का वेतन स्थगित करें : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा । जिलाधिकारी तारणजोत सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभागीय मासिक समीक्षात्मक बैठक बुधवार को आहुत की गई। जिलाधिकारी के द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा जिलान्तर्गत को गर्भवती माताओं का शत्-प्रतिशत् ए.ए. सी. सुनिश्चित करने तथा संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, मधेपुरा एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्वास्थ्य संस्थानो में लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत यक्ष्मा जाँच सुनिश्चित करवाने हेतु निदेशित किया गया। सदर अस्पताल, मधेपुरा में सी-सेक्सन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, मधेपुरा को चिकित्सकवार गहन समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सको का वेतन स्थगित करते हुए आवश्यक कारवाई करने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, मधेपुरा एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिलान्तर्गत को चिकित्सक एवं कर्मियो का बायोमैट्रिक के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चत करने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नियमित टीकाकरण के समीक्षा के क्रम में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिलान्तर्गत को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित कर शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया। एन सी डी स्क्रीनिंग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित डाटा पोर्टल पर इंट्री करवाने हेतु निदेशित किया गया। एम्बुलेंस संचालन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपाधीक्षक सदर अस्पताल एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को एम्बुलेंस परिचालन का दैनिक समीक्षा करते हुए राज्य स्तर से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया।

# पीला मोजेक वायरस से सूख रहे मूंग के पौधे

प्रात : किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के कई एकड़ में लगे मूंग की फसलों को पीला मोजेक रोग ने अपनी चपेट में ले लिया है। इसके साथ ही इल्लियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है, इल्लियां फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रही हैं। पीला मोजेक वायरस से मूंग की फसल सूख रही है। इस रोग से मूंग के पौधे की पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं। बाद में फूल और फलियां सूखकर गिर जाती हैं। बता दें कि मूंग की फसल में पीला मोजेक वायरस एक गंभीर समस्या है, जिसके कारण पौधे सूखने लगते हैं। यह वायरस पत्तियों को पीला कर देता है, जिससे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है और उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। इस रोग के फैलने का मुख्य कारण सफेद मक्खी है जो संक्रमित पौधों से रस चूसकर स्वस्थ पौधों पर बैठती है, जिससे वायरस एक पौधे से दूसरे पौधे में फैलता है। इस बाबत कृषि विभाग की माने तो संक्रमित पौधों को तुरंत उखाड़ कर नष्ट कर दें इससे अन्य स्वस्थ पौधे बच सकेंगे। साथ ही ऐसी किस्मों के मूंग का चयन करें जो पीला मोजेक वायरस के प्रतिरोधी हों इसके अलावा एक ही खेत में हर साल अलग-अलग फसलें लगाएं ताकि मिट्टी में वायरस का जमाव कम हो सके।

# सुलतानगंज देवघर मुख्य मार्ग में पहला सीएनजी फ्यूल स्टेशन का हुआ उद्घाटन

## सावन में विभिन्न राज्य के वाहनों को मिलेगा लाभ

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर) । सुलतानगंज देवघर मुख्य मार्ग में संग्रामपुर गोरगामा के समीप ओम साईं कृष्णा एसपी फ्यूल सेन्टर का पहला सीएनजी खोला गया।जिससे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में विभिन्न राज्यों से आए सीएनजी वाहन को लाभ मिलेगा। सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चीफ रीजनल मैनेजर पंकज वासवानी जनरल भागलपुर एरिया सेल्स मैनेजर अभिजित सौरभ,संचालक पूनम सिंह अमित कुमार सहित अन्य ने फीता काटकर किया. इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि सीएनजी स्टेशन के खुलने से इलाके के साथ-साथ अन्य इस मार्ग से गुजरने वाले यात्री वाहन चालकों के साथ-साथ अन्य लोगों को सुविधा मिलेगी. साथ ही बताया कि जो वाहन पेट्रोल और डीजल से चल रहे हैं उनको सीएनजी चाहिए तो आसानी से यहां उपलब्ध होगा।मौके पर संतोष सिंह, गौतम साह आदि मौजूद थे।

# श्रावणी मेला को लेकर जिला पदाधिकारी ने कच्ची कांवरिया पथ का किया निरीक्षण

## सरकारी धर्मशाला शौचालय चापाकल बिजली इत्यादि चीजों का अधतन लिया जानकारी

● पीएचडी भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को दिए कई आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। आगामी 14 जुलाई से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने मुंगेर जिले के अंतर्गत पड़ने वाले 26 किलोमीटर कमराय से कुमरसार कच्ची कांवरिया पथ का गुरुवार के दिन निरीक्षण किया । जानकारी के अनुसार सरकारी धर्मशाला गोगाचक, मनियां , एवं कुमरसार, धर्मशाला के भीतर और बाहर हिस्सों में भोलेनाथ के भक्तों के लिए की जा रही बेहतर व्यवस्था बनाने का ध्यान रखते हुए किए जा रहे कार्य का भी निरीक्षण किया । मुख्य रूप से तारापुर से सेटे गोगाचक कच्ची कांवरिया पथ पर स्थापित सरकारी धर्मशाला गोगाचक के कार्य में जा रही कुछ बधाएं को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार को विशेष निर्देश दिए । वहीं इस धर्मशाला के ऊपर भी कमरा निर्माण कराने को लेकर भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को इसकी प्राक्कलन तैयार करने का विशेष निर्देश दिया । इतना ही नहीं इस वर्ष पीएचडी विभाग द्वारा पूर्व से बनाए गए शौचालय के भीतर अलग से कमोड युक्त शौचालय का निर्माण भी करने का विशेष निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया । विभाग द्वारा शौचालय के भीतर और बाहर लगाए गए नल एवं चापाकल को स्वयं उन्होंने चलाकर भी देखने का काम किया । रणगांव ,गोगाचक, मनिया ,एवं कुमरसार सभी सरकारी चारों धर्मशाला का हो रहे रंग रोगन एवं साफ सफाई कराने को लेकर अच्छी तरह से काम कराने का विशेष निर्देश संबंधित संवेदक को दिया गया । बता दें कि मुंगेर जिला के 26 किलोमीटर की दूरी में बिछाए जा रहे गंगा का बालू सरकारी प्राक्कलन में दिए गए दिशा निर्देश के मद्देनजर नजर रखते हुए कमी करने पर कार्रवाई करने की बातें कहीं । जिला पदाधिकारी के आने से पहले असरगंज तारापुर एवं संग्रामपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा पूरी शक्ति के साथ अतिक्रमण को हटाया गया । मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता दिलीप कुमार बीडीओ प्रशांत कुमार अंचल अधिकारी संतोष कुमार सभी थाना अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता मुख्य रूप से निरीक्षण के मौके पर मौजूद थे ।

# बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट संस्थान का डीएम ने निरीक्षण किया



मुंगेर । अरविंद कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई मुंगेर द्वारा संचालित पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया । जिला निरीक्षण समिति में सिविल सर्जन मुंगेर, अपर पुलिस अधीक्षक (मु0)-सह-नोडल पदाधिकारी विशेष किशोर पुलिस इकाई मुंगेर, सदस्य सचिव-सह-सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर सहित कुल 6 सदस्य हैं । समिति द्वारा पर्यवेक्षण गृह में आवासित विधि-विवादित, किशोरों से बातचीत के क्रम में गृह में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन-पानी,स्वास्थ्य, खेलकूद, मनोरंजन, साफ-सफाई, सुरक्षा इत्यादि की व्यवस्था से सभी किशोर संतुष्ट एवं प्रसन्नचित्त पाए गए । पर्यवेक्षण गृह में आवासित किशोरों को कंप्यूटर, संगीत एवं योग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है । विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, मुंगेर के संचालन एवं छोटे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं से समिति काफी संतुष्ट हुई । जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं भंडार गृह में रखे अन्न एवं फ्रिज में रखे सब्जियों, फलों का निरीक्षण किया गया, जो ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण पाये गये । मौके पर अधीक्षक पर्यवेक्षण गृह, मुंगेर एवं समन्वयक विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, मुंगेर सहित सभी कर्मीगण मौजूद रहे ।

# मुंगेर के आयुक्त ने बेगुसराय जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की एजेंडावार समीक्षाक किया, दिए अवश्यक निदेश

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर । श्री अवनीश कुमार सिंह, आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय बेगूसराय के सभागार में बेगूसराय जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बेगूसराय जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की एजेंडावार समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा, अपर समहर्ता, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि आप सभी अपने कार्य शैली में सुधार लाएं तथा पारदर्शी एवं समावेशी तरीके से कार्यों को निपटाएं। यूनिडाइरेक्शन मोड में कार्य करें, ताकि सभी कार्य ससमय निष्पादित हो सके। उन्होंने जिलाधिकारी बेगूसराय से कहा कि लगातार सभी विभागों कि समीक्षा करें और संचालित योजनाओं कि अद्यतन जानकारी अथवा रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कि गई घोषणाओं के क्रियान्वयन कार्यों में भी तेजी लाएं। संचिका के निष्पादन में भी तेजी लाएं। बैठक में निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीआरसीसी मैनेजर के वेतन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारी से सख्त लहजे में कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में चल रहे महिला संवाद से प्राप्त आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उसे निष्पादित करें और लंबित आवेदनों को अविलम्ब खत्म करें। डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में आने वाले आवेदनों पर भी उन्होंने शीघ्र कार्रवाई कर दस्तावेज बनवाने के निर्देश दिए। ऑनलाइन म्यूटेशन और परिमार्जन प्लस की अच्छी उपलब्धि पर उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए इसी तरह कार्य निष्पादित करने के निर्देश दिए। जबकि ऑनलाइन अभियान बसेरा में बखरी और बलिया में आवेदन को नॉट फिट फॉर अलॉटमेंट के आधार पर लंबित रखने पर नाराजगी असंतोष व्यक्त करते हुए इसकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं डीसीएलआर म्यूटेशन अपील में छह माह पुराने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने न्यायलय के सभी लंबित मामलों को 15 अगस्त तक पूर्ण कर लें। कोर्ट को सभी 5 कार्य दिवस में चलाएं। नीलाम पत्र न्यायलय में लंबित मामलों के निष्पादन में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं हर घर नल जल योजना की जानकारी भी ली। आयुक्त ने कहा कि शत प्रतिशत घरों में नल जल योजना का कनेक्शन लगाएं और अधिक से अधिक लाभुकों को उसका लाभ दिलाएं। अभियान बसेरा 2 की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि नियमित रूप से हर कार्य का सर्वे करें और जेनुइन लोगों को लाभ उपलब्ध कराएं। गलत सर्वे किसी भी प्रकार से ना हो इसका ध्यान रखें अन्यथा संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल और भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय में राजस्व से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन की उन्होंने समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से कहा कि जितने भी लंबित मामले हैं उन्हें शीघ्रता शीघ्र निष्पादन करें। नीलम पत्रवाद से संबंधित लंबित मामलों को भी निष्पादित करें और अधिक से अधिक राशि कि वसूली कर राजस्व बढ़ाएं। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन निर्माण में जमीन चिन्हित कर भवन निर्माण कि कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य कि उपलब्धि भी अच्छी पाई गई। 15वें वित्त आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि जिन पंचायत में मुखिया द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए जा रहे हैं अथवा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जा रही है, वैसे मुखिया को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रतिवेदन भेजें उन्हें मेरे स्तर से नियमानुकूल पदच्युत करने की कार्रवाई की जाएगी। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा में उन्होंने कहा कार्यपालक अभियंता से कहा कि आप अपने सभी जेई को सभी प्रखंड कार्यालय में बैठने के निर्देश दें। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि जितने भी छात्रावास का संचालन किया जा रहा है, उसका निरीक्षण कर जांच करें। 15 जुलाई के बाद किसी भी दिन मेरे द्वारा इन छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, उस दौरान यदि कोई कमी पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नामांकन की प्रक्रिया भी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुक्त ने अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के तहत पीड़ितों को एक माह के अंदर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जिला पदाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग की लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिए। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने कहा की आपूर्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे राशन कार्ड को शत प्रतिशत लाभुकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्राकृतिक तथा और अप्राकृतिक आपदाओं में मृत आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि शत प्रतिशत लाभुकों तक उपलब्ध कराएं। बाढ़ पूर्व सारी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित प्रखंड अथवा अंचल में नाव कि स्थिती कि रिपोर्ट लें तथा पूर्व का यदि किसी नाविक का कोई बकाया है तो उसे अविलम्ब भुगतान करें, ताकि बाढ़ के दौरान ऐसी कोई समस्या उत्पन्न न हो जिससे परेशानी का सामना करना पड़े।

# ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई संवाददाता भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रथम स्तरीय परीक्षण (एफएलसी) का गुरुवार 19 जून को जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिला पदाधिकारी श्री नवीन द्वारा निरीक्षण किया गया। एफएलसी का कार्य आगामी 29 जून तक जारी रहेगी। एफएलसी का कार्य सोनपे स्थित ईवीएम वेयर हाउस में किया जा रहा है। इस तकनीकी प्रक्रिया का संचालन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त ईसीआईएल कंपनी के 18 अभियंताओं की टीम की देखरेख में हो रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री नवीन ने भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के मुताबिक एफएलसी कार्य को पूरा किए जाने का निर्देश सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी को दिया।

# लखीसराय में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया गया शुरू,एसपी अजय कुमार ने कहा,सभी थाना प्रभारी को दी गई जिम्मेदारी

## आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसी हथियारों का किया जा रहा भौतिक सत्यापन



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! लखीसराय जिले में लाइसेंसी हथियारों का भौतिक सत्यापन शुरू हो गया है !सभी थाना प्रभारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है !एसपी अजय कुमार ने कहा कि सभी सशस्त्रधारी अपने लाइसेंसी हथियारों के साथ संबंधित थाना में पहुंचे !वहां हथियार,लाइसेंस और जरूरी कागजातों की जांच की जाएगी !उन्होंने बताया कि यह सामान्य प्रक्रिया है इसका मकसद शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है !एसपी अजय कुमार ने सभी लाइसेंसधारी से अपील की है कि वे जल्द से जल्द सत्यापन का कार्य कर लें !ताकि बाद में किसी तरह की कोई परेशानी उत्पन्न न हो ! उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है !हर हाल में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना उनकी प्राथमिकताओं में से है !

# बाल श्रमिकों के विमुक्ति हेतु सभी प्रतिष्ठानों में खासकर चिमनी भट्ठों, होटल, गैरेज पर सघन छापेमारी करें : डीएम




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में श्रम संसाधन विभाग अन्तर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को झल्लू बाबु सभागार में आहूत की गई। सर्वप्रथम जिले में बाल श्रमिकों के विमुक्ति हेतु सभी प्रतिष्ठानों में खासकर चिमनी भट्ठों, होटल, गेरेज पर सघन छापेमारी की कार्रवाई हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। साथ हीं जिले से विमुक्त सभी बाल श्रमिकों को अविलंब पुनर्वासित किये जाने हेतु श्रम अधीक्षक को निदेश दिया गया। साथ हीं विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से विमुक्त बाल श्रमिकों तथा उनके माता-पिता को लाभान्वित करने का निदेश दिया गया। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि बाल श्रम विमुक्ति हेतु श्रम संसाधन विभाग, बाल संरक्षण इकाई व पुलिस विभाग के पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से बाल श्रम धावादल का संचालन किया जा रहा है। जिले में अवस्थित विभिन्न दुकानों / प्रतिष्ठानों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 22 धावादल का संचालन किया गया तथा कुल 21 बाल श्रमिकों को विमुक्त करवाते हुए पुनर्वासन की कार्रवाई की जा रही है। माह मई में 6 तथा माह जून में 11 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराते हुए बाल कल्याण समिति, मधेपुरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं इन 21 बाल श्रमिकों की विवरणी बाल श्रम ट्रैकिंग सिस्टम (सी एल टी एस) पोर्टल दर्ज कर ली गई है। जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा निदेश दिया गया कि सभी असत्यापित विमुक्त बाल श्रमिकों का सत्यापित करवाते हुए सभी योग्य विमुक्त बाल श्रमिकों को पुनर्वासन हेतु कार्रवई करें तथा सभी विमुक्त बाल श्रमिकों का नजदीकी स्कूल में नामांकन हेतु सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करवाए एवं बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु नियमित रूप से धावा दल का संचालन सुनिश्चित किया जाए एवं विभागीय लक्ष्य के अनुरूप बाल श्रमिकों की विमुक्ति सुनिश्चित की जाए। सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6 इनटाइटलमेंट कार्ड जेनरेट किये गये हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि विमुक्त होनेवाले सभी बाल श्रमिकों को यथाशीघ्र इनटाइटलमेंट कार्ड जेनरेट करते हुए उपलब्ध कराया जाए।

# नियोजित शिक्षकों के विभिन्न मांगों को लेकर उग्र आंदोलन व तालाबंदी करेगा बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ : सत्यप्रकाश

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय ! जिले के शिक्षकों ने वेतन भुगतान,शिक्षकों से सेवा पुस्तिका के नाम पर अवैध उगाही, शिविर लगाकर शिक्षकों का वेतन निर्धारण,नेत्रहीन एवं विकलांग शिक्षकों को भत्ता देने आदि विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है !इस संबंध में बिहार न्यूज से जानकारी साझा करते हुए लखीसराय जिला प्रारंभिक शिक्षक संघ के महासचिव सत्य प्रकाश ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि कई महीनों से शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है जिससे लखीसराय जिले के हजारों शिक्षक भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं !उन्होंने कहा कि बिहार सरकार से लेकर जिला प्रशासन तक शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है !उन्होंने जिले के डीएम मिथिलेश मिश्र से भी शिक्षकों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की मांग की !संघ के महासचिव सत्य प्रकाश ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर जिले के शिक्षकों के वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तो शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के कार्यालय में तालाबंदी करने का कार्य करेंगे !उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार सरकार का शिक्षकों के प्रति नकारात्मक रवैया है,तो आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य के लाखों शिक्षक वर्तमान सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम करेंगे !वहीं संघ के जिला अध्यक्ष जय कुमार निराला ने भी नियोजित अप्रशिक्षित विकलांग और नेत्रहीन शिक्षकों के साथ राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के रवैये को अमानवीय बताते हुए कहा कि जिस तरह से शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं उसी प्रकार सरकार को भी चाहिए कि शिक्षकों के समस्याओं का अविलम्ब निराकरण करें नहीं तो विभागीय पदाधिकारी के कार्यालयों में तालाबंदी का कार्य करेंगे !उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपने हक- हकूक के लिए नियोजित और अप्रशिक्षित शिक्षक सरकार के खिलाफ गोलबंद होकर जोरदार आंदोलन व प्रदर्शन करेंगे और आने वाले चुनाव में सरकार की नींव हिला देंगे !

# शस्त्रों एवं कारतुसों के भौतिक सत्यापन 25 जून से शुरू डीएम ने किया आदेश जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिलापदाधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न कराने हेतु मधेपुरा जिलान्तर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रों एवं कारतुस थानावार भौतिक सत्यापन कराए जाने का आदेश जारी की गई है। फलस्वरूप विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के निमित्त सभी प्रकार के शस्त्रों एवं कारतुस का भौतिक सत्यापन करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी मधेपुरा / उदाकिशुनगंज को प्राधिकृत एवं प्रतिनियुक्त किया गया है तथा शस्त्रों एवं कारतुसों के भौतिक सत्यापन की अवधि दिनांक 25.06.2025 से 11.07.2025 तक निर्धारित की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज को निदेश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथियों को 10:30 पूर्वा. से 5 बजे अप. तक अनुमंडल कार्यालय में शस्त्रों एवं कारतुसों का भौतिक सत्यापन कर अनुज्ञप्ति पर निरिक्षण की तिथि अंकित करते हुए विगत तीन वर्षों के कारतुसों की सुस्पष्ट जानकारी प्राप्त करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों का मान्यतः निमित रूप से समाचार पत्र नहीं देख पाते हैं के फलस्वरूप सभी थानाध्यक्ष मधेपुरा जिला को निदेश दिया गया है कि शस्त्र पंजी के अनुसार थानान्तर्गत सभी अनुज्ञप्तिधारियों को चौकीदार/दफादार के माध्यम से लिखित सूचना भी तामिला कराएंगे। इसके साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित कराएंगे। इस आदेश का पालन नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलान्तर्गत मृत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के उतराधिकारियों के द्वारा धारित शस्त्र को संबंधित थाना प्रतिष्ठान में जमा नहीं करने की सूचना प्राप्त होती है। आमजनों से अपील की गई है कि अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन ससमय करा लें एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को आपेक्षित सहयोग करेंगे।

# ढ़ालनुमा पहुंच पथ बनाने को लेकर ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) बिहपुर से बिरपुर जाने वाली एनएच 106 मुख्य सड़क में फिलहाल उदाकिशुनगंज से फुलौत तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कराए जाने वाले उक्त सड़क में संवेदक द्वारा जनहित का कोई भी ख्याल नही रखा जा रहा है। जिससे उक्त सड़क से विभिन्न ग्रामीण सड़कों की ओर आवाजाही करने वाले खासकर मोटरसाइकिल चालकों सहित ओटो एवं छोटे चार पाहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के शिकार होकर चोटिल हो रहें हैं। लिहाजा कुरसंडी के ग्रामीणों ने काफी आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर उतरकर इस समस्या के समाधान के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। मालूम हो कि एनएच 106 सड़क निर्माण में जुटे संवेदक द्वारा इन दिनों उदाकिशुनगंज से फुलौत तक सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य के दौरान पुरैनी प्रखंड अंतर्गत पुरैनी आलमनगर सीमा से लाठी टोला,कुरसंडी चौक से कुरसंडी गांव, कुरसंडी धर्म कांटा के समीप से भोला बाबू बासा एवं गणेश प्रभा फ्यूल सेंटर के आगे कुरसंडी जाने वाली ग्रामीण सड़क में ढालनुमा पहुंच पथ का निर्माण नहीं किए जाने से उक्त सभी ग्रामीण सड़कों से निमार्णाधीन एनएच 106 सड़क पर चढ़ने या फिर एनएच 106 सड़क से उतरने के दौरान आए दिन मोटरसाइकिल चालक सहित ओटो एवं छोटे चार पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाया करते हैं। इस समस्या को लेकर कुरसंडी पंचायत के उप मुखिया राम प्रकाश उर्फ पमपम सिंह के नेतृत्व में सुधीर मिस्त्री, विलास पासवान, दिवाकर चौधरी, विकास राम, मनोज चौधरी, मु.रहमान, संजीव कुमार चौधरी, शंकर आनंद, बाबुल कुमार, रूपक सिंह, दिनेश पासवान, विरन ऋषिदेव, नकुल राम, बबलू पोद्दार, सुरज कुमार, दिनेश पोद्दार, पांचु राम सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कुरसंडी चौक पर उक्त समस्या के समाधान के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों का कहना था की निर्माण कार्य में लगे संवेदक सभी ग्रामीण सड़कों पर ढ़ालनुमा पहुंच पथ का निर्माण अविलंब कराएं। अन्यथा एनएच को जामकर संवेदक के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस बाबत एनएच निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे विभागीय कार्यपालक अभियंता अमरेंद्र सिन्हा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी ग्रामीण सड़कों के सामने ढ़ालनुमा पहुंच पथ का निर्माण कराया जाएगा।

सम्पादकीय

## बुजुर्गों के साथ हदें पार करता हुआ दुर्व्यवहार -समाज व सरकार द्वारा संज्ञान लेकर सख़्त कार्रवाई करना जरूरी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के देशों में विशेष रूप से भारत में माता-पिता बड़े बुजुर्गों को हमेशा भगवान ईश्वर अल्लाह का रूप दिया जाता रहा है,जिसका सटीक रूप भगवान राम, श्रवण जैसे अनेकों उदाहरण मौजूद है परंतु मुझे आज के युग में ऐसा महसूस हो रहा है कि यह सब अब कहानीयाँ व भूला बिसरा इतिहास बनता जा रहा है क्योंकि आज माता-पिता बड़े बुजुर्गों को सम्मान की बातें विलुप्तता की ओर चल पड़ी है। मैं आज यह बातें इसलिए कर रहा हूं क्योंकि आधुनिक युग में हम अनेकों पिताओं के नोटिस प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भेजतेहैं कि इन्होंने अपनी औलाद को संपत्ति से बेदखल कर दिया है या फिर औलाद के द्वारा अपमान करने व खर्च नहीं देने के केस डालने सहित बुजुर्गों के साथ अनेकों समस्याएं बढ़ गई है कम से कम मैं तो प्रैक्टिकल में देखते ही रहता हूं व कोशिश करता हूं कि उनकी कुछ हेल्प कर सकूं जो आज के युवाओं को दिलों दिमाग में बैठाकर रेखांकित करना होगा कि जिस मां-बाप व बड़े बुजुर्गों ने उन्हें पाल-पोस्कर रोजगार पर लगाकर इस लायक बनाया है, कि वह ठसके के साथ जिये, परंतु आज नतीजा उल्टा हो गया है कि जिन्होंने उनको आज ठसके के लायक बनाया आज उनको ही ठस्का दिखाकर घर से देखा बेदखल कर या रोज अपमान करते रहने की बात इन शब्दों के साथ आ रही है कि,बुढ़ऊ तुमको क्या समझता है? दुनियाँ बदल गई है, तुम कुछ नहीं कर सकते, तुम चुपचाप बैठो, यह अपमान व जहर भरे शब्दों से की गई बातों का प्रचलन बढ़ गया है, यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि 15 जून 2025 को हम विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मना रहे हैं, इसलिए आओ हम मिलकर युवाओं को जागरूक करें कि यह बड़े बुजुर्ग ही तुम्हारे भगवान ईश्वर अल्लाह है। चूँकि बुजुर्गों के साथ हदें पार करता हुआ दुर्व्यवहार-समाज व सरकार द्वारा संज्ञान लेकर सख़्त कार्रवाई करना जरूरी हो गया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आज के युग में बुजुर्ग अपने ही घर परिवार वालों व औलाद से अपेक्षाकृत अधिक दुर्व्यवहार का डंक सहन कर चुप बैठे हैं जो,घर-घर की कहानी बनते जा रही है।

साथियों बात अगर हम इस आधुनिक युग में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 15 जून 2025 की करें तो सबसे पहले मैं भारत में बुजुर्गों को उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में जानकारी देना चाहूंगा।सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए कई नियम बनाए हैं, जिनमें प्रमुख है कि यदि बुजुर्गों की देखभाल न की जा रही हो या वे प्रताड़ना का शिकार हो रहे हों तो माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत ट्रिब्यूनल बच्चों या रिश्तेदारों को घर से निकालने का आदेश दे सकता है, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि यह अधिकार कानून की धारा 23(2) में निहित है, जिसके तहत बुजुर्ग संपत्ति से भरण-पोषण का हकदार होता है, और यदि वह संपत्ति किसी को ट्रांसफर कर दे तो यह हक नए मालिक पर भी लागू होता है।1 भरण-पोषण का अधिकार-- यदि कोई बुजुर्ग अपनी आय या संपत्ति से अपने खर्च नहीं उठा पा रहे हैं, तो वे अपने बच्चों, बहू या सौतेले बच्चों से भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं।यह अधिकार उन्हें माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत प्राप्त है।कोई भी माता- पिता,चाहे वे जन्मदाता हों या सौतेले, यहां तक कि जिनके कोई संतान नहीं है, वे भी यह दावा कर सकते हैं। 2 संपत्ति वापसी का अधिकार-अगर किसी ने बुजुर्ग की संपत्ति धोखे से हड़प ली है या उन्हें गलत तरीके से हटाया गया है, तो वे इसे न्यायाधिकरण या सिविल कोर्ट के माध्यम से वापस पा सकते हैं।यदि संपत्ति बच्चों को केवल सेवा और देखभाल की शर्त पर दी गई थी, और वे उस दायित्व को पूरा नहीं कर रहे, तो बुजुर्ग कानूनी रूप से संपत्ति वापस ले सकते हैं। 3 दुर्व्यवहार के खिलाफ शिकायत का अधिकार- मारपीट, अपशब्द, मानसिक प्रताड़ना, इलाज से इनकार या आर्थिक शोषण, ये सभी कानूनी अपराध हैं। बुजुर्ग बुजुर्ग न्यायाधिकरण, जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस थाने में लिखित शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता और प्रक्रिया सरल है। संविधान और कानून भी बुजुर्गों के साथ-हमारे संविधान में भी बुजुर्गों की रक्षा के प्रावधान हैं: (1) अनुच्छेद 2- हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार (2) अनुच्छेद 41- सरकार बुजुर्गों के कल्याण की नीति बनाए।(3) एचएएमए अधिनियम 1956 की धारा 20- संतान अपने माता- पिता की देखभाल करने को बाध्य है (4) माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 लागू होना।

## केएस सुदर्शन : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का ज्ञानकोष

हमारे सुदर्शनजी साभार ! राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पांचवे सर संघचालक कुप्पाली सीतारमैया सुदर्शन तमिलनाडु और कर्नाटक की सीमा पर बसे कुप्पहल्ली, मैसूर ग्राम के मूल निवासी थे। केएस सुदर्शन के पिता सीतारामैया ने शासकीय सेवा नौकरी के कारण अधिकांश समय मध्यप्रदेश में ही बिताया। वहीं रायपुर जिले में 18 जून, 1931 को श्री सुदर्शन का जन्म हुआ। तीन भाई और एक बहिन वाले परिवार में सुदर्शन जी सबसे बड़े थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर, दमोह, मंडला और चंद्रपुर में हुई। मात्र 9 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शाखा में भाग लिया। उन्होंने वर्ष 1954 में जबलपुर के सागर विश्वविद्यालय, इंजीनिरिंग कालेज से दूरसंचार विषय में बीई की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 23 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बने। सर्वप्रथम उन्हें रायगढ़ भेजा गया।

श्री सुदर्शन संघ कार्यकताओं के बीच शारीरिक प्रशिक्षण के लिए जाने जाते थे। वह स्वदेशी की अवधारणा में विश्वास रखते थे। समरसता और सद्भाव के लिए अपने कार्यकाल के दौरान वह ईसाई और मुस्लिम समाज से सतत संवाद स्थापित करने में प्रयत्नशील रहे। श्री सुदर्शन जी ज्ञान के भंडार, अनेक विषयों एवं भाषाओं के जानकार तथा अद्भुत वक्तृत्व कला के धनी थे। इसलिए उनको राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का ज्ञानकोष कहा जाता था। किसी भी समस्या की गहराई तक जाकर, उसके बारे में मूलगामी चिन्तन कर उसका सही समाधान ढूंढ निकालना उनकी विशेषता थी। पंजाब की खालिस्तान समस्या हो या असम का घुसपैठ विरोधी आन्दोलन, अपने गहन अध्ययन तथा चिन्तन की स्पष्ट दिशा के कारण उन्होंने इनके निदान हेतु ठोस सुझाव दिये।

उनकी यह सोच थी कि बंगलादेश से असम में आने वाले मुसलमान षड्यन्त्रकारी घुसपैठिये हैं। उन्हें वापस भेजना ही चाहिए, जबकि वहां से लुट-पिट कर आने वाले हिन्दू शरणार्थी हैं, अतः उन्हें सहानुभूतिपूर्वक शरण देनी चाहिए। श्री सुदर्शन को संघ-क्षेत्र में जो भी दायित्व दिया गया उसमें उन्होंने नये-नये प्रयोग किये। 1969 से 1971 तक उन पर अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख का दायित्व था। इस दौरान ही खड्ग, शूल, छुरिका आदि प्राचीन शस्त्रों के स्थान पर नियुद्ध, आसन, तथा खेल को संघ शिक्षा वर्गों के शारीरिक पाठ्यक्रम में स्थान मिला। 1979 में वे अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख बने। शाखा के अतिरिक्त समय से होने वाली मासिक श्रेणी बैठकों को सुव्यवस्थित स्वरूप 1979 से 1990 के कालखंड में ही मिला। शाखा पर होनेवाले प्रातःस्मरण के स्थान पर नये एकात्मता स्तोत्र एवं एकात्मता मन्त्र को भी उन्होंने प्रचलित कराया। 1990 में उन्हें सह सरकार्यवाह की जिम्मेदारी दी गयी।

देश का बुद्धिजीवी वर्ग, जो कम्युनिस्ट आन्दोलन की विफलता के कारण वैचारिक संभ्रम में डूब रहा था, उसकी सोच एवं प्रतिभा को राष्ट्रवाद के प्रवाह की ओर मोड़ने हेतु प्रज्ञा-प्रवाह नामक वैचारिक संगठन की नींव में श्री सुदर्शन जी ही थे। चौथे सरसंघचालक रज्जू भैया को जब लगा कि स्वास्थ्य खराबी के कारण वे अधिक सक्रिय नहीं रह सकते, तो उन्होंने वरिष्ठ कार्यकताओं से परामर्श कर 10 मार्च, 2000 को अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में श्री सुदर्शन को यह जिम्मेदारी सौंप दी। नौ वर्ष बाद श्री सुदर्शन ने भी इसी परम्परा को निभाते हुए 21 मार्च, 2009 को सरकार्यवाह श्री मोहन भागवत को छठे सरसंघचालक का कार्यभार सौंप दिया। प्रभु इच्छा रायपुर में ही जन्मे के एस सुदर्शन का 81 वर्ष की आयु में 15 सितम्बर 2012 को रायपुर में ही दिल का हृदयाघात से देवलोकगमन निधन हुआ। उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि !

# वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध पुन : गढ़े जा रहे झूठे विमर्श

**भारत एक ओर अतिआधुनिक तकनीकि के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एवं डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर वित्तीय क्षेत्र में ऑनलाइन व्यवहारों के मामले में भी भारत आज कई देशों का मार्गदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है**





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक**

वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में भारत का उदय कुछ देशों को रास नहीं आ रहा है। विकसित देशों के बीच पूरे विश्व में भारत आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जापान, ब्रिटेन, फ्रांन्स, इटली आदि देशों से आगे निकलते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही लगभग एक वर्ष के बाद जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के आसार भी अब स्पष्टतः दिखाई दे रहे हैं। भारत एक ओर अतिआधुनिक तकनीकि के आर्टिफिशयल इंटेलिजेन्स एवं डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर वित्तीय क्षेत्र में ऑनलाइन व्यवहारों के मामले में भी भारत आज कई देशों का मार्गदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर भारत आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए विश्व के अन्य देशों पर अपनी निर्भरता को कम करता जा रहा है। भारत के विकास की यह गति एवं राह कुछ देशों को बिलकुल उचित नहीं लग रही है एवं वे वैमनस्य का भाव पालते हुए भारत के विरुद्ध एक बार पुनः कुछ झूठे विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,730 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,870 अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में बांग्लादेश जैसे छोटे देश से भी पीछे है। अतः यह झूठा विमर्श गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है भारत में किस प्रकार का आर्थिक विकास हो रहा है जिससे भारतीय नागरिकों की आय तो उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रही है, जिस तेजी से भारत का आर्थिक विकास होता हुआ दिखाई दे रहा है। आंकड़ों का उचित तरीके से विश्लेषण न करते हुए भारत के संदर्भ में गलत जानकारी देने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी मामले में तुलना दो आमों के बीच ही सम्भव है आम एवं संतरे के बीच तुलना कैसे सम्भव है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या केवल 17 करोड़ से कुछ ही अधिक है। भारत एक विशाल देश है जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आज भी गावों में निवास करती है। भारत में 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। बांग्लादेश, भारत के सामने एक पिद्दी सा देश है। यदि तुलना करनी ही हो तो भारत की तुलना चीन से की जा सकती है। इसी प्रकार, बांग्लादेश की तुलना स्विटज़रलैंड, नीदरलैण्ड, स्वीडन आदि जैसे छोटे देशों से की जा सकती है। स्विट्जरलैंड में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 99,564 अमेरिकी डॉलर; नीदरलैण्ड में 64,572 अमेरिकी डॉलर एवं स्वीडन में 55,516 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति है। ब्रिटेन ने जब भारत में अपनी सत्ता को छोड़ा था अर्थात भारत ने वर्ष 1947 में जब राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी, परंतु आज केवल 4 से 4.5 प्रतिशत भारतीय ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि, बांग्लादेश में लगभग 19 प्रतिशत नागरिक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद का आकार केवल लगभग 46,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। सकल घरेलू उत्पाद को देश की कुल जनसंख्या से बांट कर ही प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े को प्राप्त किया जा सकता है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या मात्र 17 करोड़ है। इससे प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का आंकड़ा बांग्लादेश की तुलना में कुछ कम हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत संतुलित विकास हुआ है। भारत में न केवल धनाडयों की संख्या में अपार वृद्धि दर्ज हुई हे बल्कि गरीबी उन्मूलन पर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया है जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय कमी दर्ज हुई है।

बांग्लादेश की तुलना में भारत एक विशाल देश है एवं भारत के कई राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बांग्लादेश की तुलना में दुगने से तिगुने आकार का है। इसी प्रकार, भारत के राज्य अभी भी कुछ पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है, जैसे, बिहार, झारखंड आदि। परंतु किसी भी देश के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत निकालते समय देश के समस्त राज्यों के आंकड़ों को शामिल करना होता है। इस कारण से भी भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत कुछ कम हो जाता है।हाल ही के समय में एक और कुतर्क दिया जा रहा है कि भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के बीच भी बच्चों की जन्म-मृत्यु की दर अफ्रीकी देशों के समान बनी हुई है। इस प्रकार का झूठा विमर्श गढ़ते समय संभावतः वास्तविक स्थिति की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है। रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया की एसआरएस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1,000 शिशुओं के जन्म के बीच शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर केवल 26 है। जबकि अफ्रीकी देशों यथा नाईजीरिया में 67, कांगो में 62 एवं ईथियोपिया में 34 है।

# नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों में अभूतपूर्व कार्यों से देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर

**सब लोग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्यकाल की बात तो कर रहे हैं, वह देश हित में कितना बेहतर कर पाए अथवा और क्या-क्या कर सकते थे इस बात पर भी चर्चा हो रही है। किंतु इस बात पर किसी का भी ध्यान नहीं गया की श्री मोदी किन परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री बने और अब किन हालातो में स्वयं को भारत का प्रधान सेवक मानकर उसकी बेहतरीन की सेवा में लगे हुए हैं**





**डॉ. राघवेंद्रर शर्मा**
**लेखक**

आजकल प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सभी प्लेटफार्मों पर मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल की समीक्षा हो रही है। सभी विषय विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से उनकी कार्यशैली और देश की वर्तमान स्थिति को विश्लेषित कर रहे हैं। यहां एक बात जो विशेष रूप से दिखाई देती है, वह यह है कि सब लोग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्यकाल की बात तो कर रहे हैं, वह देश हित में कितना बेहतर कर पाए अथवा और क्या-क्या कर सकते थे इस बात पर भी चर्चा हो रही है। किंतु इस बात पर किसी का भी ध्यान नहीं गया की श्री मोदी किन परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री बने और अब किन हालातो में स्वयं को भारत का प्रधान सेवक मानकर उसकी बेहतरीन की सेवा में लगे हुए हैं। इसे समझने के लिए हमें उस कथानक पर गौर करना होगा, जिसके तहत गलत वातावरण में पले बढ़े एक बच्चे को एक योग्य विशेषज्ञ अथवा शिक्षक के पास ले जाया जाता है। शिक्षक से अपेक्षा की जाती है कि वह उक्त बालक को शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकसित करे, उसे सही दिशा दिखाए। सिखाने वाला इस चुनौती को स्वीकार भी करता है और अपने कर्तव्य के निर्वहन में जी लगाकर जुट जाता है। एक निश्चित समय बाद बच्चों के अभिभावकों को लगा कि अब तक तो बालक सर्वांगीण विकास को प्राप्त हो चुका होगा। लेकिन जैसे ही उनका गुरुकुल, गुरु और उस बच्चे से साक्षात्कार होता है तो अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिलते। इस पर गुरु से सवाल किए जाते हैं कि हमने आपके ही आश्रम में इतने ही समय में अन्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते देखा है। फिर हमारे बच्चे को क्या हुआ? यह क्यों विकास को प्राप्त नहीं हो पा रहा? क्या हमारा बच्चा भौतिक अथवा दैविक प्रतिकूलता का शिकार है या इसमें कोई जन्म जात कमी है ? क्या हम इसे पौष्टिक आहार नहीं देते देते? क्या यह किसी प्रकार के कुपोषण का शिकार है? इस पर गुरु का जवाब होता है बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इसमें कोई कमी नहीं है, ना ही इसका किसी भी प्रकार का दोष है। दोष है तो केवल उस परिवेश का जिसमें अभी तक यह रह रहा था। दरअसल मेरे गुरुकुल में बाकी जितने भी बच्चे आए उनके कच्चे मन में मैंने जो उत्कृष्ट विचार वीजारोपित करना था वह किया और मैं सफल भी रहा। सभी बच्चे सामान्य रूप से विकास को प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन आपके बच्चे का दुर्भाग्य यह है कि वह लंबे समय तक गलत परिवेश में दिग्भ्रमित प्रशिक्षण को प्राप्त होता रहा। उसने वहां जो कुछ भी सीखा उसे अच्छी तरह से मन मस्तिष्क में बिठा लिया। अब समस्या यह है कि मुझे पहले इसके मन मस्तिष्क में गहरे तक पैठ चुके उन दूषित विचारों, स्मृतियों को विलोपित करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करना पड़ रही है, जो इसे गलत परिवेश और अनुचित प्रशिक्षण से प्राप्त हुए थे। जब यह पुरानी गलत चीजों को अपनी स्मृतियों से हटा देगा तभी यह नई और सही चीजों को पूरी तरह से ग्रहण कर पाएगा। यह ठीक वैसा उपक्रम है जैसे एक साफ सुथरी कॉपी पर मनचाहा लेख लिख देना और एक लिखी हुई कॉपी पर पहले पुराने लिखे हुए को मिटाने का उद्यम करना और फिर वहां पर स्पष्ट रूप से नए अक्षरों अथवा शब्दों को अंकित करना। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो साफ सुथरी कॉपी पर लिखने में जितना समय लगा, पूर्व से लिखी हुई कॉपी का मिटाकर उस पर नया लिखने में अतिरिक्त समय लगाना पड़ गया। अब जैसे जैसे इस बालक के मन मस्तिष्क से पुराने दिग्भ्रमित और गलत प्रशिक्षण की स्मृतियां विलोपित होती जा रही हैं, वैसे-वैसे यह उत्तम गुणों को ग्रहण करता जा रहा है। जल्दी ही यह अन्य बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा और सर्वांगीण विकास के मामले में स्वयं को उत्कृष्ट साबित करने में सफल साबित होगा। ऐसा ही हुआ, कुछ समय बाद समाज ने देखा कि वह बालक अच्छे संस्कार, उत्तम सीख पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है। उसने शारीरिक एवं मानसिक परिपक्वता प्राप्त करते हुए विकास की तीव्र गति पकड़ ली है। यही स्थिति हमारे भारत देश की है। इसकी बागडोर लगभग 70 सालों तक अधिकांशतः ऐसी सरकारों के हाथ में बनी रही, जिन्होंने यह सपना देखा ही नहीं कि हम विश्व की तीन प्रमुख आर्थिक शक्तियों में शामिल हो सकते हैं। उक्त सरकारों ने कभी कल्पना की ही नहीं कि भारत देश कभी विश्व की महाशक्ति भी बन सकता है। उन्होंने कभी माना ही नहीं कि हम कभी विश्व गुरु हुआ करते थे। अधिकांश हुक्मरान भारतीय संप्रभुता के मामले में रक्षात्मक युद्ध नीति को ही अपनाते रहे। कभी यह आभास हुआ ही नहीं कि हम अपना अनिष्ट चाहने वाले को उसके घर में घुसकर मार सकते हैं। विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वदेशी आचार विचार पर कभी ध्यान गया ही नहीं। फल स्वरुप हम छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आयात पर ही निर्भर बने रहे। जब 2014 में श्री नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपी गई तब उसकी स्थिति ऐसे वीर हनुमान जैसी थी जो अपनी समस्त शक्तियों को भूलकर सुप्त अवस्था में पड़े हुए थे। आवश्यकता थी तो उन्हें यह याद दिलाने की -कवन सो काज कठिन जग माहि ।जो नहीं होय तात तुम पाही ।। सुंदरकांड में जब जामवंत जी हनुमान जी को उनकी शक्तियों का स्मरण कराते हैं, तब वह मानसिक रूप से जागृत अवस्था को प्राप्त होते हैं। लंबे कालखंड तक अपनी शक्तियां विस्मृत हो जाने से जो हनुमान जी सुग्रीव की किंचित सहायता ना कर सके, वह पल भर में समुद्र को लांघ जाते हैं, लंका को जला देते हैं, सीता माता का पता लगा लेते हैं, श्री राम और राजा सुग्रीव को माता सीता की कुशलता का समाचार देकर सारी वानर सी को मृत्युदंड से बचा लेते हैं। बड़े-बड़े राक्षसों का केवल बाईं भुजा से अंत करते चले जाते हैं। यही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर संजीवनी लाकर लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा भी करते हैं। अंततः एक समय ऐसा भी आता है जब श्री हनुमान जी अपना सीना चीर कर यह प्रतिपादित करते हैं कि संपूर्ण ब्रह्मांड के नायक श्री राम, माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ उनके हृदय में विराजमान हैं।

लिखने का आशय यह कि हनुमान जी शुरू से ही बलहीन थे, ऐसा नहीं है। वे जन्म से ही शक्तिशाली थे।

# विश्व शरणार्थी दिवस - मान्यता के माध्यम से एकजुटता

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर हर वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून को मनाया जाता है जिसकी प्रतिवर्ष एक थीम होती है,जो 20 जून 2025 की थीम मान्यता के माध्यम से एकजुटता है ।असल में,दुनिया भर में एक बड़ी संख्या में शरणार्थी रहते हैं। इनके साथ आए दिन प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा जैसी कई चुनौतियों के कारण इनको अपना देश छोड़कर बाहर भागने को मजबूर होना पड़ता है। जिसके बाद इन सभी को कईं देशों में पनाह मिल जाती है। वहीं, कई देशों से इनको निकाल भी दिया जाता है। बेशक इन्हें पनाह मिल जाए, लेकिन वो सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाते ।शरणार्थी के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसके साथ ही इस दिन को मनाये जाने का एक अन्य उद्देश्य शरणार्थियों की बुरी दुर्दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उनकी समस्याओं का हल करना है,संयुक्त राष्ट्र 1951 शरणार्थी सम्मेलन और इसके प्रोटोकाल 1967, हालांकि भारत अमेरिका ने इसपर हस्ताक्षर नहीं किए हैं,परंतु इसके अनुसार शरणार्थी सम्मेलन और इसका 1967 प्रोटोकॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है शरणार्थी दुनियाँ के सबसे कमजोर लोगों में से हैं। यह सम्मेलन और प्रोटोकॉल उनकी सुरक्षा में मदद करता है। वे एकमात्र वैश्विक कानूनी साधन हैं जो स्पष्ट रूप से एक शरणार्थी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। उनके प्रावधानों के अनुसार, शरणार्थी, कम से कम, किसी दिए गए देश में अन्य विदेशी नागरिकों के साथ व्यवहार के समान मानकों के पात्र हैं और, कई मामलों में,नागरिकों के समान व्यवहार।1951 के कन्वेंशन में कई अधिकार शामिल हैं और यह अपने मेजबान देश के प्रति शरणार्थियों के दायित्वों पर भी प्रकाश डालता है। 1951 के कन्वेंशन की आधारशिला गैर-रिफाउलमेंट का सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार, एक शरणार्थी को उस देश में नहीं लौटाया जाना चाहिए जहां उसे अपने जीवन या स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। शरणार्थियों द्वारा इस सुरक्षा का दावा नहीं किया जा सकता है,जिन्हें देश की सुरक्षा के लिए उचित रूप से खतरा माना जाता है, या विशेष रूप से गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है,उन्हें समुदाय के लिए खतरा माना जाता है। परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भाववाणी गोंदिया महाराष्ट्र, यह मानता हूं कि अभी 1951 सम्मेलन तथा 1967 के प्रोटोकॉल को संशोधन करने की जरूरत आन पड़ी है ?क्योंकि वर्तमान समय में हम अमेरिका- भारत-पाकिस्तान सहित अनेकों देशों में हो रहे गंभीर दंगों व आवर्जन विवादों के कारण माहौल दंगों में बदलने की संभावना हो गई है ?भारत का ऑपरेशन पुशबैक व अमेरिका का टारगेट@3000 से दंगा भड़क उठा है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वैश्विक परिपेक्ष में जबरन स्वार्थी पलायन शरणार्थी बनाम भय उत्पीड़न हिंसा व पर्यावरणीय जलवायु परिवर्तन शरणार्थी।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की करें तो,वहां भी घुसपैठ का हाल कमोबेश ऐसा ही है। यह जब एक बार घुसपैठिया अंदर आ जाता है तो उसको डिपोर्ट करना भी इसी तरह एक लंबा और विवादास्पद मामला बन जाता है। अमेरिका में लॉस एंजिल्स न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को जैसे कुछ ऐसे शहर हैं,जहाँ अधिकारियों को इन घुसपैठियों से पूछताछ करने या उन्हें हिरासत में लेने की अनुमति नहीं है। ये शहर डिपोर्ट करने के आदेशों या पुलिस के साथ सहयोग करने से साफ इनकार करते हैं, उन्हें कानून प्रवर्तन के राजनीतिक हथियार के रूप में देखते हैं ।जून 2025 की शुरूआत से लॉस एंजिल्स में इसी से जुड़ा एक नाटक चल रहा है। यहाँ घुसपैठियों पर जब एक्शन चालू हुआ तो इसके विरोध में प्रदर्शन होने लगे। पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और रबर की गोलियाँ चलाई। यहाँ इसके बाद यूनियन नेता को गिरफ्तार कर लिया गया, सरकार ने इसके बाद टाइटल 10 कानून के तहत 4,000 नेशनल गार्ड सैनिकों और 700 मरीन को तैनात करके जवाब दिया। इसके बाद तो बवाल और बढ़ा। कई कारों को जला दिया गया, सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया, कई पत्रकारों को घायल कर दिया गया। इस पूरे बवाल से ट्रंप सरकार की घुसपैठियों को लेकर नीति और किसी शहर को उनके लिए स्वर्ग बनाने की राजनीति माना जा सकता है। इन सब चक्करों में डिपोर्टेशन और भी कठिन हो जाता है। भले ही अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति सख्त सीमा प्रवर्तन और भूमि से अवैध अप्रवासियों को हटाने के लिए जोर दे रहे हैं, लेकिन कानूनी प्रणाली और कुछ विशिष्ट शहर इससे कड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो यहाँ भी वर्तमान में ऑपरेशन पुशबैक चल रहा है। इसके तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने का प्रयास हो रहा है।

# नगर निगम में जारी करोड़ों की योजनाओं गुणवत्ता की जनता भी करे पहरेदारी:गरिमा

## विभिन्न वार्डों में जारी विकास कार्य के दर्जनों विकास योजनाओं का महापौर के निरीक्षण में स्थानीय वार्ड पार्षद रहे शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 45 के शेखौना मठ में जारी छठ घाट का निर्माण और सौंदर्यकरण कार्य निरीक्षण महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि विकास योजनाओं में मानक गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने में स्थानीय लोगों को भी अपनी भागीदारी निभानी होगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के दर्जनों वार्डों में पीसीसी, सड़क आरसीसी नाला, छठ पूजा घाट सहित बोर्ड द्वारा पारित करोड़ों की दर्जनाधिक योजनाओं को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में वार्ड नंबर 39 और अन्य वार्डों में जारी योजनाओं का महापौर ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय नगर पार्षद और अन्यान्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके मौजूद लोगों से महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि सभी विकास योजनाओं को जनता के द्वारा दिए जाने वाले टैक्स के पैसे से ही विभिन्न माध्यमों से पूरा किया जाता है। इस लिए सभी सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता जांच लाभुक जनता जनार्दन की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# मोबाइल चोरी मामले मे लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार, व्यवसायी जांच मे निकला निर्दोष

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक, मोबाइल चोरी के मामले मे यूपी पुलिस ने बुधवार को देर शाम मशरक तख्त गांव के एक व्यवसायी को पकड़ा। यूपी के प्रयागराज से कुम्भ स्नान के दौरान एक महिला की चोरी हुई मोबाइल के लोकेशन को ढूंढते हुए अनुसंधानकर्ता यूपी पुलिस मशरक थाना पहुंची, और मशरक पुलिस के सहयोग से मशरक तख्त गांव के प्रसिद्ध किराना स्टोर व्यवसायी विशाल कुमार पिता स्व दीनानाथ प्रसाद को पकड़ लिया गया। मोबाइल चोरी मामले मे व्यवसायी की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही आसपास के दर्जनो व्यवसायी थाना पहुंचे और यूपी पुलिस से अनुसंधान मे किसी तरह की चुक होने की आशंका व्यक्त करते हुए इस मामले को ठीक से जांच पड़ताल किए जाने का अनुरोध किया गया। जिसके बाद मशरक थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए व्यवसायी के मोबाइल के पक्का बिल और बीमा पेपर की जांच पड़ताल अनुसंधानकर्ता के साथ की गयी। दोनो मोबाइल का इएमआई नंबर एक ही होने पर यूपी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करायी गयी महिला से संपर्क स्थापित कर चोरी हुई मोबाइल की इएमआई नंबर का वेरिफिकेशन किया गया। जिसके बाद इएमआई नंबर मे तीन अंको का अंतर सबकुछ स्पष्ट कर दिया। प्राथमिकी दर्ज करते समय ही मोबाइल के गलत इएमआई नंबर के कारण यूपी पुलिस और व्यवसायी दोनो को परेशान होना पड़ा। यूपी पुलिस की छोटी सी चुक के कारण व्यवसायी की प्रतिष्ठा पर आंच आते आते बची। हलांकि व्यवसायी परिवार मशरक थानाध्यक्ष रणधीर कुमार की गुणगान करते दिखे, जिनके सूझबूझ से मामला आसानी से सुलझ गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने देशी कट्टा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में बुधवार की शाम पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवक महम्मदपुर गांव निवासी रामदुलार भगत उर्फ रामदुलार शर्मा बताया जाता है। बताया जाता है कि महम्मदपुर गांव निवासी शेषनाथ कुशवाहा एवं रामदुलार भगत के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है इसी को लेकर बुधवार की रात एकबार फिर दोनो पक्षो के बीच विवाद हो गया एवं हाथापाई होने लगी।इस बीच सूचना पाकर डायल 112 एएसआई राजकुमार सिंह मौके पर पहुँचे जहां रामदुलार भगत के बाइक की डिक्की से देशी कट्टा बरामद कर लिया एवं उसे गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया।

### भारी मात्रा में देशी शराब बरामद,कारोबारी गिरफ्तार

दरियापुर।डेरनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पीरारी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब बरामद करने के साथ ही कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार कारोबारी उसी गांव का रहने वाला सूबेदार महतो का पुत्र मंटू कुमार बताया जाता है।इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कारोबारी के घर के बगल में जंगल झाड़ी में छुपा कर रखे गए 130 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।इसके साथ ही घेराबंदी कर कारोबारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।उन्होंने कहा कि शराब विक्रेताओं के खिलाफ अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है।

### 130 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के पिरारी में अवैध रूप से चल रहे देशी शराब कारोबार का पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया। छपामारी के क्रम में 130 लीटर देशी शराब बरामद कर एक अभियुक्त मंटु कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डेरनी थाना कांड संख्या 144/25 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध अधिनियम दर्ज किया गया है। कारोबार में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

### फाइलेरिया की नयी गाइडलाइन, एमडीए,एमएमडीपीएवंआईएचआईपी पर बैठक का हुआ आयोजन

छपरा। पटना स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा के सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत राज्यस्तरीय योजना एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में फाइलेरिया की नयी गाइडलाइन, एमडीए कार्यक्रम, एमएमडीपी एवं आईएचआईपी परआंकड़ों की प्रविष्टि की समीक्षा की गयी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. श्यामा राय, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा बैठक की कार्ययोजना पर चर्चा की. कार्यशाला में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान की निदेशक डॉ. पूनम रमण, सभी जिलों के वेक्टर रोग जनित नियंत्रण पदाधिकारी, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी, सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि सहित राज्य एवं जिलों के फाइलेरिया कार्यालय के लोग उपस्थित रहे. डॉ. पूनम रमण ने सभी का फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में और बेहतर करने की शुभकामनायें दीं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने संशोधित फाइलेरिया उन्मूलन गाइडलाइन के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. डॉ. पांडेय ने एमडीए, नाईट ब्लड सर्वे, टास सहित सभी बिन्दुओं पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया और फरवरी, 2026 में संचालित होने वाले एमडीए अभियान के लिए रणनीति पर चर्चा की. उन्होंने हर महीने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की बात कही।

# वाहन जांच के दौरान दो बाइक सवार चकमा और गाली देकर भागने क्रम में धराए



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना पुलिस के द्वारा बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ हरदियाचाती के समीप शराब छापेमारी के क्रम में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था तभी दो बाइक सवार पुलिस बल को चकमा और गाली देते हुए भागने का प्रयास किया जिसे सरकारी वाहन से पीछा कर भागने क्रम में फिसलकर गिरे बाइक सवार को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि एएसआई विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल शराब छापेमारी करते हुए वाहन जांच कर रहे थे तभी दो बाइक सवार वाहन जांच कर रहे थे तभी बाइक सवार दो लोग पुलिस बल को गाली देते हुए भागने का प्रयास किया जिन्हें पीछाकर पकड़ लिया गया ब्रेथेनालाइजर से जांच किया गया तो दोनों सवार के शराब पीने की पुष्टि हुई पकड़े गए दोनों बाइक सवार क्रमशः चालक भूपेंद्र कुमार और धीरज कुमार नौरंगिया निवासी के रूप में पहचान हुई है।

# रामनगर ओवरब्रिज पर हुए सड़क हादसे में उप सरपंच की दर्दनाक मौत, पुलिस में शव को कब्जे लिया

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। सड़क हादसे में उप सरपंच की दर्दनाक मौत के बाद अफरा तफरी मच गई। रामनगर ओवरब्रिज पर हुए एक्सीडेंटल डेथ की सूचना पर पहुंची पुलिस नें शव को अपने कब्जे में लें लिया है जबकि स्थानीय ग्रामीणों नें भाग रहें ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले के कर दिया है दरअसल बाइक सवार दो लोगों को अनियंत्रित ट्रक नें पीछे से ठोकर मार दिया। ओवरब्रिज के दौरान हुई दुर्घटना के बाद लोग सन्न रह गए। बताया जा रहा है की भैरोगंज थाना क्षेत्र के जुड़ा निवासी चुन्नू सिंह के रूप में मृतक की पहचान हुई है जो भैरोगंज पंचायत के उप सरपंच बताये गए हैं।



जानकारी के मुताबिक विदेश जा रहे युवक कृष्ण मोहन को ट्रेन पर चढ़ाने जाने के दौरान यह हादसा हुआ जब पीछे से तेज रफ़्तार में आ रहें ट्रक नें ठोकर मार दिया और जैसे ही उप सरपंच चुन्नू सिंह ट्रक की चपेट में आये ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने लगा लिहाजा राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों नें ट्रक को पकड़ लिया । बताते की स्पॉट डेथ की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस नें शव बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। रामनगर थाना क्षेत्र स्थित रेल आरओबी के समीप हुई इस हृदय विदारक घटना पर रामनगर प्रखंड के मुखिया संघ की अध्यक्ष व जनसुराज नेत्री स्मिता चौरसिया नें गहरा दुःख जताते हुए मृतक के आश्रितों को मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग किया है जबकि ट्रक चालक पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है। खुद रामनगर के नवागत थानाध्यक्ष दीपक कुमार घटना की सभी बिंदुओं पर जाँच कर रहें ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर पर ट्रेकिंग में जुटे हैं।

# राहुल बने जिला संयोजक



छपरा कार्यालय। भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साधु शरण पाण्डेय के आदेश पर और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रक्तवीर अभिनेता कुणाल सिकंद के मार्गदर्शन में राहुल प्रसाद को सारण जिला का जिला संयोजक मनोनीत किया है। जिसकी जानकारी लोकमंच के कार्यालय सचिव आशुतोष कुमार रंजन ने दिया है। राहुल प्रसाद का मनोनयन पर राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कुमार पासवान, राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार बॉबी, पटना महानगर के महासचिव संतोष कुमार, छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी प्रिन्स कुमार सिंह, छात्र प्रदेश महासचिव राजू राज, वैशाली जिला संयोजक अजय राय, छात्र वैशाली जिला संयोजक नवीन कुमार सिंह, छात्र नेत्री प्रकाम्या श्रीवास्तव, छात्र नेत्री पूर्णिमा यादव, गौतम कुमार साह, मूनटून कुमार, मो० अफसर अंसारी, कृष्णा भारती आदि लोगो ने बधाई एवं ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दी है। लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने कहा कि राहुल प्रसाद जनता की सेवा करते हुए लोकमंच के संस्थापक पूर्व सांसद अमर सिंह के सपनो को मिल कर पूरा करेंगे और समाज के अंतिम पैदान तक खड़े लोगो तक मदद की हाथ पहुँचायेंगे और लोकमंच की संगठन को सारण में मजबूत करेंगे। छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी प्रिन्स कुमार सिंह ने कहा कि राहुल प्रसाद के साथ मिल कर छात्र छात्राओं,युवाओं को संगठन से जोड़ कर लोकमंच को सारण में मजबूत करना है।

# बेतिया में युवा मतदाताओं के लिए आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

## जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने दिया प्रेरणादायक संदेश

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के तहत गुरुवार को खेल भवन, बेतिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से युवा मतदाता, प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं (First Time Voters) को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। जिला पदाधिकारी का प्रेरणास्पद संबोधन : कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने उपस्थित युवाओं को लोकतंत्र की गरिमा, मताधिकार के महत्व और जिम्मेदार नागरिक बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा, स्वस्थ लोकतंत्र की नींव जागरूक नागरिकों पर ही टिकी होती है, और युवा पीढ़ी इसकी सबसे मजबूत कड़ी है। जागरूकता के लिए रचनात्मक गतिविधियाँः कार्यक्रम को प्रभावी और सहभागी बनाने हेतु अनेक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गयाः हस्ताक्षर अभियानः अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्ते हुए प्रेरक संदेशों के साथ हस्ताक्षर किए। मतदाता सेल्फी अभियानः युवाओं और पदाधिकारियों ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। मतदाता संकल्पः अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग बेबी कुमारी ने सभी युवाओं को लोकतांत्रिक भागीदारी हेतु संकल्प दिलाया। खेलों के माध्यम से लोकतंत्र का संदेश कार्यक्रम को और रोचक बनाने हेतु फेंसिंग व कबड्डी जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को खेल भावना से जोड़ने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार एडीएम कुमार रविंद्र जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पड़ित अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला स्वीप टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। युवा वक्ताओं की भागीदारी युवा मतदाताओं को प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद ठाकुर, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर आदित्य मधुकर तथा दो युवा प्रथम मतदाता लक्ष्मी ठाकुर एवं अजरा तबस्सुम ने उत्साहवर्धक संबोधन के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलीन ने किया।

# सीपीएस छपरा में भारत स्काउट और गाइड के राज्य स्तरीय योगा उत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

● बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री श्री मोतीलाल प्रसाद ने किया उद्घाटन



छपरा कार्यालय। शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में भारत स्काउट और गाइड बिहार राज्य के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय योगा उत्सव का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री श्री मोतीलाल प्रसाद जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में छपरा विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता रहे ,जबकि विशेष अतिथि के रूप में एमएलसी ई. सच्चिदानंद राय, भारत स्काउट गाइड के सभापति श्री उदय प्रसाद सिंह, राज्य सचिव श्री श्रीनिवास,राज्य आयुक्त श्री अवधेश प्रसाद,उपाध्यक्ष एवं सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह,जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह,जिला सचिव डॉ० शहजाद आलम,जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज,गाइड रीतिका सिंह सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. हरेंद्र सिंह के स्वागत भाषण से हुई,जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों का हृदयतल से अभिनंदन किया। तत्पश्चात मंचासीन सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री मोतीलाल प्रसाद जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भारत स्काउट-गाइड की सलामी ली गई। उन्होंने अपने संबोधन में स्काउट और गाइड संगठन की प्रशंसा करते हुए इसे अनुशासन, सेवा एवं नेतृत्व का सशक्त माध्यम बताया और उन्होंने कहा की बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड को जो ग्रांट मिलता है उसमे निश्चित रूप से बढ़ोतरी किया जाएगा।और कार्यक्रम मद में भी राशि अलग से आवंटित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न जिलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हत्या प्रयास मामले में सजा एवं अर्थ दंड

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 13 श्रीकांत सिंह ने भेलदी थाना कांड संख्या 20/15 के सत्र वाद संख्या 439/17 में भेलदी थाना के शोभेपुर निवासी वीरेंद्र राय को भादवि की दफा 307 हत्या प्रयास मामले में 5 साल सशर्म कारावास एवं बीस हजार अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा एवं उनके पिता सूरज राय को 3 साल की सजा तथा पांच हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त चार माह की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा एवं उनके सहयोगी समीर मिश्रा ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा और अनुसंधान कर्ता एवं चिकित्सक सहित कुल 10 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। पुलिस द्वारा न्यायालय मे अंतिम प्रपत्र 31 दिसंबर 2015 को दाखिल किया गया था बताते चले की भेलदी थाना के शोभेपुर निवासी महेंद्र राय ने 9 अप्रैल 2015 को सदर अस्पताल छपरा में अपना फर्ज बयान दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने दशार्या था कि बाजार से सब्जी खरीद कर घर लौट रहे थे तो रास्ते में दोनों पिता पुत्र जान मारने की नीयत से उन पर फरसा और लाठी से प्रहार कर दिए जिससे वह जख्मी हो गए। विवाद का कारण पूर्व जमीनी विवाद बताया। जख्मी हालत में उन्हें गांव के लोगों ने उचित इलाज हेतु सदर अस्पताल छपरा लाया जहां उनका इलाज हुआ।

# अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य का गड़खा मे हुआ स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



गड़खा (सारण)। बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य जनाब तुफैल कादरी की सारण जिला दौरा के दौरान गड़खा के हकमा मे गड़खा पंचायत के पुर्व मुखिया खुर्शीद सेराज की अध्यक्षता मे दर्जनो लोगो ने उन्हे अगंवस्त्र एवं फुल माला से स्वागत किया, साथ ही अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य तुफैल कादरी ने उपस्थित लोगो को बिहार सरकार द्वारा अल्पसंख्यको लेकर चलाय जा रहा विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओ की विस्तारपूर्वक चर्चा किया साथ ही लोगो को इस योजना से लाभ उठाने की बाते कही साथ ही कहा की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अल्पसंख्यक के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है और कई लाभकारी योजना भी चला रहे है देश के आजादी बाद पहली बार अल्पसंख्यक को लेकर इतनी सारी लाभकारी योजना चल रही है जिससे अल्पसंख्यक लोग लाभान्वित भी हो रहे है,इस अवसर पर अनुसूचित जाती के जिला अध्यक्ष सुनील माँझी आँल इन्डिया शाह कमिटी के उपाध्यक्ष शमीम अहमद मोहम्मद ऐजाज खान शलाम खा मो शमीम प्रो मोहम्मद असलम ई आदिल शेराज मोहम्मद नईम आरिफ राजा और प्रदुमण कुमार सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# धरना की सफलता को लेकर शिक्षकों की हुई बैठक

## पानापुर से सैकड़ों शिक्षक धारना में होंगे शामिल

पानापुर(सारण)अपनी विभिन्न मांगो के समर्थन में परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शनिवार को जिला मुख्यालय में होनेवाले धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए गुरुवार को बीआरसी प्रांगण में शिक्षकों की एक बैठक हुई । संघ के प्रखंड अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति , वेतन भुगतान , एचआरएमएस ऑनबोर्डिंग , विशिष्ट शिक्षकों को सेवा निरंतरता का लाभ ,शिक्षकों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग आदि समस्याओं पर चर्चा की गयी ।इन समस्याओं पर सरकार के ढुलमुल रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शनिवार को आहुत धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों को धरना में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक मे नवल किशोर राय, संजय यादव, दूधनाथ ठाकुर, विकास कुमार सिंह, सुरेश कुमार यादव, रमेश मिश्रा, रमेश कुमार सिंह ,राजेश कुमार, सुधीर कुमार सिंह, संतोष कुमार , सुभाष प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड

छपरा कोर्ट जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अनुराग कुमार त्रिपाठी ने नयागांव थाना कांड संख्या 142/ 23 के सत्र वाद संख्या 362/ 24 में नयागांव थाना के शोभेपुर निवासी सत्येंद्र कुमार उर्फ लोमड़ कुमार और विक्की कुमार को भादवि की धारा 302 / 34 हत्या मामले में आजीवन कारावास एवं पच्चीस पच्चीस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा ने अभियुक्तों को कड़ी सजा देने की मांग न्यायाधीश से की। लोक अभियोजक के सहायक समीर मिश्रा एवं शुशांत शेखर ने भी न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से अनुसंधानकर्ता एवं चिकित्सक सहित कुल नौ गवाहों की गवाही न्यायालय में अभियोजन द्वारा कराई गई। दिघवारा थाना के बिशुनपुर निवासी मुकेश कुमार राय ने 22 अगस्त 2023 को पीएमसीएच पटना में अपना बयान दर्ज कराया था। जिसमें उसने दशार्या था कि 19 अगस्त 2023 को सत्येंद्र कुमार उर्फ लोमड़ कुमार विक्की कुमार और कृष्णा राय उनके ट्रैक्टर की बैटरी को गायब कर दिए थे। बहुत खोज बिन करने के उक्त तीनों व्यक्ति के पास से बैटरी बरामद हुआ। इसी बात को लेकर आपसी नाराजगी हो गई। जिसके कारण आरोपियों ने योजना बना कर जान मारने की नीयत से 20 अगस्त 2023 को मेरे पिता चंदेश्वर राय घर से बाहर टहल रहे थे तो सभी आरोपी उन्हें पकड़ लिए और उनके साथ मारपीट करने और जान करने के नियत से उनको जमीन पर पटक कर पेट के नाभि एवं छाती पर चढ़कर मसल कर बुरी तरह जख्मी कर दिए। उनके हल्ला करने पर लोग जुटे तो परिजन उचित इलाज हेतु हाजीपुर सदर अस्पताल लाए। जहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया और 22 अगस्त 2023 को इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई।

# सट्टेबाज से 2 लाख रिश्वत लेने के आरोप में पदाधिकारी सहित एक चौकीदार निलंबित

छपरा कार्यालय। सारण जिले के दिघवारा थाना से एक व्हाट्सएप ऑडियो खूब वायरल हो रहा है। इस ऑडियो/वीडियो में दिघवारा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे जुआ/ सट्टेबाज में बंटी कुमार गुप्ता को पकड़कर थाना लाने के बाद उसे रिहा करने के एवज में दो लाख रुपए की राशि एवं अवैध बालु माफियाओं से पैसा मांगे जाने की पुख्ता सबूत प्राप्त हुआ है। इस तरह से सारण जिला में दोषी पाए जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों पर कठोर कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने को दिघवारा थाना में पदस्थापित पु०अ०नि० टिन्कु कुमार के द्वारा सट्टेबाज, जुआ खेलने वाले बंटी कुमार गुप्ता को पकड़कर कर थाना लाने के बाद उससे 2 लाख रूपया लेकर उसे छोड़ने का व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज एवं अवैध बालु परिवहन को लेकर ऑडियो एवं वीडियो प्राप्त हुआ है। जिसकी जाँच अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर से करायी गयी। जाँच एवं सीसीटीवी फुटेज के जांचोपरांत यह तथ्य सामने आया है कि दिघवारा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक टिंकु कुमार द्वारा बंटी कुमार गुप्ता को थाना लाया गया तथा बिना किसी सनहा प्राथमिकी दर्ज किए पीआर बॉण्ड भावकार छोड़ दिया गया। थाना दैनिकी में संबंधित सनहा या कोई विवरणी भी दर्ज नहीं किया गया, जो संदेहास्पद आचरण का द्योतक है। उक्त मामले में प्राप्त वायरल ऑडियो/वीडियो की जाँच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि पुअनि टिंकु कुमार एवं दिघवारा थाना के चौकीदार गणेश कुमार पासवान की अवैध बालू परिवहन में संलिप्तता पाई गई। चौकीदार द्वारा स्वीकार किया गया कि उसने बालू कारोबारी से पुअनि टिंकु कुमार की बात करायी थी। वीडियो साक्ष्य में भी बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। उक्त आरोप के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक को पुअनि टिंकु कुमार एवं चौकीदार गणेश कुमार पासवान को गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्ट आचरण को देखते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, पांच दिनों के अंदर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने यह अस्पष्ट कर दिया कि किसी भी पुलिस पदाधिकारियों द्वारा गलत कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी के विरुद्ध कठोर कारवाई आगे भी की जाएगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी को पुरस्कृत किया जाएगा।

# विशेष अभियान के तहत 427 वारंट एवं 29 को किया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण जिले में विशेष अभियान के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब सेवन, शराब बिक्री, शराब भण्डारण, शराब निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया है। इस विशेष अभियान के तहत 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब सेवन में ग्यारह, शराब कारोबार में पांच, हत्या के आरोप में एक, वारंट में नौ, दहेज अधिनियम में दो एवं आर्म्स एक्ट में एक अभियुक्त शामिल हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष सारण के निर्देशन के आलोक में 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर नौ वारंटी को गिरफ्तार कर 244 वारंट, 90 सम्मन, 37 इश्तेहार एवं 56 कुर्की का निष्पादन किया गया। जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 66 वाहनों से एक लाख तैतीस हजार रुपए का जुमार्ना राशि वसूली गई है। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 273 लीटर, विदेशी शराब 32.925 लीटर, एक देशी कट्टा, एक कारतूस, दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल एवं दो अपहता को बरामद किया गया है।

# जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में आधा दर्जन घायल

पानापुर ( सारण ) थाना क्षेत्र के रामपुररूद्र 161 गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच में जमकर मारपीट हो गई। इस घटना आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। सभी घायलो का उपचार सीएचसी में किया गया। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को रेफर कर दिया गया है। उषा देवी एवं विक्रमा सहनी के परिवार के बीच घर के पास मौजूद जमीन को लेकर पूर्व से विवाद चलते आ रहा है। गुरूवार की सुबह विक्रमा सहनी के परिवार वाले उषा देवी का फुस से बना बाथरूम तोड़ फोर कर दिए इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते दोनों घर की महिलाएं आपस में भीड़ गई। इस दौरान जमकर मारपीट किया गया जिससे दोनों पक्षो की ओर से उषा देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी, प्रीति कुमारी, ज्योति कुमारी एवं विवेक कुमार घायल हो गए। स्वजनों द्वारा सभी को उपचार के लिए सीएचसी लगा गया जहां प्राथमिक उपचार को लेकर गंभीर रूप से घायल ममता कुमारी, एवं शोभा देवी को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया। दोनों पक्षो द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस मामले को लेकर गत 15 जून को एक पक्ष के द्वारा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। जिसपर पुलिस द्वारा समुचित कार्रवाई नही की गई। नतीजतन पुलिस के संज्ञान यह पूरा मामला होने के बाद भी दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए।

# कोबरा साँप ने घड़ा में बनाई निवास स्थान

मकेर / भेल्दी थाना क्षेत्र के भाथा सोनहो में एक तकष्ट नाग ने पानी पीने के घड़ा में अपनी निवास स्थान बनाई है, पानी पीने के दरम्यान अपना रौद्रावरूप दिखाया । भाथा सोनहो ग्राम निवासी रामसिंगार शुक्ला जिनकी उम्र 75 वर्ष बतायी जाती है ,अपने घर के कमरा में सुराही रखे हुए थे जो भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए एवम अपना गला तर करने के लिए ।बात सुबह 10 बजे की है जब वे पानी निकालने लगे इसी दरम्यान तकष्ट नाग या कहे कोबरा ने अपनी रौद्र रूप दिखाया उसके फन देखते ही भाग खड़े हुए ।बाद में ग्रामीणों ने देखा तो पानी मे बैठा हुआ था ।इस बाबत डॉ शशि मिश्रा ने बताया कि गर्मी की हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया था नाग जिस कारण राम सिंगार शुक्ला को कोई हानि नहीं पहुचाया अन्यथा साप अपना शिकार बना लेता ।ग्रामीणों के बीच यह तकष्ट नाग चर्चा का बिषय बना हुआ है ।एक निडर ग्रामीण युवक द्वारा उसे जंगल में छोड़ दिया गया है ।गनीमत रही कि किसी को हानि नही पहुचाया नाग अन्यथा अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## मंडल कारा में चिकित्सा सहित कई वार्डों का किया गया निरीक्षण

आरा। मंडल कारा, आरा का संयुक्त निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया तथा पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शल्य चिकित्सा वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया एवं बंदियों से स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में कारा की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की रहन-सहन की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समुचित रख-रखाव की समग्र समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जेल अधिकारियों को सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने एवं कैदियों के स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही,परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर जेल अधीक्षक (मंडल कारा, आरा), अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता (भवन प्रमंडल) एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम के पहल पर पाँच एकड़ में जैविकयुक्त हरी सब्जी उत्पादन इकाई लगाने पर की बैठक

## जैविक विधि से खेती कर पंचायत अपना राजस्व संग्रह कर बनेगा आत्मनिर्भर

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अमरा पंचायत में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जैविक युक्त हरी सब्जी उत्पादन इकाई स्थापित करना है जिसका उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर जैविक युक्त हरी सब्जियों का उत्पादन को बढ़ावा देना जिसे स्थानीय स्तर पर सब्जियों को मार्केट में बेचा जा सके ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत का अपना राजस्व संग्रह को बढ़ावा दिया जा सके और आने वाले दिनों में पंचायत को आत्मनिर्भर पंचायत के रूप में विकसित किया जा सके पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जैविक खेती के माध्यम से न केवल जैविक युक्त ताजी सब्जी मिलेगी बल्कि रासायनिक खादों पर भी नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। साथ ही साथ स्वस्थ पंचायत थीम के अंतर्गत जैविक आयरन वाटिका के माध्यम से एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को पंचायत के तरफ से निःशुल्क आयरन जनित सब्जी उपलब्ध कराई जाएगी। पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस कार्य मे मनरेगा, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त के मार्गदर्शन में सभी सम्बंधित पदाधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर आगे की कार्ययोजना पर कार्य करेंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपविकास आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि आने वाले समय मे चरणबद्ध तरीके से मछली पालन, बकरी पालन फलदायी पौधे को लगाकर पंचायत का राजस्व संग्रह करने पर पहल की जाएगी इससे पंचायत में स्थानीय तौर पर रोजगार भी मिलेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडलीय कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन से जिला प्रतिनिधि नीरज कुमार बैठक में उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने स्नेहा की लगन और संघर्ष की सराहना की, मदद का दिया भरोसा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्र सरकार में मंत्री जीतन राम मांझी ने आज वीडियो कॉलिंग के माध्यम से मानपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम भेड़िया निवासी शीतन मांझी की सात वर्षीय पुत्री कुमारी स्नेहा से बात की है। स्नेहा का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों पर वायरल हुआ था, जिसमें वह घर के बाहर स्ट्रीट लाइट की रोशनी में पढ़ाई करती नजर आई। इस वीडियो में स्नेहा ने अपनी कठिन परिस्थितियों—पिता की बीमारी और परिवार की गरीबी—के बावजूद डॉक्टर बनने की अपनी प्रबल इच्छा प्रकट की थी। केन्द्रीय मंत्री मांझी ने स्नेहा की लगन और संघर्ष की सराहना करते हुए उसकी पढ़ाई में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और वे स्वयं स्नेहा की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए हर आवश्यक कदम उठाएंगे।

इस अवसर पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से०) का एक प्रतिनिधिमंडल स्नेहा के परिवार से भेड़िया गांव पहुंचकर मिला और परिवार की



समस्याओं को निकटता से जाना है। प्रतिनिधिमंडल ने भी स्नेहा को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से०) समाज के वंचित और प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने तथा उनके विकास में सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर है।

इस प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि गया रोमित कुमार, पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव,दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री दीना मांझी ,जिला संगठन सचिव रामसनेही मांझी, जिला सचिव राकेश कुमार, ननौक ग्राम पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुरेश मांझी, युवा कार्यकारी जिला अध्यक्ष संतोष सागर,जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद मांझी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति पदक विजेता आर के सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

उदवंतनगर :78 वीं बटालियन,सीमा सुरक्षा बल के पूर्व उप कमांडेंट व आरा क्लब के पूर्व सचिव आर के सिंह का 89 वर्ष की अवस्था में निधन इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में हुआ। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित श्री सिंह के निधन पर शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने उन्हें कर्तव्य निर्वहनता के लिए याद किया।1965 व 1971 के भारत पाक युद्ध और सोमालिया में शांति सेना में शांति दूत के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व कमांडेंट आर के सिंह मूल रूप से भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखण्ड के मसाढ़ गांव के रहने वाले थे। वे स्वतंत्रता सेनानी योगेन्द्र सिंह के पुत्र थे। कड़क व लंबी मुंछे होने के कारण गांव में लोग उन्हें मूंछ वाले बाबा के नाम से पुकारते थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे आरा क्लब में नियमित रूप से टेनिस खेलने जाया करते थे।गत शनिवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी जिन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने जीवन की अंतिम सांस लिया। उनके पैतृक गांव मसाढ़ सहित भोजपुर व बक्सर जिले के रक्षा सेवाओं में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त जवानों व अधिकारियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी।

## कोंग्रेस के माई बहन मान योजना का फार्म डॉ देविका सरयार मिश्र के द्वारा गया शहर के राजेंद्र आश्रम में भराया गया

➤ माई बहन मान से जुड़ने के लिए महिलाओं के अंदर काफी उत्साह देखा गया है: डॉ. गगन मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव और गया जी टाऊन विधानसभा की भावी प्रत्याशी डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में और जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र की उपस्थिति में गया टाऊन के राजेंद्र आश्रम मुहल्ले में कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे माई बहिन मान योजना के अंतर्गत सैकड़ों महिलाओं का फॉर्म भरा गया एवं उन्हें पंजीकृत किया गया है। इस कार्यक्रम में गया टाऊन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह एवं जिला सचिव आयुष मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई है । इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए महिलाओं के अंदर काफी उत्साह देखा गया है।महिलाएं नीतीश सरकार से परेशान दिखी और उन्होंने रोजगार न होने का दुख जताया है। डॉ देविका और डॉ गगन ने उन्हें बताया कि यही महागठबंधन की सरकार बनेगी कि रोजगार के अवसर तो मिलेंगे हीं ओर साथ प्रत्येक महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए प्रदान किए जाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गया टाऊन के हर मुहल्ले में चलाया जायेगा और हर कीमत पर इस बार गया जी में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित किया जाएगा और डॉ देविका के नेतृत्व में जिला में कमसे कम 20 हजार महिलाओं को माई बहिन योजना से जोड़ा जाएगा और उनका पंजीकरण कराया जाएगा।

# पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य वंदे भारत ट्रेन का परिचालनशुरू, पाटलिपुत्र से चलेगी 22 से पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य किया जायेगा नियमित परिचालन

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर । यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी -नरकटियागंज के रास्ते पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरी सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है ।

प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 20.06.2025 को पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03210 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा ।दिनांक 20.06.2025 को गाड़ी सं. 03210 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत उद्घाटन उद्घाटन स्पेशल पाटलिपुत्र से 11.50 बजे खुलकर 12.30 बजे हाजीपुर, 13.35 बजे मुजफ्फरपुर, 15.20 बजे बापूधाम मोतिहारी, 15.40 बजे सगौली, 16.20 बजे बेतिया, 17.10 नरकटियागंज, 18.10 बजे बगहा एवं 20.10 बजे कप्तानगंज रूकते हुए 21.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी ।

दिनांक 22.06.2025 से गाडी सं. 26502/26501 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन किया जायेगा ।यह ट्रेन गोरखपुर और पाटलिपुत्र से शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी ।

गाड़ी सं. 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से 05.40 बजे खुलकर 06.24 बजे कप्तानगंज, 07.30 बजे बगहा, 08.03 बजे नरकटियागंज, 08.35 बजे बेतिया, 08.50 सगौली, 09.08 बजे बापूधाम मोतिहारी, 10.50 बजे मुजफ्फरपुर, 11.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.45 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पाटलिपुत्र से 15.30 बजे खुलकर 16.08 बजे हाजीपुर, 17.00 बजे मुजफ्फरपुर, 18.23 बजे बापूधाम मोतिहारी, 18.43 बजे सगौली, 19.00 बजे बेतिया, 19.33 नरकटियागंज, 20.02 बजे बगहा एवं 21.38 बजे कप्तानगंज रूकते हुए 22.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी ।

## एड़ौरा में पुस्तकालय का लोकार्पण, बीडीओ ने कहा गरीब व जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ

प्रातः किरण संवाददाता

उदवंतनगर : प्रखंड क्षेत्र के एड़ौरा पंचायत भवन में बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर,बीपीआरओ मुन्ना कुमार,मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया रामबचन सिंह ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित पुस्तकालय का लोकार्पण किया। पुस्तकालय निर्माण को प्रबुद्ध लोगों ने सराहा तथा युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वरदान बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ कपूर्री ठाकुर ने कहा कि पुस्तकालय हमेशा से शिक्षा का केंद्र रहा है। हमारे जीवन में पुस्तकालय का बड़ा महत्व है। पुस्तकालय शब्द का अर्थ पुस्तकों का घर है।जिस प्रकार पुष्टि व स्वास्थ्य के लिए भोजन की आवश्यकता होती है उसी प्रकार मस्तिष्क की पुष्टि के लिए पुस्तकों की जरूरत होती है।पंचायतों में पुस्तकालय खुलने से गरीब व जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सकेगा।मुखिया ललिता देवी ने कहा कि पुस्तकालय से बच्चों को पढ़ने में मदद मिल सकेगी।बीपीआरओ मुन्ना कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के आवश्यक सामग्री पुस्तकालय से मिल सकेगी। पूर्व मुखिया राम बचन सिंह ने कहा कि पुस्तकालय का लाभ गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों मिल सकेगा। साथ ही प्रबुद्ध लोग ज्ञान वृद्धि कर सकेंगे। 4.99 लाख से बनने वाले इस पुस्तकालय में करीब 400 पुस्तक, बैठकर पढ़ने के लिए 6 टेबुल, मुखिया को छोड़ 18 कुर्सी, एक बड़ा आलमारी,वाल पेंटिंग आदि व्यवस्था की गई है। मौके पर पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजीव कुमार वर्मा, लल्लू यादव , प्रियंका कुमारी, आशीष कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## भोजपुर के जिला अधिकारी ने आरा सदर प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण
## कर्मचारियों में मचा हड़कंम



आरा। भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा आरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड परिसर स्थित सभी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति का गहनता से परीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित आमजन से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का तत्परता से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारियों को आदेश दिया कि वे प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को अपने-अपने अंचल कार्यालय में अभिलेखों के साथ उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करें।

## रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने नया अभियान किया पेश

दुगार्पुर। भारत की बेहतरीन शॉर्ट फिल्मों के लिए प्रसिद्ध मंच रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने अपना नया थीम आधारित अभियान द सिलेक्ट वन्स के लिए पेश किया है, जिसमें लोकप्रिय कलाकार राजकुमार राव और पत्रलेखा शामिल हैं। एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित यह अभियान उन खास लोगों को समर्पित है, जो अपनी सफलता की राह में हमेशा सोच-समझकर निर्णय लेते हैं, जो उत्कृष्टता और ज्ञान की ओर निरंतर अग्रसर रहते हैं और अपने सिद्धांतों व सपनों से कभी समझौता नहीं करते। अभियान को लेकर परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स आज एक ऐसा मंच बन चुका है, जो उत्सुक और समझदार दर्शकों के लिए बेहतरीन कहानियों का समर्पित इकोसिस्टम तैयार करता है। इसने भारत में शॉर्ट फिल्मों का एक भरोसेमंद गंतव्य बनकर अपनी अलग पहचान बनाई है। हम अपने नए थीम आधारित अभियान द सिलेक्ट वन्स के लिए के जरिए इस अनोखी कहानी कहने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं, और उन लोगों को सलाम कर रहे हैं जो अपनी अलग सोच और चुनावों से सफलता की नई मिसाल कायम करते हैं।

## केनरा रोबेको ने पश्चिम बंगाल में की 19 दिवसीय निवेशक शिक्षा बस यात्रा शुरू

हावड़ा। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट 16 जून से अपनी निवेश बस यात्रा शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल के पांच प्रमुख शहरों में निवासियों को म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में शिक्षित करेगी। मोबाइल शिक्षा पहल कोलकाता से शुरू होगी और सिलीगुड़ी में अपनी 19 दिवसीय यात्रा समाप्त करने से पहले हावड़ा, दुगार्पुर और आसनसोल से होकर गुजरेगी। बस प्रमुख आवासीय सोसाइटियों, बाजारों और जंक्शनों का दौरा करेगी, जो वीडियो और ऑनबोर्ड सत्रों के साथ एक डिजिटल अनुभव क्षेत्र के रूप में काम करेगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ रजनीश नरूला ने कहा, कंपनी का लक्ष्य म्यूचुअल फंड निवेश को सरल बनाना और इसके बारे में आम मिथकों को दूर करना है। यह जमीनी स्तर का अभियान भारत की दूसरी सबसे पुरानी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के राज्य में व्यापक निवेशक शिक्षा अभियान का हिस्सा है।

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गया आगमन,गर्व का विषय : डॉ. मनीष

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।ज्ञान एवं मोक्ष की नगरी, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध गया जी की पुण्यभूमि पर बिहार के यशस्वी उपमुख्यमंत्री एवं पूर्ब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष म सम्राट चौधरी का आगमन हुआ है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा उन्हें परम पावन विष्णु चरण चिन्ह एंग्री बड्र्स फूलों का गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गया की धार्मिक गरिमा एवं परंपरा को समर्पित एक विशेष प्रतीक माना गया, जो भगवान विष्णु के श्रीचरणों की स्मृति दिलाता है।सम्मान समारोह के बाद डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गया आगमन हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि सम्राट के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, विकास, और पारदर्शिता की दिशा में सार्थक कार्य हो रहे हैं। वे न केवल एक कुशल प्रशासक हैं बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण रखने वाले दृढ़ राजनेता भी हैं।डॉ. मिश्रा ने गया की ऐतिहासिकता एवं धार्मिक महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से तप, त्याग और मोक्ष की साधना की भूमि रही है। यहां भगवान विष्णु के पावन चरण चिह्न स्थित हैं, जो इस क्षेत्र को वैश्विक आध्यात्मिक पहचान प्रदान करते है

# राहुल गांधी का जन्मदिवस भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय, शहीद भवन, आरा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, जननायक एवं युवा दिलों की धड़कन श्री राहुल गांधी जी का जन्मदिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता रजी अहमद ने की और उन्होंने कहा कि, ह्लराहुल गांधी जी भारतीय राजनीति में एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने सदैव संविधान, सामाजिक न्याय और जनहित की राजनीति को प्राथमिकता दी है। वे विशेष रूप से युवाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर उभरे हैं। उनका विचार स्पष्ट है – भारत सबका है, और हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर हम उनके दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना करते हैं। उक्त अवसर पर भोजपुर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गरीब एवं दलित वर्ग के बच्चे-बच्चियों के बीच मिठाई, केक, कॉपी-कलम, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। इस अवसर पर उपेंद्र सिंह जी ने कहा राहुल गांधी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि देश के गरीबों, वंचितों और युवाओं की आवाज हैं। उनके जीवन और संघर्ष से हम प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा को अपना धर्म मानते हैं। आज उनके जन्मदिवस पर हम यह संकल्प लेते हैं कि उनके बताए मार्ग पर चलकर हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचाएंगे।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने श्री राहुल गांधी जी के राजनीतिक जीवन, संघर्षशील व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके समर्पण भाव का स्मरण करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, संवैधानिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए सतत संघर्ष किया है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी कहा कि श्री गांधी जी ने न्याय योजना, भारत जोड़ो यात्रा जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों के माध्यम से सामाजिक एकता और आर्थिक समानता का संदेश देशभर में फैलाया। उनकी राजनीति का मूल मंत्र सदैव करुणा, संवेदना और समावेशिता रहा है।इस अवसर पर डॉ अमित द्विवेदी प्रवक्ता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी, जितेन्द्र शर्मा, प्रो अरुण सिंह, डॉ श्रीधर तिवारी, अमिता पाण्डेय, वीरेंद्र मिश्रा, संतोष पाण्डेय, रशीद इमाम मिंटू, मुकुल सिंह, श्यामसुंदर पाण्डेय, खुशबू खातून, गजेंद्र चौधरी, शिव शंकर चौबे, गोपाल कृष्ण गोखले, घनश्याम चौधरी, आदित्य नारायण सिंह, अरशद रिजवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता आदि थे।

# पाली आरओबी बंद होने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई बिक्रमगंज-नासरीगंज रूट पर संकट गहराया

■ ट्रैफिक डायवर्जन से ग्रामीण इलाकों में संकट, स्वास्थ्य और सुरक्षा बनी चुनौती

प्रातः किरण संवाददाता

रोहतासः पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डेहरी ऑन सोन स्टेशन के हावड़ा छोर की तरफ स्थित पाली-मकराइन आरओबी के निर्माण कार्य के चलते इसके अस्थायी रूप से बंद होने से पूरे क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। उत्तर प्रदेश जाने वाले भारी वाहनों को अब सासाराम टोल प्लाजा से डायवर्ट कर नासरीगंजझ्र बिक्रमगंजझ्रबक्सर मार्ग से भेजा जा रहा है। यह रास्ता अपेक्षाकृत संकीर्ण और ग्रामीण है, जिससे ट्रैफिक का दबाव असहनीय हो गया है।इस डायवर्जन का असर यह है की बिक्रमगंज और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ट्रकों की संख्या अचानक बढ़ने से यातायात जाम, सड़क हादसों और प्रदूषण की समस्या सामने आ रही है। ग्रामीण इलाकों में इतनी बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही पहले कभी नहीं देखी गई थी। लगातार ट्रकों की आवाजाही से उड़ती धूल और धुएं से सांस, त्वचा और आंखों की बीमारियों में तेजी से वृद्धि हुई है। स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार इस अप्रत्याशित परिस्थिति को लेकर आवाज उठाई। बढ़ती शिकायतों के बीच प्रशासन ने सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक बिक्रमगंज में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए ह्लनो एंट्रीह्व आदेश लागू किया है। दिन में ट्रकों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है और पुलिस निगरानी में बैरिकेडिंग की गई है।

लेकिन इससे स्थिति सुधरने के बजाय नई समस्या पैदा हो गई है। ट्रक चालक दिन में सड़कों के किनारे ओवरलोडेड ट्रक खड़े कर देते हैं और रात 9 बजे के बाद आगे बढ़ने का इंतजार करते हैं। इन ट्रकों से सड़क की चौड़ाई घट जाती है, जिससे आम वाहनों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

इसके साथ ही, टोल से बचने की मंशा में वैकल्पिक ग्रामीण मार्गों का दुरुपयोग भी हो रहा है, जिससे टोल राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक सुविधा दोनों पर संकट गहराता जा रहा है।स्थानीय प्रशासन, परिवहन विभाग और एनएचएआई से मांग की जा रही है कि इस अस्थायी समाधान के बजाय दीर्घकालिक योजना बनाई जाए, ताकि न केवल ट्रैफिक व्यवस्था बहाल हो, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित की जा सके। जब तक ठोस वैकल्पिक मार्ग या ट्रैफिक प्रबंधन योजना नहीं बनाई जाती, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।

## उधार का पैसा मांगने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

शेरघाटी।उधर के पैसे मांगने पर मारपीट के मामले को लेकर पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में रोहतास जिले के भलुवारी इंद्रपुरी के रहने वाले कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा है, कि शहर के हटिया मोहल्ला स्थित पांडे टोला के मुहल्ला के रहने वाले प्रमोद पांडे ने 15 लाख रुपए उधार लिए थे. जिसमें काफी फजीहत के बाद उन्होंने पांच लाख रुपए हमें लौटा दिए. शेष पैसे मांगने उनके घर पर आए तो वो मेरे साथ लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो गए और मेरे साथ मारपीट किया और पैसा देने से भी इंकार कर गए. मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज किया है. इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पैसे को लेकर कोई मारपीट के मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है. मारपीट करने वाले दोषी बक्से नहीं जाएंगे उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा.

## पटना संभाग का तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन संपन्न, गया के विद्यालयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

गया जी।केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग का तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन दिनांक 16 से 18 जून 2025 तक बोधगया में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में माननीय उपायुक्त अनुराग भटनागर, सहायक आयुक्तगण रंजना बरफाल, पी. मंडल एवं मनीष कुमार प्रभात की गरिमामयी उपस्थिति रही है। इसके साथ ही पटना संभाग के अंतर्गत सभी केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य इस अवसर पर सम्मिलित हुए हैं।इस सम्मेलन के दौरान शैक्षणिक सत्र 2024झ25 के परीक्षा परिणामों के आधार पर प्रदर्शन सूचकांकों की समीक्षा की गई हू। इस अवसर पर पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया को कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है।इसके अतिरिक्त, पूरे पटना संभाग में कक्षा 10वीं विज्ञान विषय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विद्यालय की शिक्षिकाएँ पुनीता कुमारी एवं खुशी जैन को विशेष उपलब्धि सम्मान प्रदान किया गया है। वहीं वाणिज्य संकाय के शिक्षक संदीप कुमार को अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रेमेडियल कक्षाएँ संचालित करने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।इसी क्रम में, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया की छात्रा इहिता लकी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने मानविकी संकाय में पूरे पटना संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।यह सम्मान न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि क्षेत्रीय शिक्षा के स्तर को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल भी है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में किया गया फल का वितरण

गया जी।अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आदेशानुसार, जिला कांग्रेस कमिटी गया के तत्वाधान में और जिला महासचिव सह गया जी शहर की भावी प्रत्याशी डॉ देविका सरयार मिश्र के नेतृत्व में आज 19 जून 2025 को राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर गया जी जिला के प्रभावती अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 35 स्थित रविदास टोला में महिलाओं और बच्चों के बीच मिटाई एवं नाश्ता का वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने किया है।इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र,चंद्रिका प्रसाद यादव,जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी,विद्या शर्मा,युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा,राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह,रंजीत सिंह, आयुष मिश्रा, विकास कुमार, ओंकार शक्ति, शिवनाथ प्रसाद, शशांक भूषण,शैलेश चौधरी,राज कपूर एवं अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## वि.स चुनाव 2025 की सफलता हेतु स्वीप कोषांग व मीडिया कोषांग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

अरवल। उप विकास आयुक्त अरवल शैलेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल आयोजन हेतु स्वीप कोषांग एवं मीडिया कोषांग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिले भर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर व्यापक रूप से आमजनों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया कि चिन्हित लो-भीटीआर मतदान केंद्रों पर स्वीप गतिविधि अंतर्गत विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाए।



## विजय देवरकोंडा ने दीं धनुष की 'कुबेर' को शुभकामनाएं, रश्मिका को बताया अपना पसंदीदा कलाकार



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कुबेर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में रश्मिका के साथ धनुष और नागार्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब 'कुबेर' को रश्मिका के साथ अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाले अभिनेता विजय ने शुभकामनाएं दी हैं।

### फिल्म के लिए उत्साहित हैं विजय

विजय देवरकोंडा ने एक्स पर फिल्म को लेकर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने फिल्म को लेकर शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'कुबेर' को बड़े पर्दे पर आने के लिए शुभकामनाएं। शेखर कम्मुला सर हमेशा मेरी जर्नी में एक खास नाम रहेंगे। उन्होंने मेरे जैसे कई अभिनेताओं को उम्मीद दी। अब उन्हें इस बड़े स्तर पर एक कहानी बताते हुए देखना, जिसमें धनुष, नागार्जुन सर और रश्मिका मंदाना जैसे निजी पसंदीदा कलाकार शामिल हैं, मुझे उत्साहित करता है। पूरी टीम को शुभकामनाएं। मैं फिल्म को थिएटर में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### लंबे वक्त से चल रहीं रश्मिका और विजय के अफेयर की चर्चाएं


रश्मिका मंदाना के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच विजय देवरकोंडा का रश्मिका की फिल्म के लिए शुभकामनाएं देना चर्चा में बना है। जाहिर है कि रश्मिका मंदाना का नाम विजय देवरकोंडा के साथ अक्सर जोड़ा जाता है। कई मौकों पर दोनों एकसाथ भी नजर आए हैं। वहीं दोनों की एक ही लोकेशन पर वैकेशन मनाने की तस्वीरें भी अक्सर सामने आती हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिलेशनशिप पर खुलकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### 20 जून को रिलीज होगी 'कुबेर'

फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदाना के साथ धनुष और नागार्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और बेसब्री से धनुष की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। कुबेर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला आमिर खान की 'सीतारे जमीन पर' से होगा।



## मानुषी छिल्लर ने मालिक के अपने अनुभव के बारे में खुलकर की बात




मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपनी अगली फिल्म के साथ दर्शकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान अपनी आगामी फिल्म मालिक के बारे में खुलकर बात की, जिसमें उन्होंने अपने किरदार शालिनी के साथ अपने गहरे जुड़ाव का खुलासा किया। जब एक फैन ने फिल्म में उनके शानदार अभिनय की तारीफ की, तो अभिनेत्री ने दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बताया कि यह किरदार उनके लिए अब तक का सबसे रियल अनुभव रहा है, उसे दर्शाती है। मानुषी की स्पष्ट प्रतिक्रिया से पता चलता है कि मालिक उनकी अभिनय यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह इस अटकल की भी पुष्टि करता है कि गैंगस्टर ड्रामा में मानुषी की भूमिका में जो दिखता है, उससे कहीं अधिक है। मानुषी ने अपने जवाब में यह भी पुष्टि की कि उनकी भूमिका उनकी रचनात्मक और कलात्मक दृष्टिकोण से गहराई से जुड़ी हुई है। ब्यूटी पेजेंट से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री को ऐसा किरदार मिला है जो उन्हें स्क्रीन पर अपना असली रूप दिखाने का मौका देता है। यह झलक उनके अभिनय के प्रति समर्पण और उस सफर को दर्शाती है जिसमें वे ऐसे किरदार तलाश रही हैं जो उनके अंदर के कलाकार को चुनौती देने और उसे पूरा करने वाली भूमिकाएँ खोजने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने जिस तरह से यह कहा कि उन्होंने 'शालिनी' में खुद को सबसे ज़्यादा वास्तविक महसूस किया, उससे लगता है कि मालिक में दर्शकों को मानुषी का अब तक का सबसे परिपक्व और सूक्ष्म प्रदर्शन देखने को मिल सकता है — शायद यही फिल्म उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। राजकुमार राव के साथ मानुषी की जोड़ी पहले से ही दर्शकों के बीच खूब सराही जा रही है, खासतौर पर फिल्म के सोलफुल लव सॉन्ग नामुमकिन के रिलीज़ होने के बाद। यह गाना दोनों कलाकारों की नई और ताज़ा केमिस्ट्री की झलक पेश करता है। मालिक 11 जुलाई को रिलीज़ हो रही है और इस फिल्म में मानुषी एक बिलकुल नए और अनदेखे अंदाज़ में नजर आएंगी।



## यश ने प्रेग्नेंट को-स्टार कियारा आडवाणी को लेकर लिया बड़ा फैसला



यश और कियारा आडवाणी अगली फिल्म टॉक्सिक में साथ नजर आ रहे हैं। इस वक्त इसी फिल्म की शूटिंग को लेकर यश चर्चा में हैं। दरअसल यश ने अपनी फिल्म की को-स्टार और प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी का ध्यान रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है और एक्टर के इसी जेस्चर की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है और खबर है कि शूटिंग की जगह बदल दी गई है। यश ने एक बार फिर अपने ऑफ-स्क्रीन जेस्चर से लोगों का दिल जीत लिया है। हाल ही खबर आई कि एक्टर ने कथित तौर पर शूटिंग शेड्यूल को मुंबई में शिफ्ट किया है ताकि उनकी को-स्टार कियारा आडवाणी की सहूलियत हो जो इस वक्त प्रेग्नेंट हैं।

### शूटिंग की सारी फॉर्मैलिटीज़ बेंगलुरु से मुंबई शिफ्ट

यश ने अपनी फिल्म टॉक्सिक के डायरेक्टर गीतू मोहनदास और प्रोड्यूसर वेंकट के नारायण से शूटिंग की सारी फॉर्मैलिटीज़ बेंगलुरु से मुंबई शिफ्ट करने को कहा था। जाहिर है, यश ने भी प्रड्यूसर्स के साथ सहयोग किया और इसे मुंबई में शिफ्ट किया जिससे फिल्म के निर्माताओं की पैसे भी खर्च होने से काफी हद तक बचे। वहीं कियारा की बात करें तो उन्होंने और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने मार्च में एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबर अनाउंस की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर लिखा था, हमारे जीवन का सबसे बड़ा गिफ्ट जल्द ही आ रहा है।

### KGF 2 के बाद किसी भी फिल्म में नहीं दिखे

ध्यान दें, यश साल 2022 की ब्लॉकबस्टर KGF 2 के बाद किसी भी फिल्म में नहीं दिखे हैं। मार्च में, रॉकिंग स्टार ने अपनी फिल्म टॉक्सिक की रिलीज़ की तारीख की घोषणा की। उन्होंने अपने फैन्स को फिल्म का एक नया पोस्टर भी दिखाया। यश की टॉक्सिक 19 मार्च, 2026 को रिलीज़ होने वाली है। पोस्टर में, एक्टर ब्लैक लेदर जैकेट और टोपी में दिख रहे हैं और उनके हाथ में एक बंदूक थी। उनके पीछे, एक पूरा शहर जल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, टॉक्सिक आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की फिल्म लव एंड वॉर से क्लैश से हो सकती है। फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की टीम की ओर से ऑफिशियल कन्फर्मेशन का अभी इंतजार है।

### कोई भी बड़ों के लिए परियों की कहानी नहीं बना रहा

यहां आपको ये भी बताना चाहेंगे कि इस फिल्म टॉक्सिक का टाइटल खुद यश ने मेकर्स को सुझाया था। इसके बारे में बात करते हुए, उन्होंने हाल ही में बताया, हमारे पास बच्चों के लिए परियों की कहानियां हैं लेकिन कोई भी बड़ों के लिए परियों की कहानी नहीं बना रहा है। इसलिए हमने सोचा कि हम बड़ों के लिए एक परियों की कहानी बनाएंगे। टॉक्सिक शब्द की कई परतें हैं और इसका उपयोग कई कॉन्टेक्स्ट में किया जाता है। हम सभी कई मायनों में बहुत ही जहरीली स्थिति में रह रहे हैं। इसलिए मुझे लगा कि यह एक बहुत ही सही टाइटल है फिल्म के लिए।

## विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड स्टार्स पर साधा निशाना



फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड के कुछ सितारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों की कमाई को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है, ताकि एक्टर्स के अहंकार को सही ठहराया जा सके। इतना ही नहीं, कुछ प्रोडक्शन हाउस अपनी ही फिल्मों के बड़ी संख्या में टिकट खुद ही खरीद लेते हैं, ताकि लोगों को लगे कि उनकी फिल्में हिट हो गई हैं। इंटरव्यू में विवेक अग्निहोत्री ने कहा, 'एक समय था जब फिल्म इंडस्ट्री राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती थी। जब कहीं भूकंप या बाढ़ आती थी, तो ये लोग पैसे इकट्ठा करते थे। ट्रकों पर चढ़कर लोगों की मदद के लिए जाते थे। सुनील दत्त असली कांग्रेसी थे, जिन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा की थी। लेकिन आजकल के फिल्मी सितारे अपने घरों की बालकनी से हजारों लोगों को हाथ हिलाकर खुश हो जाते हैं। मुझे ये ठीक नहीं लगता। वे अपने हाथ गंदे नहीं करना चाहते। आप कोई शहंशाह नहीं हैं। किसी मुद्दे पर सिर्फ ट्वीट कर देना काफी नहीं है।

## हॉलीवुड सुपरहीरो हमारी माइथोलॉजी से इंस्पायर हैं



फिल्म 'कन्नप्पा' एक माइथोलॉजिकल फिल्म है। इस फिल्म में भक्ति, विश्वास की बहुत ही अनोखी कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान ही अक्षय कुमार और विष्णु मांचू ने हॉलीवुड फिल्मों को लेकर कहा कि वे लोग हमारी माइथोलॉजी से इंस्पायर होकर सुपरहीरो वाली फिल्में बनाते हैं। हालिया बातचीत में अक्षय कुमार कहते हैं, 'हमारे पास बहुत सारी कहानियां हैं। मेरा पर्सनली मानना है कि हॉलीवुड वाले हमारी कहानियों से बहुत कुछ लेते हैं। उनके सुपरहीरो, सुपरहीरो की पावर, हमारी माइथोलॉजिकल स्टोरी से इंस्पायर हैं। हमारे पास जिस तरह की कहानियां हैं वे बेहतरीन हैं। मुझे फिल्म करने से पहले कन्नप्पा की कहानी नहीं पता थी।' फिल्म 'कन्नप्पा' की कहानी को अक्षय बेहतरीन और कमाल की बताते हैं।

### विष्णु मांचू ने भी सहमति जाहिर की

अक्षय कुमार की बात पर फिल्म 'कन्नप्पा' के लीड एक्टर विष्णु मांचू भी सहमत नजर आते हैं। वह कहते हैं, ' हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वॉर्स' भी महाभारत से इंस्पायर है।' विष्णु आगे कहते हैं, 'हॉलीवुड फिल्म 'ईटी भी सत्यजीत रे की लिखी गई एक स्क्रिप्ट से इंस्पायर रही है।' बताते चलें कि स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'ईटी( 1982)' जब रिलीज हुई तो ऐसा माना गया कि यह फिल्म सत्यजीत रे की कहानी 'द एलियन' की कॉपी है। फिल्म 'कन्नप्पा' की बात करें तो इसमें विष्णु मांचू ने कन्नप्पा की भूमिका निभाई है, जो भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त है। भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार नजर आ रहे हैं। इनके अलावा फिल्म में काजल अग्रवाल और प्रभास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।



## शादी के बाद मैं उठाती थी खर्च, आयुष्मान को नहीं था मतलब

आयुष्मान खुराना ने लंबे वक्त तक डेट करने के बाद साल 2008 में ताहिरा कश्यप से शादी कर ली थी। अब दोनों खुशहार शादी शुदा जीवन बिता रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि जब आयुष्मान मुंबई आए थे तब घर का पूरा खर्च भी ताहिरा ही उठाती थीं। क्योंकि आयुष्मान काम के लिए संघर्ष कर रहे थे। ताहिरा ने अपने पुराने वक्त को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने घर का खर्च चलाया।

### मैंने किसे से नहीं ली मदद अकेले उठाया सारा खर्च

हालिया बातचीत में ताहिरा ने आयुष्मान के शुरुआती दिनों को याद किया। ताहिरा ने बताया, मैंने अपनी शादी पर कुछ पैसे खर्च किए थे लेकिन मेरे पास अपनी बचत थी। लेकिन, मुंबई में मेरी कोई नौकरी नहीं थी। हमारी अभी-अभी शादी हुई थी और मैं अभी भी नौकरियों के लिए आवेदन कर रही थी। जबकि आयुष्मान ने वीजे के तौर पर अपना काम शुरू ही किया था। यह लड़का यह नहीं समझता था कि हम खाना कैसे पा रहे हैं, हम ये सारी सब्जियां, फल कैसे खरीद रहे हैं। मेरा बैंक बैलेंस कम हो रहा था। मैंने कभी किसी से पैसे नहीं मांगे, यहां तक कि अपने माता-पिता से भी नहीं। मैं हमेशा से आर्थिक रूप से स्वतंत्र थी लेकिन फिर सब कुछ बिगड़ गया क्योंकि एक साल हो गया था और मेरा बैंक बैलेंस जीरो था।

### जब आयुष्मान को हुआ एहसास

ताहिरा ने एक ऐसे पल को भी याद किया जिसने उनके इकनॉमिकल डिसबैलेंस को सतह पर ला दिया। उन्होंने बताया, 'एक दिन आयुष्मान ने मुझसे पूछा कि मैं आम क्यों नहीं खा रही हूं। जबकि उसे नहीं पता था कि मैं दो दिनों से आम नहीं खा रही थी ताकि वो खा सके।मैं इस सवाल से काफी परेशान हो गई और रोने लगी।

मैंने आयुष्मान को बताया कि मैं अपनी बचत से ही घर का सारा खर्च चला रही थी, जो अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। तब आयुष्मान ने हैरानी जताते हुए कहा कि मैंने उनसे पैसे क्यों नहीं मांगे, तो मैंने बताया कि मैं खुद ऐसा नहीं कर सकती और मुझे उम्मीद है कि वो घर चलाने की जिम्मेदारी में मेरा साथ देंगे। तब आयुष्मान को ये एहसास हुआ कि मैं महीनों से चुपचाप बोझ उठा रही थी।'



## केरल में प्रकृति के बीच सुकून के पल बिता रहीं मोना सिंह

अभिनेत्री मोना सिंह केरल की यात्रा पर हैं, जहां नेचर के बीच वक्त बिता रही हैं। मोना ने इंस्टाग्राम अकाउंट से खूबसूरत फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, खुशनुमा जून और यात्रा...खुद से प्यार करिए और यात्राएं करिए। मोना सिंह को टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं से घर-घर में पहचान मिली। मोना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे सीरीज मिस्त्री में एसीपी सहमत सिद्दीकी की भूमिका में नजर आएंगी, जो 27 जून को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।




## भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार: गोयल

### व्यापार समझौते से मजबूत होंगे रिश्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के



कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है।

**भारतीय यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं-** उद्योग मंत्री ने यूके और भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहा न्यायपूर्ण नहीं है, भारतीय यूके में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ने का काम करते हैं।

**एफटीए की चर्चा तीन वर्षों से चल रही थी-** मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि एफटीए का फैसला इस बार नई सरकार के आने के बाद उठाया गया है। पिछले तीन वर्षों से इस पर चर्चा चल रही थी। एफटीए के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, जिसमें 85 प्रतिशत दस वर्ष की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे। इसके बदले में ब्रिटेन ने भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ को कम करने पर सहमति जताई है। इससे 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

## अडानी समूह की पूरी हुई डील: इस कंपनी में मिल गया 26 प्रतिशत स्टेक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह की स्टॉक अंबुजा सीमेंट्स ने ओरिएंट सीमेंट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जिससे कंपनी में इसकी कुल हिस्सेदारी 72.66 प्रतिशत हो गई है। यह रणनीतिक अधिग्रहण सेबी के शेयरों के पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण (एसएएसटी) विनियम, 2011 के तहत एक खुली पेशकश के माध्यम से किया गया था, और यह भारतीय सीमेंट क्षेत्र में एक प्रमुख समेकन कदम है। बता दें कि आज अंबुजा सीमेंट के शेयर 535.30 रुपये पर आ गए, इसमें 2 प्रतिशत तक की गिरावट थी। वहीं, ओरिएंट सीमेंट के शेयर में भी 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई और यह 248.50 रुपये पर आ गया।

**ओपन ऑफर ट्रांजैक्शन डिटेल-** 18 जून, 2025 की एक विनियामक फाइलिंग में, अंबुजा सीमेंट्स ने 395.40 प्रति शेयर के भाव पर ओरिएंट सीमेंट में 5.34 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदने का खुलासा किया। यह अधिग्रहण – जो ओरिएंट सीमेंट की कुल शेयर पूंजी का ठीक 26 प्रतिशत है – सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए एक ओपन ऑफर के माध्यम से किया गया था। इस लेन-देन से पहले, अंबुजा के पास कंपनी में 9.58 करोड़ शेयर या 46.66 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। अधिग्रहण के इस नवीनतम दौर के साथ, इसका कुल स्वामित्व 14.92 करोड़ शेयरों तक बढ़ गया है, जो ओरिएंट सीमेंट की इक्विटी का 72.66

# एक दिन में एक लाख के बना दिए 18 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या कोई शेयर एक दिन में 1600 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे सकता है बिल्कुल, यह संभव हुआ है। दरअसल, शेयर मार्केट में सब कुछ संभव है। यहां कोई शख्स रातोंरात लखपति या करोड़पति बन सकता है तो कोई पलभर में कंगाल भी हो सकता है। ऐसे ही एक शेयर ने 24 घंटे में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दे डाला है। इस शेयर का नाम इंडोसोलर लिमिटेड है। एक दिन पहले तक यह पेनी स्टॉक था।

कल यानी बुधवार को इस शेयर की कीमत मात्र 9.71 रुपये थी। आज गुरुवार को यह 1600 फीसदी से ज्यादा के रिटर्न के साथ 165.06 रुपये पर खुला। कुछ देर बाद इसमें और तेजी आई और सीधे 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। इसके बाद यह शेयर 173.31 रुपये पर पहुंच गया। यानी इसने मात्र 24




घंटे में ही करीब 1685 फीसदी रिटर्न दे दिया। अगर आपने इसमें एक दिन पहले एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आज उनकी वैल्यू 17.85 लाख (करीब 18 लाख) रुपये होती।

## फ्रांस से समझौता: भारत में बनेगा फाल्कन 2000 जेट, रिलायंस इन्फ्रा की दसॉ के साथ ऐतिहासिक करार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी रिलायंस एरोस्ट्रक्चर लिमिटेड ने वैश्विक बाजारों के लिए भारत में फाल्कन 2000 बिजनेस जेट बनाने के लिए फ्रांस की दिग्गज कंपनी दसॉ एविएशन के साथ साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने बुधवार को पेरिस एयरशो के दौरान इसकी घोषणा की। यह साझेदारी भारत की वैमानिकी विनिर्माण (एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग) क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण



कदम है। भारत इस ऐतिहासिक समझौते से अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील के साथ अगली पीढ़ी के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा। दसॉ एविएशन ने कहा कि पहली बार वह फ्रांस के बाहर फाल्कन 2000 जेट का विनिर्माण करेगी। फाल्कन 2000 जेट के लिए अत्याधुनिक असेंबली लाइन महाराष्ट्र के नागपुर में स्थापित की जाएगी। यह फ्रांस के बाहर पहला ऐसा उत्कृष्टता केंद्र होगा।

### 2028 तक तैयार होगा पहला मेड इन इंडिया फाल्कन 2000 जेट

दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, यह नया समझौता एक बार फिर हमारी मेक इन इंडिया प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत को प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है। समझौता संयुक्त उद्यम को फ्रांस के बाहर फाल्कन असेंबली के लिए पहला उत्कृष्टता केंद्र बनाएगा। नई असेंबली लाइन अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करेगी। पहला मेड इन इंडिया फाल्कन 2000 वर्ष 2028 तक बनकर तैयार होगा।

## फार्मा कंपनी को थाईलैंड से मिला करोड़ों का एक्सपोर्ट आर्डर तो इसके शेयर में लगने लगा अपर सर्किट

**मुंबई, एजेंसी।** फार्मा सेक्टर की दिल्ली की एक कंपनी है । इस कंपनी ने थाईलैंड स्थित फॉर्च्यून सागर इम्पेक्स कंपनी लिमिटेड के साथ थर्ड-पार्टी सोर्सिंग और खरीद सेवाओं के लिए एक निर्णायक ऑर्डर मिलने की घोषणा की है। इसके बाद इसके शेयर लगातार अपर सर्किट में फंस रहे हैं। बुधवार को इस आर्डर की सूचना शेयर बाजार में दी गई थी, तभी यह पांच फीसदी चढ़ कर अपर सर्किट में पहुंचा था। इसके बाद से लगातार दूसरे दिन, मतलब कि गुरुवार को भी शेयर सुबह ही अपर सर्किट में फंसा है।

### कितने का है आर्डर

शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार यह आर्डर 517 करोड़ रुपये मूल्य का है। यह ऑर्डर एक्स-वर्क्स मॉडल के तहत मिला है। इस आर्डर के अनुसार, वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड कई फिनिश्ड-डोज वाले एसकेयू की सोर्सिंग और खरीद में संलग्न होगी। शुल्क-आधारित मॉडल पर निर्मित, कंपनी दवा की लागत पर 5 प्रतिशत निश्चित कमीशन अर्जित करेगी। इससे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी को अनुमानित 25.85 करोड़ रुपये की सर्विस इनकम की उम्मीद है। यह वेलक्योर के रेवेन्यू में काफी वृद्धि करेगी। एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि यह आर्डर वेलक्योर के शुल्क-आधारित पोर्टफोलियो को बिना वृद्धिशील बैलेंसशीट जोखिम के बढ़ाता है, जिससे यह कंपनी के लिए उच्च-मार्जिन विकास का अवसर बन जाता है। कंपनी सेबी एलओडीआर के अनुसार, जब भी लगातार कॉल-ऑफ सक्रिय होंगे, तब आगे अपडेट प्रदान करेगी।

**थाईलैंड की कंपनी क्या करेगी-** इसमें थाईलैंड की फर्म दवा की पैकेजिंग, लेबलिंग, कंटेनर में भरने का कार्य करेगी।



इसी के साथ इस कंशाइनमेंट के इंश्योरेंस और फ्रेट की जिम्मेदारी भी वहीं की कंपनी की होगी। उस देश में यदि कोई रेगुलेटरी क्लियरेंस हासिल करना होगा तो यह जिम्मेदारी भी थाईलैंड की कंपनी की ही होगी। उल्लेखनीय है कि वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स ने 16 मई से 14 जून, 2025 तक रिमोट ई-वोटिंग के ज़रिए पोस्टल बैलेट का आयोजन किया था, जिसमें 5 साल के कार्यकाल के लिए चिंतन दीदावाला गणपत को प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगी गई। उसी बैठक में, कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को 116 करोड़ से बढ़ाकर 186 करोड़ (यानी, 10 प्रत्येक के 18.6 करोड़ इक्विटी शेयर) करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### कंपनी का बैलेंस शीट क्या

31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, कंपनी ने 2.17 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ 26.45 करोड़ रुपये की शुद्ध आय दर्ज की थी।

### शेयर बाजार में क्या हाल

बीएसई में कल भी यह शेयर पांच फीसदी की बढ़ोतरी के साथ अपर सर्किट में फंस कर 13.74 रुपये पर बंद हुआ था। आज सुबह यह 14.41 रुपये पर खुला जो कि आज का न्यूनतम स्तर था। इसके कुछ ही क्षण बाद यह 14.42 रुपये पर चला गया जो कि आज का अपर सर्किट का स्तर था।

## फाइटर जेट बनाने वाली चीनी कंपनी का शेयर क्रैश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीनी रक्षा कंपनी एवीआइसी चेंगदू एयरक्राफ्ट का शेयर गुरुवार को दिन के कारोबार में 5 प्रतिशत गिर गया। यह गिरावट बुधवार को हुई तेज बढ़त के बाद आई है। बुधवार को यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत चढ़ा था, क्योंकि निवेशक पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में होने वाली मुलाकात से उम्मीदें लगा रहे थे, लेकिन इस बैठक के बाद कोई ऐलान नहीं हुआ। इससे निवेशकों का मनोबल गिर गया और शेयर नीचे आ गया। आज शेयर का ओपन 86.59 युआन पर हुआ, जो बुधवार के क्लोजिंग प्राइस (88.93 युआन) से कम था। दिन भर में यह 84.26 युआन तक गिर गया, यानी पिछले दिन के मुकाबले 5.25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। हालांकि पिछले पांच कारोबारी दिनों में तीन दिन गिरावट रही, फिर भी इन दिनों में शेयर ने करीब 9 प्रतिशत का फायदा दिया है।

### महीने भर का कैसा रहा रुख

मई में इजरायल-ईरान तनाव और भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़पों के चलते इस शेयर को भारी समर्थन मिला था। मई में 31 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त दर्ज की। जून में अब तक 11 प्रतिशत का उछाल बरकरार है। निवेशकों को लगा था कि मुनीर-ट्रंप मुलाकात के बाद पाकिस्तान को अमेरिकी सैन्य समर्थन मिल सकता है, जिससे एवीआइसी के जे-10 जेट्स की मांग बढ़ती।

## नई पेंशन योजना: यूपीएस में शामिल कर्मियों को भी 25 लाख तक ग्रैच्युटी मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना में सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु ग्रैच्युटी लाभ लागू कर इस योजना को अपनाने वाले केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार का नया आदेश किसी कर्मचारी को यह चुनने का विकल्प देता है कि सेवाकाल में ही उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसे फिर से ओपीएस के दायरे में ले लिया जाए। कार्मिक मंत्रालय के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने यूपीएस में शामिल केंद्रीय कर्मचारियों के लिए सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु या अक्षमता या विकलांगता के कारण सरकारी सेवा से उनकी बर्खास्तगी पर ओपीएस के तहत लाभ मिलने के विकल्पों पर आदेश जारी किया। डीओपीपीडब्ल्यू के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि यह आदेश



किसी कर्मचारी को यह चुनने का विकल्प देता है कि सेवाकाल में ही उसकी मृत्यु हो जाती है, तो उसे फिर से ओपीएस के दायरे में ले लिया जाए। यह आदेश एनपीएस और यूपीएस पेंशनभोगियों के बीच समानता लाता है और वे 25 लाख रुपये की ग्रैच्युटी के लिए भी पात्र होंगे।

### पहले यहां फंसा हुआ था पेंच

अभी तक यूपीएस का विकल्प चयन करने के बाद अगर किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति से मृत्यु या विकलांगता हो जाती है तो उस स्थिति में कुछ भी स्पष्ट नहीं था। कर्मचारी असमंजस में थे कि उन्हें किस प्रकार की पेंशन या फैमिली पेंशन मिलेगी। कर्मचारी संगठनों ने इस पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।

## 8000 करोड़ का निवेश... मुकेश अंबानी ने कर ली कोका-कोला और पेप्सी को टक्कर देने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने बेवरेज ब्रांड्स पर बड़ा निवेश करने जा रही है। कंपनी अगले 12-15 महीनों में 8000 करोड़ रुपये तक का निवेश करेगी। यह निवेश कैम्पा और अन्य पेय पदार्थों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। रिलायंस कंज्यूमर इस निवेश के साथ बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। रिलायंस कंज्यूमर कोका-कोला और पेप्सी जैसी बड़ी कंपनियों को टक्कर देने के लिए तैयार है। साथ ही, कंपनी का लक्ष्य देश भर में मौजूद छोटे, क्षेत्रीय ब्रांड्स को भी चुनौती देना है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक कंपनी लगभग 10-12 नए कारखाने खोलने की योजना बना रही है। कुछ कारखाने कंपनी खुद बनाएगी और कुछ में दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी।

**अब तक का सबसे बड़ा निवेश-** एक अधिकारी ने बताया कि यह आरसीपीएल द्वारा किया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। आरसीपीएल ने 2022 में रिलायंस रिटेल वेंचर्स की सहायक कंपनी के रूप में काम करना शुरू किया था। अधिकारी ने यह भी बताया कि यह निवेश रिलायंस और उसके कुछ साझेदारों द्वारा मिलकर किया जा रहा है। कुल मिलाकर 6000 से 8000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### मुरलीधरन के साथ साझेदारी

रिलायंस कंज्यूमर के बेवरेज पोर्टफोलियो में कई ब्रांड शामिल हैं। इनमें कैम्पा कोला, ऑरेंज और लेमन जैसे फ्लेवर हैं। इसके अलावा, सोस्यो सॉफ्ट ड्रिंक्स, स्पिनर स्पोर्ट्स ड्रिंक, सन क्रश जूस, फ्रूट-बेस्ड हाइड्रेशन ब्रांड ऋझ्ह्यद्दझ और इंडिपेंडेंस वाटर भी शामिल हैं। रिलायंस कंज्यूमर ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी में स्पिनर स्पोर्ट्स ड्रिंक को बनाया और बेचा जाएगा।

## प्राइडश्चगोदरेज 2025: प्रतीकवाद से परे, एलजीबीटीक्यूआईए+ की आवाज़ और व्यवसायों को सशक्त बनाना

**मुंबई, एजेंसी।** इस वर्ष, प्राइडश्चगोदरेज ने गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के भीतर सांस्कृतिक समावेशन के दस वर्षों के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एक ऐसा मंच तैयार किया है, जहां प्रामाणिक क्वीयर कहानियां, उद्यमशीलता की भावना और कलात्मक अभिव्यक्ति को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके। हाल ही में समूह ने अपने मुख्यालय गोदरेज वन में एक जीवंत प्राइड मार्च का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व गोदरेज इंडस्ट्रीज कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष शाह ने किया, और इसमें संगठन के सीनियर लीडर्स ने भाग लिया। यह मार्च एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के प्रति एकजुटता का सशक्त प्रदर्शन था, जिसमें भारत और दुनिया भर में गोदरेज के क्वीयर कर्मचारी और उनके सहयोगी शामिल हुए। प्राइडश्चगोदरेज 2025 की मुख्य विशेषताओं में से एक था क्वीयर दिशा निर्देश का शुभारंभ – यह वेस्टलैंड बुक्स के सहयोग से शुरू की गई एक अग्रणी प्रकाशन श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य क्वीयर की आवाज़ और कहानियों को सामने लाना है। इस कार्यक्रम की शुरुआत पिच बाज़ार से हुई, जहां एक दर्जन से अधिक अप्रकाशित क्वीयर लेखकों को प्रकाशकों और मीडिया विशेषज्ञों से मिलने का अवसर मिला।




## केल्टन टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड ने फंड जुटाने और 1:5 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** केल्टन टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड जो डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है और स्टार्टअप्स से लेकर फॉर्च्यून 500 कंपनियों तक को सेवाएं प्रदान करती है, ने घोषणा की है कि कंपनी के बोर्ड ने प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर निवेशकों को प्राथमिक आधार पर 55,00,000 वारंट जारी करने और आवंटित करने के माध्यम से अधिकतम रु 69.30 करोड़ तक की फंड जुटाने को मंजूरी दी है।

प्रमोटर ग्रुप, मैटनिक फिनवेस्ट एलएलपी, 45,00,000 वारंट सब्सक्राइब करेगा, जिसकी कुल राशि रु 56.70 करोड़ होगी। वहीं, नॉन-प्रमोटर निवेशक करनजीत सिंह और श्रीनिवास पोटलुरी मिलकर 10,00,000 वारंट सब्सक्राइब करेंगे। इसके अलावा, बोर्ड ने कंपनी के प्रत्येक मौजूदा इक्विटी शेयर को 5 इक्विटी शेयरों में विभाजित (स्टॉक स्प्लिट) करने की मंजूरी भी दी है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि शेयरधारकों से ईजीएम में मंजूरी मिलने के बाद तय की जाएगी। इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणाम घोषित किए। वित्त वर्ष 2024-2025 में कंपनी की कुल आय रु 10,999 मिलियन रही, जो साल-दर-साल आधार पर 11.7 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने रु 1,298 मिलियन का एबिटा दर्ज किया और मार्जिन 11.8 प्रतिशत रहा।

## अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर के साथ अपने खाने को पावर अप करें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोज़मर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में । प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है। और इसका मतलब यह नहीं कि खाना बोरिंग हो गया है, चाहे आप दिन की शुरुआत कर रहे हों हाई-प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों, इस स्टोर में आपको मिलते हैं आसानी से पकने वाले मिक्सेज़, नेचुरल आटा और फाइबर-युक्त अनाज, वो भी स्लॉटेड डिलीवरी और बेहतरीन कीमतों के साथ। स्वस्थ और स्वच्छ भोजन अब न सिर्फ आसान और सुलभ है, बल्कि स्वाद से भरपूर भी! द बेटर फ्लोर ज़ीरो मैदा बनाना पैनकेक मिक्स- चने और केले से बना यह ग्लूटन-फ्री मिक्स 100 प्रतिशत प्लांट-बेस्ड प्रोटीन से भरपूर है, जो एक झटपट और पौष्टिक नाश्ते के लिए आदर्श है। इसमें न मैदा है, न प्रिज़र्वेटिव्स और न ही कोई अनहेल्दी सामग्री, यह पारंपरिक पैनकेक मिक्स का एक हेल्दी विकल्प है, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए एकदम उपयुक्त है। टाटा सोलफुल मिलेट म्यूसली - फ्रूट एंड नट- यह कुरकुरा और हाई-फाइबर नाश्ता 25 प्रतिशत मिलेट्स और 90 प्रतिशत होल ग्रेन्स से बना है। इसमें बादाम, किशमिश और असली फलों के टुकड़े मिलाए गए हैं, जो दिन की शुरुआत को बनाते हैं पौष्टिक और स्वादिष्ट।

इंग्लैंड बनाम भारत

## लीड्स में पहले टेस्ट से पूर्व करुण नायर चोटिल, 8 वर्षों बाद टेस्ट में कर रहे वापसी

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरूआत से एक दिन पहले भारतीय टीम को झटका लगा है। लगभग 8 वर्षों के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी को तैयार करुण नायर अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की श्रृंखला 20 जून से शुरू होगी और यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (ड्ब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की शुरुआत भी की है।



नायर 2017 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेलने की उम्मीद में थे, लेकिन नेट सत्र के दौरान तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंद से पसलियों पर चोट लग गई। इस चोट के कारण 33 वर्षीय खिलाड़ी असहज महसूस कर रहे थे, हालांकि, उन्होंने जल्द ही बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी। अपने बल्लेबाजी सत्र के बाद उन्होंने सहयोगी स्टाफ और टीम के सदस्यों को चोट दिखाई थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज को एक समय भविष्य का सितारा माना जा रहा था क्योंकि वह टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। 2024-25 के सत्र में एक ठोस घरेलू सत्र, जिसमें भारत ए बनाम इंग्लैंड लायंस श्रृंखला में हाल ही में दोहरा शतक और विदर्भ की रणजी ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है, ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में वापस बुला लिया।

# आज से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज

### इंग्लैंड में होगी नई शुरुआत, गिल के नेतृत्व में बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार टीम इंडिया

**लीड्स (एजेंसी)।** नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है।

इस 25 वर्षीय कप्तान के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है।

कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे।

### टीमें

**इंग्लैंड (प्लेइंग 11)-** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत-** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

समय -भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे।



## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 घोषित की

### वोक्स की वापसी, पोप को भी मौका

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की मेजबान टीम के लाइन अप में वापसी हुई है जबकि ओली पोप को जैकब बेथेल की जगह तरजीह दी गई है। टखने की चोट के कारण पिछले दो टेस्ट से बाहर रहने वाले वोक्स को सैम कुक की जगह टीम में शामिल किया गया है जबकि गुस एटकिंसन की जगह ब्रायडन कार्स को शामिल किया गया है जो



हैमस्ट्रिंग के कारण बाहर हैं। आठवें नंबर पर वोक्स को शामिल किया गया जिससे इंग्लैंड ने मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप बरकरार रखते हुए जेमी स्मिथ को सातवें नंबर पर विशेषज्ञ विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में उतारने का फैसला किया। मेजबान टीम ने अनुभव को प्राथमिकता देते हुए उप-कप्तान ओली पोप को तीसरे नंबर पर रखा है और 21 वर्षीय बेथेल को बाहर कर दिया। शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम एकादश की घोषणा नहीं की है क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद उनके नया शीर्ष क्रम उतारने की उम्मीद है।

**पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11** – जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई के इस रेसलर ने 42 दिनों में ऐसे घटाया 10 किलो वजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार लेक्सिस किंग ने हाल ही में अपना वजन कम किया है। उन्होंने 10 किलो से ज्यादा वजन घटाया है। यह खबर 19 जून 2025 को सामने आई। लेक्सिस ने अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने यह सफलता हासिल की। फैंस उनके इस बदलाव को देखकर हैरान हैं। लेक्सिस किंग ने सिर्फ छह हफ्तों में 10 किलो से ज्यादा वजन कम किया है। उन्होंने अपनी स्लिम बॉडी की फोटो एक्स पर शेयर की। इसमें उनका सिक्स-पैक साफ दिख रहा है।



### लेक्सिस ने अपने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

लेक्सिस ने खुद को एक नया नाम दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मैंने 6 हफ्तों में 23 पाउंड वजन कम किया! अब आप सब मुझे स्किनी लेक्सिस कह सकते हैं। इसका मतलब है कि लेक्सिस ने बहुत कम समय में काफी वजन घटाया है।

### नए अवतार से खुश हैं फैंस

डब्ल्यूडब्ल्यूई एनएक्सटी स्टार लेक्सिस किंग ने बताया कि उन्होंने भांग छोड़कर और निकोटीन प्रोडक्ट का इस्तेमाल करके वजन कम किया है। उनके फैंस इस कोशिश से काफी प्रभावित हैं। एक फैन ने कमेंट किया, 'बहुत बढ़िया काम लेक्सिस!' एक और फैन ने लिखा, बहुत अच्छे लग रहे हो, भाई। एक अन्य फैन ने कहा, लीन लेक्सिस। इसका मतलब है कि लोग उनके इस बदलाव से खुश हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं।एडी गुरेरो अपनी करिश्माई पर्सनालिटी और शानदार इन-रिंग कौशल के लिए जाने जाते थे। वे दर्शकों का मनोरंजन करने में माहिर थे। 13 नवंबर, 2005 को एडी अपने होटल के कमरे में बेसुध पाए गए। 38 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई। उनकी मौत का कारण एक्यूट हार्ट फेलियर था। यह कई सालों तक कड़ी मेहनत और कुश्ती के कारण उनके शरीर पर पड़े असर का नतीजा था। उनके निधन से कुश्ती जगत में शोक की लहर दौड़ गई। एडी को आज भी हर कुश्ती प्रशंसक बहुत याद करता है।

## 19 साल की दिव्या देशमुख ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

### पीएम मोदी ने तारीफ की; वर्ल्ड रैपिड चेस में सिल्वर, ब्लिट्ज में 2 ब्रॉन्ज जीते



**लंदन (एजेंसी)।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने दिव्या देशमुख ने सोमवार को दुनिया की नंबर-1 चेस प्लेयर हौ यिफान को हराया। जूनियर कैटेगरी की वर्ल्ड नंबर-1 दिव्या ने चीन की हौ यिफान को हराते हुए वर्ल्ड टीम रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में 3 मेडल जीते। इनमें रैपिडचेस का सिल्वर और ब्लिट्ज का ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।

दिव्या की इस अचीवमेंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### यिफान को दूसरे चरण में हराया

लंदन में समाप्त हुए एफआईडीई वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चेस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में नागपुर की दिव्या का सामना यिफान से हुआ। यह मुकाबला शतरंज के सबसे तेज प्रारूप में था, जो हाल ही में वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश के बीच खेले गए क्लासिकल गेम की तरह रोमांचक था।

### ब्लिट्ज में बॉन्ज और रैपिड में सिल्वर मेडल

वहीं 19 साल की दिव्या ने ब्लिट्ज में बॉन्ज और रैपिड में सिल्वर मेडल जीता। वहीं, इंडिविजुअल में उन्हें रैपिड में सिल्वर, ब्लिट्ज़ में ब्रॉन्ज मेडल मिला।

### दिव्या ने हेम्साइमाइंड चेस क्लब के लिए खेलीं

यिफान ने डब्ल्यूआर चेस टीम का प्रतिनिधित्व किया, जबकि दिव्या हेक्सामाइंड चेस क्लब के लिए खेलीं। पहले चरण में यिफान ने दिव्या को हरा दिया था, लेकिन दूसरे चरण में दिव्या ने शानदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने शुरुआती बढ़त का फायदा उठाया और तेजी से चालें चलाकर समय पर नियंत्रण हासिल किया।

## पूर्व क्रिकेटर भज्जी का पत्नी गीता बसरा संग नया शो

### पहले एपिसोड में पत्नी संग पहुंचे हिटमैन रोहित शर्मा; सूर्या-बुमराह भी आएंगे

**जालंधर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह 'भज्जी' जल्द ही पत्नी गीता बसरा के साथ नया चैट शो शुरू कर रहे हैं। इसमें उनके पहले गेस्ट भारतीय वन डे टीम के कैप्टन रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका होंगी। इसके बाद सूर्य कुमार यादव, जसप्रीत बुमराह समेत देश के दिग्गज क्रिकेटर्स इस शो में आएंगे।

यह शो यूट्यूब चैनल ' हू इज द बॉस' पर प्रसारित होगा। इसका टीजर भी जारी किया गया है। जिसमें भज्जी और उनकी पत्नी गीता बसरा रोहित व उनकी पत्नी रितिका से सवाल-जवाब कर रहे हैं।

**1. क्रिकेट मैच नहीं, बल्कि घर का मैच होगा-** अपने पॉडकास्ट के बारे में जानकारी साझा करते हुए पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने वीडियो साझा की है। इसमें उन्होंने कहा- इस शो में क्रिकेट मैच नहीं, बल्कि घर का मैच होगा। हरभजन ने आगे कहा-



इस शो में कोई भी बात बनावटी नहीं होगी, सब कुछ बिना किसी कट के होगा।

**2. देश के दिग्गज और पसंदीदा क्रिकेटर आएंगे-** हरभजन सिंह ने कहा कि शो में शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों के साथ उनकी पत्नियां भी शामिल होंगी। हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने क्रिकेटरों की प्रसिद्धि के पीछे मजबूती से खड़े होकर काम किया है। उनके बलिदान और अनकही कहानियां को साझा करेंगे, जो शायद ही कभी सुर्खियों में आती।

**3. पहले पॉडकास्ट में रोहित-रितिका की जोड़ी-** हरभजन ने कहा कि हमारी इस शो की पिच पर देश के दिग्गज और पसंदीदा क्रिकेटर आ रहे हैं। पहले चार पॉडकास्ट में रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह, सूर्य कुमार यादव और उनकी पत्नी देविशा शेट्?टी, जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी संजना गणेशन और फिर सुरेश रैना और उनकी पत्नी प्रियंका चौधरी आएंगी।

**4. क्रिकेटर की वाइफ को देखकर आया आइडिया-** पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि इस शो को बनाने का आइडिया उन्हें क्रिकेटरों की पत्नियों को देखकर आया। लोग क्रिकेटरों को तो जानते हैं, लेकिन उनकी पत्नियों को नहीं जानते। इन महिलाओं की अपनी एक पहचान है, एक अलग कहानी है, ये अपने आप में बेहद खास हैं। हम चाहते हैं कि इनकी कहानियां सबके सामने आएं। इसी सोच के साथ इस शो को शुरू करने का आइडिया आया।


## एमएलसी में 'भारतीय' खिलाड़ी का शानदार प्रदर्शन, टीम को हासिल करवाया 201 रन का लक्ष्य

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में गुरुवार को सिएटल ओर्कास के खिलाफ खेले गए मैच में एमआई न्यू यॉर्क के मोनांक पटेल की 93 रन की पारी ने टीम को 201 रन के लक्ष्य को भेदने अमह भूमिका निभाई। इस पारी की बदौलत मोनांक ने काफी सूर्खियां बटोरी। सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 200 रन बनाए। जवाब में एमआई न्यू यॉर्क ने यह लक्ष्य 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य के दौरान भारतीय मूल के मोनांक पटेल जो अब अमेरिका की टीम के कप्तान हैं, ने 50 गेंदों में 93 रन की शानदार पारी खेलकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पारी में मोनांक पटेल ने 8 चौके और 7 छक्के जड़े जिससे उन्की आक्रामकता शमता और आत्मविश्वास नजर आया। यह जीत एमआई न्यू यॉर्क को टूर्नामेंट में वापसी दिलाने में मदद करेगी। इस पारी के साथ ही मोनांक पटेल ने मेजर लीग क्रिकेट इतिहास में किसी अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।



# इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय टीम आज 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू करेगी। भारतीय अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगी क्योंकि भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी और 2007 के बाद से इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना सपना ही बना हुआ है। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे जो विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद आसान नहीं होने वाला है। सीरीज से पहले आइए जानते हैं इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ियों के बारे में -



**गुंडप्पा विश्वनाथ-** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ 70 के दशक में भारतीय टीम की बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे और अब भी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

**राहुल द्रविड़-** द वॉल कहे जाने वाले राहुल द्रविड़ ने 37 पारियों में 1950 रन बनाए हैं और इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। द्रविड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ कई बार मेहमान टीम की पारी को संभाला जिसमें 1996 में उनका पहला टेस्ट भी शामिल है, जहां वह शतक (95) से चूक गए थे। इंग्लैंड के खिलाफ द्रविड़ की कई मैच बचाने वाली पारियों में से एक 2011 के विनाशकारी दौरे पर आई थी, जहां एमएस धोनी की अगुआई वाली टीम ने सभी चार मैच काफी बड़े अंतर से गंवा दिए थे।

**विराट कोहली-** विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिसमें 2016 में घरेलू सीरीज में दोहरा शतक भी शामिल है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 42.36 की औसत से 1991 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 235 रहा है।

**सुनील गावस्कर-** टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में 2483 रन बनाए। 1979 के इंग्लैंड दौरे पर गावस्कर ने 221 रनों की मैराथन पारी की बदौलत भारत के लिए लगभग चमत्कारिक जीत हासिल कर ली थी।

**राहुल द्रविड़** – राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड में भारत के लिए 13 टेस्ट मैचों में 68.80 की शानदार औसत से 1,376 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं।

**दिलीप वेंगसरकर-** दिलीप वेंगसरकर ने इंग्लैंड में 13 टेस्ट मैचों में 48.00 की औसत से 960 रन बनाए, जिसमें 4 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं।

**सौरव गांगुली** – सौरव गांगुली ने इंग्लैंड में भारत के लिए 9 टेस्ट मैचों में 65.35 की औसत से 915 रन बनाए जिसमें 3 शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं।

### सचिन तेंदुलकर

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने अपने करियर का अंत 32 टेस्ट मैचों में 2535 रन के साथ किया। इस दौरान उन्होंने 7 शतक भी लगाए जिसमें 1990 में किशोरावस्था में बनाया गया उनका पहला टेस्ट शतक भी शामिल है। इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के बारे में बात करें तो इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ सुनील गावस्कर, विराट कोहली और सौरव गांगुली का नम्बर है। सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 17 टेस्ट मैचों में 54.31 की औसत से 1,575 रन बनाए हैं जिसमें 4 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में थाने के सामने गोली मारकर मर्डर, कार निकालने के विवाद में बवाल

**मुरादनगर, एजेंसी।** यूपी के गाजियाबाद के मुरादनगर में चौंकाने वाली वारदात हुई है। मुरादनगर थाने के सामने बुधवार रात सवा बारह बजे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव मिल्क रावली निवासी रवि शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने शव को थाने के सामने रखकर प्रदर्शन किया और आरोपी के एनकाउंटर की मांग की। रवि शर्मा और आरोपी अजय व मोंटी के बीच बुधवार रात करीब दस बजे कार निकालने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आरोपी रवि के घर पहुंचे और मारपीट की। आरोपी अजय ने रवि के घर के गेट पर दो फायर भी किए। पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस की सलाह पर रवि अपने भाई के साथ थाने शिकायत करने पहुंचा। आरोपी भी वहां आ गए। इसी दौरान अजय और मोंटी ने रवि पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। चार गोलियां लगने से रवि जमीन पर गिर गए। आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल रवि को मोदीनगर के निवोक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मसूरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव थाने के गेट पर रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया है। महिलाओं की मांग है आरोपियों का घर पर बुलडोजर चले और एनकाउंटर किया जाए। उनका कहना है कि जैसा हमारा मरा है, वैसे ही आरोपी का भी एनकाउंटर होना चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा भी पहुंचे।

### आउटफिट आपके मुताबिक होना चाहिए, न कि आपको आउटफिट के मुताबिक ढलना चाहिए: प्रिशा

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के शो 'मेरी भव्य लाइफ' में जल्द ही शादी की शहनाइयाँ गूंजने वाली हैं, क्योंकि भव्या (प्रिशा धतवालिया का किरदार) और ऋशांक (करण वोहरा) अपनी शादी की तैयारियों में जुटे हैं - रस्मों, उत्साह और उस खास ब्राइडल आउटफिट की तलाश का खूबसूरत दौर। बहुतों के लिए यह एक ऐसा सपना होता है जो पेस्टल रंगों, लाल चुनरियों या अपने मनचाहे अंदाज़ में रंगा होता है। लेकिन इन चमकते सिक्विन्स और रेशमी कपड़ों के पीछे एक खामोश जद्दोजहद भी होती है, जो अक्सर नज़रअंदाज़ कर दी जाती है। जहां अधिकतर दुल्हनें अपने वेडिंग लुक के सपने देखती हैं, वहीं प्लस साइज महिलाएं अक्सर एक अलग हकीकत का सामना करती हैं। 'मेरी भव्य लाइफ' के वर्तमान ट्रैक में भव्या को ऋशांक की माँ साक्षी के मानसिक खेलों का शिकार बनना पड़ता है। साक्षी उसे जबरदस्ती एक ऐसा ड्रेस पहनने को मजबूर कर देती हैं जो साफ़ तौर पर बहुत टाइट है, जिससे भव्या को आखिरी समय में उसमें बदलाव करवाने पड़ते हैं ताकि वह सहज महसूस कर सके। लेकिन साक्षी की योजना यहीं खत्म नहीं होती। प्लस साइज ब्राइडल फैशन पर प्रिशा कहती हैं, हर कोई यह बात करता है कि अपनी शादी का आउटफिट खरीदना कितना एक्साइटिंग होता है - रंग, डिज़ाइन, चमक - लेकिन कोई यह नहीं बताता कि जब आपको पता हो कि स्टोर की ज्यादातर ड्रेस आपके साइज की नहीं है, तब अंदर ही अंदर कितना डर बैठ जाता है। अचानक विकल्प कम हो जाते हैं।

### ब्रैड एक आइकॉन हैं, और मैं चाहता था कि सॉनी भी वैसे ही हो: जोसेफ कोसिंस्की

**मुंबई, एजेंसी।** एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स और टॉप गन- मैवरिक की टीम लेकर आ रही है एक्शन और रोमांच से भरपूर फीचर फिल्म एफ1- द मूवी, जिसमें ऑस्कर विजेता ब्रैड पिट मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की ने किया है। वहीं, फिल्म को जेरी ब्रुकहाइमर, कोसिंस्की, सात बार के फॉर्मूला 1 वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन, ब्रैड पिट, डीडी गार्डनर, जेरेमी क्लेनर और चैड ओमान ने निर्मित किया है। इस शानदार टीम में जब लुईस हैमिल्टन जैसे अनुभवी रेसर निर्माता के तौर पर जुड़े और माहिर लेखक एरेन क्रूगर ने स्क्रीनप्ले की कमान संभाली, तो मेकर्स ने लीड रोल- सॉनी हेज़ के लिए जिस पहले नाम को चुना, वे थे- ब्रैड पिट। निर्देशक कोसिंस्की बताते हैं, ब्रैड पिट ने इस भूमिका में वह सब कुछ दिया, जिसकी हमें जरूरत थी। उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को एक नई ऊर्जा दी है। निर्देशक जोसेफ कोसिंस्की कहते हैं, ब्रैड एक आइकॉन हैं, और मैं चाहता था कि सॉनी हेज़ भी वैसे ही आइकॉनिक लगे। वैसे तो यह किरदार ब्रैड के लिए ही लिखा गया था। , लेकिन उन्होंने उसे और भी ऊँचाई पर पहुँचा दिया। उन्हें इस किरदार यानि सॉनी हेज़ से क्या चाहिए था।

# राजस्थान कांग्रेस चीफ डोटासरा ने 17 नेताओं को थमाया नोटिस

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी सर्जरी की शुरुआत हो गई है। प्रदेश नेतृत्व ने अब उन चेहरों की पहचान शुरू कर दी है जो संगठन के कामकाज में रुचि नहीं ले रहे। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के 17 ब्लॉक अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस थमाया है। यह संकेत है कि कांग्रेस अब संगठन में निष्क्रियता बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

मामले की पुष्टि करते हुए कांग्रेस महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि संगठनात्मक सुस्ती और विधानसभा समन्वयकों को सहयोग न देने के कारण यह नोटिस जारी किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी ने हाल ही में विधानसभा स्तर पर बैठकें कर समन्वयकों से फीडबैक मंगवाया था। जिन नेताओं का कामकाज सवालों के घेरे में आया, उन पर अब एक्शन की शुरुआत हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि ये सिर्फ एक शुरुआत है – जल्द ही और नाम सामने आ सकते हैं। संगठन के अंदर निष्क्रियता पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

इससे पहले 17 जून को डोटासरा ने जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम में भरतपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर संभागों के विधानसभा समन्वयकों के साथ मैराथन बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने वन-टू-वन संवाद कर हर समन्वयक से उनके क्षेत्र की जमीनी हकीकत जानी। खासकर संगठन सृजन अभियान के तहत चल रहे कामों की समीक्षा की गई और यह परखा गया कि कौन सा ब्लॉक अध्यक्ष



कितना एक्टिव है और कौन सिर्फ नाम मात्र का पदाधिकारी है। नोटिस जारी करते हुए डोटासरा ने इन 17 ब्लॉक अध्यक्षों से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। यदि तय समय पर संतोषजनक जवाब नहीं आया तो इन पदाधिकारियों की संगठन से छुट्टी भी हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो नोटिस मिलने के बाद कई जिलों में हलचल तेज हो गई है और कुछ जगहों पर डैमेज कंट्रोल की कवायद भी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस हाईकमान द्वारा गुजरात में हुए अधिवेशन के बाद संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर राज्यों को निर्देश दिए गए थे। राजस्थान में इस दिशा में सबसे तेजी से काम हुआ। डोटासरा के नेतृत्व में पार्टी ने 58 हजार से अधिक पदाधिकारियों का डिजिटल डाटा तैयार करवाया है, जिसमें हर नेता की सक्रियता, बैठकों में उपस्थिति, कार्यक्रमों में भागीदारी, और ग्रासरूट नेटवर्क का पूरा लेखा-जोखा शामिल है। इसी डाटा के आधार पर अब कार्रवाई हो रही है।पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, यह सिर्फ ट्रेलर है। अब पार्टी संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए 'क्लीनिंग ऑपरेशन' चला रही है। आने वाले समय में जिला और मंडल स्तर पर भी निष्क्रिय नेताओं की सूची तैयार की जा रही है। फीडबैक रिपोर्ट और डाटा एनालिसिस के जरिए उन चेहरों की पहचान की जा रही है जो पार्टी के लिए अब 'बोझ' बन चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने अब संगठन पर पूरा फोकस किया है। ऐसे में यह कार्रवाई न सिर्फ सख्ती का संकेत है, बल्कि पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं को एक सख्त संदेश भी – या तो एक्टिव बनो, या बाहर हो जाओ! सवाल ये है कि क्या यह 'ऑपरेशन क्लीन' पार्टी की नींव को फिर से मज़बूत कर पाएगा या फिर ये महज दिखावे की कवायद बनकर रह जाएगा? फिलहाल कांग्रेस संगठन में हलचल साफ नजर आ रही है, और सस्पेंस बना हुआ है कि अगली लिस्ट में कौन-कौन होंगे।

# छत्तीसगढ़ में खत्म होगी 5 डे वर्किंग, सरकार के इस प्लान पर सियासी संग्राम शुरू

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में पांच दिन काम को खत्म करने की चर्चा ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। बीजेपी सरकार के इस कदम से कर्मचारी भड़के हुए हैं, तो कांग्रेस इसे लेकर सरकार पर निशाना साध रही है। कर्मचारियों ने इसके खिलाफ आंदोलन करने और सड़क पर उतरने की बात कही है। ये पूरा मामला क्या है? आइए समझते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संकेत दिए हैं कि पांच दिन का वर्क वीक खत्म हो सकता है। उनका कहना है कि दो दिन की छुट्टी (शनिवार-रविवार) से प्रशासनिक कामकाज में सुस्ती आ रही है। सीनियर अफसरों का मानना है कि शुक्रवार दोपहर को कर्मचारियों की जल्दी निकलने की आदत और मंगलवार को होने वाली टाइम-लिमिट (टीएल) मीटिंग्स के चलते काम का ढेर लग रहा है। साय का तर्क है कि इससे गवर्नेंस की रफ्तार धीमी पड़ रही है।

कांग्रेस ने इस कदम को कर्मचारी-विरोधी करार दिया है। पार्टी के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने तीखा हमला



बोलते हुए कहा, अगर सीएम को पांच दिन का वर्क वीक इतना बुरा लगता है, तो केंद्र सरकार से भी इसे खत्म करने को कहें। ये फैसला कर्मचारियों में टकराव पैदा करेगा। कांग्रेस का दावा है कि 2022 में भूपेश बघेल सरकार ने शुरू की गई इस व्यवस्था से वर्क-लाइफ बैलेंस बेहतर हुआ और कामकाज की गुणवत्ता बढ़ी।

कर्मचारी यूनियनों ने इस प्रस्ताव को गलत बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। एक यूनियन नेता ने तल्ख लहजे में कहा, मुख्यमंत्री को सलाह देने वाले जरूर कुंठित लोग होंगे। पांच दिन के वर्क वीक ने हमें रिचार्ज होने का मौका दिया और इससे काम भी बेहतर हुआ। कर्मचारियों का कहना है कि बिना चर्चा के फैसला थोपा गया, तो सड़कों पर उतरना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में कोविड-19 के 100 से ज्यादा सक्रिय मामले फिर से सामने आए हैं, जिसने स्वास्थ्य अलर्ट को तेज कर दिया है। ऐसे में प्रशासनिक मशीनरी की चुस्ती पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार का दावा है कि दो दिन की छुट्टी और शुक्रवार की जल्दबाजी से जरूरी सेवाओं में देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासनिक कामकाज में अड़चनें और सर्विस डिलीवरी में बाधा आ रही है।

फरवरी 2022 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पांच दिन का कार्य सप्ताह शुरू किया था। इसके तहत कर्मचारी पांच दिन ज्यादा घंटे काम करते थे, और शनिवार-रविवार को छुट्टी मिलती थी। इसका मकसद था वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा देना और प्रशासनिक दक्षता सुधारना। लेकिन अब बीजेपी सरकार इसे उलटने की तैयारी में है।

यह विवाद तब और गर्माएगा, जब सरकार कोई अंतिम फैसला लेगी। कर्मचारी यूनियनों की नाराजगी और कांग्रेस की सियासी बयानबाजी से बीजेपी के लिए ये फैसला आसान नहीं होगा। दूसरी ओर, कोविड के बढ़ते मामलों के बीच प्रशासनिक सुस्ती का हवाला देकर सरकार अपने रुख पर अड़ी रह सकती है।

# कर्नाटक में फिर गरमाया नंदिनी-अमूल डेयरी का विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में एक बार फिर नंदिनी बनाम अमूल डेयरी का विवाद राजनीतिक लड़ाई बनती जा रही है। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने गुजरात स्थित डेयरी ब्रांड अमूल को बेंगलुरु के 10 मेट्रो स्टेशनों पर कियोस्क खोलने की अनुमति दी है। अब विपक्षी दल भाजपा और जेडीएस कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार के इस कदम की आलोचना कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि राज्य सरकार राज्य द्वारा संचालित ब्रांड नंदिनी को बढ़ावा देने में विफल रही है।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कियोस्क स्थापित करने के लिए टेंडर जारी किया था। यह टेंडर अमूल डेयरी को मिला है। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार को चाहिए था कि सभी 10 कियोस्क के संचालन का जिम्मा कर्नाटक मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित नंदिनी ब्रांड को दे देना चाहिए था।




**कमीशन के लिए अपना आत्मसम्मान बेच दिया : जेडीएस**

कांग्रेस के पूर्व सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) ने कन्नड़ में नंदिनी बचाओ हैशटैग के साथ एक लंबे एक्स पोस्ट में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर निशाना साधा है।जेडीएस ने सोशल मीडिया पर डीके शिवकुमार पर कमीशन के लिए अपना आत्मसम्मान बेचने का आरोप लगाया है और कहा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में वोट जीतने के लिए कांग्रेस ने नंदिनी ब्रांड का इस्तेमाल किया था। 2023 में भी गहराई थी नंदिनी बनाम अमूल डेयरी की लड़ाई बता दें कि 2023 के चुनाव के समय भी नंदिनी बनाम अमूल डेयरी की लड़ाई गहराई थी, तब कांग्रेस ने नंदिनी ब्रांड का साथ दिया था । इसकी वजह से पार्टी ने भाजपा पर आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल की थी। जेडीएस ने एक्स पर लिखा है, चुनावों से पहले डीके दावा करते थे कि कन्नड़ लोगों का आत्मसम्मान बिकाऊ नहीं है... आज उन्होंने कमीशन के लिए दूसरे राज्यों के लोगों के लिए दूध उत्पादों पर रोक लगा दी है।

# अमेरिका में दो भारतीय छात्रों को लाखों डॉलर के घोटाले में सजा, बुजुर्गों को बनाते थे निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पढ़ रहे दो भारतीय छात्रों को अलग-अलग लेकिन समान धोखाधड़ी के मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है। इन दोनों पर बुजुर्ग अमेरिकियों को धोखाधड़ी से निशाना बनाकर लाखों डॉलर का नुकसान करने का आरोप है। 20 वर्षीय किशन राजेशकुमार पटेल को, जो छात्र वीजा पर अमेरिका आया था, इस सप्ताह मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के आरोप में दोषी पाए जाने पर 63 महीने (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार, पटेल ने एक ऑनलाइन फ़िशिंग धोखाधड़ी में भाग लिया, जिसमें उसने अमेरिका के सरकारी अधिकारी बनकर वरिष्ठ नागरिकों से पैसे और सोना लूटा।

**बुजुर्ग अमेरिकियों को सरकारी अधिकारी बनकर लूटा:** न्याय विभाग ने कहा, साजिश में विभिन्न ऑनलाइन फिशिंग तरीकों का इस्तेमाल किया गया और आरोपियों ने अमेरिकी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी की। आरोपी छात्र किशन पटेल ने एक हिस्सा सह-साजिशकर्ताओं को दिया और एक प्रतिशत अपने पास रखा। जांच में पाया गया कि कम से कम 25 बुजुर्ग पीड़ितों को ठगा गया, जिससे उन्हें 2,694,156 डॉलर का नुकसान हुआ। पटेल को 24 अगस्त, 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स में गिरफ्तार किया गया था, जब वह एक पीड़ित से 130,000 डॉलर वसूलने की कोशिश कर रहा था। वह 29 अगस्त से संघीय हिरासत में है। एक अन्य आरोपी ध्रुव राजेशभाई मंगुकिया, जो भी एक भारतीय नागरिक भी हैं, ने 16 जून, 2025 को अपना अपराध स्वीकार किया और अब उसकी सजा का एलान होना है।

# पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की नजरबंदी शुरू हुई, हजारों लोग समर्थन में सड़क पर उतरे

**ब्यूनस आर्यस , एजेंसी।**
अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद छह साल घर में ही नजरबंद रहने की सजा शुरू हो गई है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति से भी पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिस्टिना के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में रैली निकाली। क्रिस्टिना फर्नांडेज साल 2004-2007 तक अर्जेंटीना की प्रथम महिला के पद पर रहीं। इसके बाद 2007 से 2015 तक दो बार अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद पर रहीं। साल 2019 से 2023 तक क्रिस्टिना अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति रहीं।

**दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति पर रहा क्रिस्टिना का दबदबा:** इस तरह क्रिस्टिना का



करीब दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति में दबदबा रहा है। आज भी क्रिस्टिना फर्नांडेज को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के विरोध का प्रमुख चेहरा माना जाता है। विभिन्न पोल्स से पता चला है कि अभी भी फर्नांडेज और उनकी पार्टी को अर्जेंटीना के 30 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है। नजरबंदी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का सबूत है।

72 वर्षीय फर्नांडीज ने अपने समर्थकों को रिकॉर्ड किए गए भाषण में कहा, हम वापस आएंगे, और, इससे भी बढ़कर, हम अधिक बुद्धिमत्ता, अधिक एकता और अधिक ताकत के साथ वापस आएंगे। 2022 में जिस मामले में क्रिस्टिना को पहली बार दोषी ठहराया गया था, उसमें पाया गया कि उन्होंने एक मित्र व्यवसायी को सार्वजनिक निर्माण अनुबंध देने में धोखाधड़ी की थी। हालांकि क्रिस्टिना ने आरोपों का खंडन किया है और अपने विरोधियों पर न्याय प्रणाली को उनके खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

**चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहीं थी क्रिस्टिनाः** अदालत के फैसले से पहले इस महीने क्रिस्टिना ब्यूनस आर्यस के प्रांतीय विधायिका का चुनाव लड़ने की योजना बना रहीं थीं। क्रिस्टिना के समर्थन में भारी भीड़ का जुटना अर्जेंटीना में तेज होते विभाजन का सबूत है। फर्नांडेज के कार्यकाल में कल्याण और सार्वजनिक रोजगार में खासी वृद्धि हुई, जिससे अर्जेंटीना में महंगाई में उछाल आया और देश भारी घाटे में चला गया। अर्जेंटीना की आर्थिक दुर्दशा ने ही मिलेई को साल 2023 में सत्ता में आने में मदद की। मिलेई महंगाई नियंत्रित करने में भी कामयाब रहे हैं।

# जापान में 24 घंटे में लगे भूकंप के दो झटके, भारत के इस राज्य में भी कांपी धरती

**टोक्यो एजेंसी ।**
आज जापान के होक्काइडो तट पर एक शक्तिशाली भूकंप आया जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया कि इसका केंद्र नेमुरो प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर 42.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 146.4 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। हालाँकि अभी तक सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है लेकिन भूकंप के जोरदार झटके लगने से इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई है।

संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार बुधवार (18 जून) को भी जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था। यह भूकंप नेमुरो से लगभग 107 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 14.9 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया था। बता दें कि जापान में भूकंप या सुनामी जैसी बड़ी प्राकृतिक आपदा आने की भविष्यवाणी की चर्चा है जिसके चलते जापान सरकार और भूकंप वैज्ञानिकों ने हाई अलर्ट जारी किया हुआ है। लोगों को किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने के आदेश दिए गए हैं। गौरतलब है कि साल 2011 में जापान में 9 तीव्रता का भूकंप आया था जिससे आई सुनामी में 15,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। जापान में भूकंप के झटकों के बीच बीती रात भारत के अरुणाचल प्रदेश में भी भूकंप महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई और इसका केंद्र पश्चिमी केमांग इलाके में धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था।

# इस्राइल से जंग के बीच ईरान में बदलाव की पुकार, पूर्व शाह के बेटे की जनता से अपील- उखाड़ फेंके खामनेई शासन

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच एक पुरानी और जानी-पहचानी आवाज फिर से गूंजी है। ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे और निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी ने अपने देशवासियों से मौजूदा इस्लामी शासन को समाप्त करने और लोकतांत्रिक बदलाव लाने की अपील की है। मंगलवार देर रात देश को संबोधित करते हुए रजा पहलवी ने कहा कि इस्लामी गणराज्य का अंत आ गया है और यह व्यवस्था अब टूट रही है। अयातुल्ला खामनेई एक डरे हुए चूहे की तरह बंकर में छिपा हुआ है और नियंत्रण खो चुका है। इतना ही नहीं पहलवी ने ईरानी जनता से राष्ट्रव्यापी विद्रोह का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ईरान को फिर से आजाद और लोकतांत्रिक रास्ते पर ले जाया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि हमें इस्लामी गणराज्य के पतन के बाद पहले 100 दिनों की योजना तैयार है। हम संक्रमणकालीन सरकार के लिए तैयार हैं और जनता द्वारा चुनी गई लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना करेंगे।

**पहलवी ने ईरानी सुरक्षा बलों से की अपील:** अपने बयान में आगे रजा पहलवी ने ईरान की सेना, सुरक्षा बलों और सरकारी कर्मचारियों से एक खास संदेश दिया। इशसके की है। उन्होंने सुरक्षाकर्मी और कर्मचारियों से अपील भी की कि वे शासन के साथ खड़े न हों और लोगों का साथ दें। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को एक गिरती हुई व्यवस्था के लिए बर्बाद न करें। जनता के साथ खड़े होकर इतिहास बनाएं।

बता दें कि पहलवी का यह बयान उस समय आया है जब इस्राइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले किए। इस हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों से पलटवार किया। माना जा रहा है कि यह क्षेत्र एक बड़े युद्ध की ओर बढ़ सकता है।

इसके साथ ही निर्वासन में रहते हुए भी कई ईरानी क्राउन प्रिंस माने जाने वाले रजा पहलवीने कहा कि हमारा भविष्य उज्जवल है। हम मिलकर इतिहास का नया अध्याय लिखेंगे। एक आज़ाद और समृद्ध ईरान हमारा इंतज़ार कर रहा है। हालांकि इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी ईरान में शासन परिवर्तन की बात कह चुके हैं। नेतन्याहू ने इसे कट्टरपंथी और तानाशाही शासन बताया, जबकि ट्रंप ने कहा कि रान जैसे




कट्टरपंथी देश के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए।

गौरतलब है कि 1979 की इस्लामी क्रांति में शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाया गया था। इसके बाद अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में ईरान इस्लामी गणराज्य बना। शाह का परिवार देश छोड़ कर विदेश में निर्वासन में चला गया। आज 45 वर्षों बाद, उनके बेटे रजा पहलवी एक बार फिर अपने देश की राजनीतिक दिशा को बदलने के लिए सामने आए हैं।

हालांकि ईरान में मौजूदा शासन को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना की पहल अब केवल विदेशी ताकतों की कोशिश नहीं रह गई है, बल्कि देश के एक पूर्व शाही वंशज की सीधी और भावुक अपील बन गई है, जो बदलाव की लहर को और तेज कर सकती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129